आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* संत रविदास जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 17 | उज्जैन, रविवार 1 फरवरी, 2026 | माघ शुक्ल पूर्णिमा संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

### संपत्ति के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक से ऋण लेने का मामला, बैंक की शिकायत पर ईओडब्ल्यू इंदौर इकाई ने की कार्रवाई

## केनरा बैंक से 40 लाख की धोखाधड़ी, व्यापारी-बैंक मैनेजर सहित 5 पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर/उज्जैन

आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो इकाई इंदौर ने संपत्ति के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर केनरा बैंक से 40 लाख का ऋण लेने वाले व्यापारी, पूर्व बैंक मैनेजर, क्रेडिट मैनेजर सहित 5 आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों ने संग मत होकर बैंक के साथ आर्थिक धोखाधड़ी की। अरोपियों के विरुद्ध धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी एवं भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018 की धारा 7 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

ईओडब्ल्यू इकाई इंदौर के अनुसार उप महाप्रबंधक, केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, 32 मैकेनिक नगर, जिला इन्दौर आनंद शिवानन्द तोतड़ ने शिकायत करते हुए बताया था कि बैंक से धोखाधड़ी की गई है। चन्द्रशेखर पचोरी पिता गोविन्द राम पचोरी, निवासी जूनी इन्दौर एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा फर्जी एवं कूट-रचित दस्तावेजों के आधार पर केनरा बैंक से रु. 40 लाख रुपये का गलत तरीके से ऋण प्राप्त कर बैंक के साथ धोखाधड़ी कर आर्थिक क्षति कारित की गई।

इस पर जांच में पाया गया कि 12अप्रेल 2018 को मेसर्स जय शिव एण्ड कम्पनी के प्रोपराइटर चन्द्रशेखर पचोरी द्वारा केनरा बैंक नंदा नगर शाखा, इन्दौर में फर्म के नाम से चालू खाता खुलवाया गया। तत्पश्चात मशीन क्रय हेतु रुपये 40 लाख का ऋण प्राप्त करने के लिए केनरा बैंक नवलखा शाखा, इन्दौर में आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें राममोहन पिता सूरजभान अग्रवाल को को-ओब्लिगेंट के रूप में शामिल किया गया। ऋण प्रकरण में बंधक संपत्ति की लीगल सर्च रिपोर्ट बैंक के पैनल अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसमें राममोहन अग्रवाल को



प्लॉट क्रमांक 277, उषा नगर एक्सटेंशन, इन्दौर (क्षेत्रफल 875 वर्गफीट) का वैध मालिक दर्शाते हुए संपत्ति को सभी प्रकार के भार से मुक्त बताया गया। तत्कालीन क्रेडिट मैनेजर कमलेश दरवानी द्वारा ऋण प्रोजेक्ट रिपोर्ट को तकनीकी एवं आर्थिक रूप से उपयुक्त मानते हुए 08 मई 2018 को ऋण स्वीकृति की सिफारिश की गई। ऋण की किस्तों का समय पर भुगतान न होने के कारण 1 मई 2023 को ऋण खाता एन.पी.ए. घोषित किया गया।

### बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत

- जांच में यह पाया गया कि बंधक संपत्ति की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट बैंक कर्मचारियों द्वारा गलत तैयार की गई तथा कोटेशन, बिल एवं को-ओब्लिगेंट की असलियत की समुचित जांच नहीं की गई।
- जांच में पाया गया कि को-ओब्लिगेंट राममोहन अग्रवाल द्वारा उक्त प्लॉट वर्ष 2000 में क्रय किया गया था, जिस पर वर्ष 2001 में 13 फ्लैट एवं 6 दुकानें निर्मित कर विक्रय की गई। फ्लैट नंबर 101 भी वर्ष 2009-10 में विक्रय किया जा चुका था। इस प्रकार ऋण स्वीकृति के समय को-ओब्लिगेंट उक्त संपत्ति का मालिक नहीं था। तत्कालीन शाखा प्रबंधक जतिन गुप्ता द्वारा प्रस्तुत ड्यू-डिलिजेंस रिपोर्ट में बहुमंजिला इमारत का उल्लेख जानबूझकर नहीं किया गया। बैंक के पैनल वैल्यूवर सुनील जैन द्वारा बहुमंजिला भवन के फोटो संलग्न किए जाने के बावजूद कूट-रचित दस्तावेजों के आधार पर ऋण पात्रता दर्शाई गई।

### इन्हें बनाया आरोपी

ईओडब्ल्यू ने अपनी जांच के उपरांत आर्थिक धोखाधड़ी के दर्ज प्रकरण में व्यापारी चन्द्रशेखर पचोरी पिता गोविन्द राम पचोरी निवासी 44-45 चन्द्रभागा मेन रोड नियर शीतला माता मंदिर जूनी इंदौर, राममोहन पिता सूरजभान अग्रवाल (को-ओब्लीगेंट),जतिन गुप्ता पिता घनश्याम दास गुप्ता निवासी गोपाल सदन ग्वालियर म.प्र. तात्कालीन शाखा प्रबंधक केनरा बैंक शाखा नंदा नगर इन्दौर, कमलेश दरवानी पिता लक्ष्मण दास दरवानी निवासी 7. मधुवन टाउनशिप रतलाम तात्कालीन क्रेडिट मैनेजर केनरा बैंक शाखा नंदा नगर इन्दौर, शांता मार्केटिंग इन्दौर के प्रोपराईटर को आरोपी बनाया गया है।

## देश विदेश

### बंगाल में एसआईआर से घुसपैठिए बाहर होंगे : शाह

**कोलकाता।** गृहमंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना में कहा कि, ममता सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। बंगाल के लोग टीएमसी को उखाड़ फेकेंगे। इनकी विदाई का समय आ गया है। ममता जी को एसआईआर का जितना विरोध करना हैं कर लें। मतदाता सूची से घुसपैठियों को निकालना ही पड़ेगा और जो बचे घुसपैठिये रह जाएंगे वो भाजपा का सीएम आकर निकाल देगा। साल 2026 टीएमसी को 'टाटा, बाय-बाय' कहने का साल है। टीएमसी तो कम्युनिस्टों से भी आगे निकल गई। जब मैं पहले आया था, तो मैंने कहा था कि पश्चिम बंगाल में भारी बहुमत से बीजेपी की सरकार बनेगी। उस समय ममता बनर्जी मेरा मजाक उड़ा रही थीं।

### कॉन्फिडेंट-ग्रुप चेयरमैन ने आईटी-रेड के दौरान गोली मारकर खुदकुशी की

**बेंगलुरु।** कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन सीजे रॉय ने सेंट्रल बेंगलुरु में रिचमंड सर्कल के पास कंपनी के ऑफिस में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, यह घटना दोपहर करीब 3.15 बजे हुई। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों से इनकम टैक्स विभाग की तलाशी चल रही थी। रॉय की सुसाइड के बाद आयकर अधिकारी रेड की प्रोसेस बीच में छोड़कर चले गए। रॉय की नेटवर्थ 9 हजार करोड़ रुपए थी। उनके पास प्राइवेट जेट और 200 से ज्यादा लग्जरी कारें थीं। इनमें से 12 रोल्स रॉयस भी शामिल हैं। मूल रूप से केरल के रहने वाले रॉय का कारोबार कर्नाटक और दुबई में फैला था। कॉन्फिडेंट ग्रुप केरल और कर्नाटक का रियल एस्टेट डेवलपर है।

### बलूचिस्तान हमले में 10 पुलिसकर्मियों की मौत

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को बलूच लिबरेशन आर्मी ने एक साथ 12 जगहों पर हमले किए। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक हमलों में कम से कम 10 सुरक्षाकर्मी की मौत हुई है। वहीं, पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में 37 लड़ाके भी मारे गए। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि बलूच विद्रोहियों ने क्वेटा, पसनी, मस्तुंग, नुश्की और ग्वादर जिले में शनिवार सुबह 12 से ज्यादा जगहों पर एक साथ हमले किए। राजधानी क्वेटा में कम से कम चार पुलिसकर्मी मारे गए। हालांकि यह साफ नहीं हो पाया कि यह चार पुलिसकर्मी उन 10 सुरक्षाकर्मियों में शामिल हैं या नहीं। क्वेटा के एक सीनियर अफसर ने यह भी बताया कि लड़ाकों ने नुश्की जिले के डिप्टी कमिश्नर का अपहरण कर लिया है।

### अजित के निधन के चौथे दिन

## पत्नी सुनेत्रा बनीं महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बन गईं। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने लोकभवन में सुनेत्रा को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह करीब 12 मिनट तक चला। शरद पवार इस समारोह में नहीं पहुंचे।



इससे पहले दिन में एनसीपी विधायक दल और विधान परिषद सदस्यों की विधान भवन में बैठक बुलाई गई थी। जिसमें सुनेत्रा को पार्टी नेता चुना गया था। डिप्टी सीएम की शपथ से पहले सुनेत्रा ने राज्यसभा के सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। अजित पवार की तीन दिन पहले 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत के बाद डिप्टी सीएम पद खाली हो गया था। पीएम ने एक्स पर लिखा, सुनेत्रा पवार जी को महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री के तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करने पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

### 26 अधिकारी-कर्मचारियों में से 24 के खिलाफ

## हाईकोर्ट ने एससी-एसटी की धाराओं में मामला दर्ज करने के आदेश दिए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ग्वालियर

एमपी हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने वाले सरकारी अधिकारियों के मामले में सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने इन 26 अधिकारी-कर्मचारियों में से 24 के खिलाफ एससी-एसटी की धाराओं में मामला दर्ज करने के आदेश दिए हैं। इनमें से 12 अफसर हैं। ये मामला पिछले साल एसटीएफ की जांच में सामने आया था। प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न भर्तियों के दौरान कुछ अभ्यर्थियों द्वारा फर्जी जाति प्रमाण पत्र लगाकर नौकरियां हासिल की गई थी। इनमें डॉक्टर, इंजीनियर आदि शामिल हैं। ये मामला आरटीआई एक्टिविस्ट गौरी शंकर राजपूत की शिकायत के बाद उजागर हुआ था। मामले की जांच एसटीएफ द्वारा शुरू की गई थी। साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर शुरूआत में एसटीएफ द्वारा इन सभी के खिलाफ जांच की गई तो पता चला कि आरोपी इन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 8 से लेकर 15 साल तक नौकरी भी कर चुके हैं।



### आगरा में भीषण हादसा

## ट्रक ने 2 ऑटो को रौंदा, जगन्नाथ पुरी से लौट रहे 6 की मौत, 3 गंभीर

एजेंसी ▸▸ आगरा

ताज नगरी में आगरा में तेज रफ्तार ट्रक ने जगन्नाथ पुरी से लौट रहीं सवारियों से भरे 2 ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे के बाद लोगों ने आरोपी ट्रक चालक को पकड़कर पिटाई कर दी।



टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ऑटो उछलकर सड़क किनारे करीब 10 फीट दूर पेड़ से टकरा गए। फिर गड्ढे में जाकर पलट गए। लोगों के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। टेंपो बुरी तरह डैमेज होकर दो हिस्स्सों में बंट गया। उनकी छत उड़ गई। बताया जा रहा है कि टेंपो सवार लोग एक ही गांव के थे। जगन्नाथ पुरी से वापस आए थे। आगरा स्टेशन से अपने गांव जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक ड्राइवर नशे में था। 100 की रफ्तार में जलेसर रोड की तरफ से लहराते हुए ट्रक आ रहा था।

### सर्दी ऐसी कि आंखों में पानी जम रहा

## उत्तराखंड के कालापानी में पारा माइनस 35 डिग्री सेल्सियस

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के उत्तरी इलाकों में एक बार फिर सर्दी लौट आई है। सुबह राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल के कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा।



उत्तर प्रदेश के 4 जिलों, मध्य प्रदेश के 5 जिलों, पंजाब के 4 जिलों, हरियाणा के 3 जिलों और राजस्थान, बिहार के एक-एक जिले में, साथ ही दिल्ली में शनिवार सुबह का तापमान 4 से 8 डिग्री के बीच रहा। हालांकि जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में आज भी बर्फबारी हुई। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में भारत, नेपाल, चीन बॉर्डर के पास तापमान माइनस 35 डिग्री रहा है। यहां सर्दी इतनी है कि कुछ देर बाहर रहने पर आंखों में पानी जम जा रहा है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## नए रोड पर 90 के दशक पूर्व की वापसी

शहर से मात्र कुछ किलोमीटर की दूरी पर एक समय में कानवाई चलती थी। उस दौर में रात के समय में कानवाई के लिए वाहनों को रोका जाता था और एक साथ एक से दो दर्जन वाहनों को एक तरफ से छोड़ा जाता था। तत्कालीन दौर में इस व्यवस्था को नीलगंगा की वर्दी ने काफी वर्षों तक अंजाम दिया है। 2016 के महाआयोजन में जहां वैचारिक कुंभ को अंजाम दिया गया था वही वह गांव था जिसके पूर्व से ही कानवाई लगाई जाती थी। इधर से नीलगंगा की वर्दी वाहनों को लेकर इंदौर जिला अंतर्गत पहले थाना की सीमा तक जाती थी और उधर से सांवेर की वर्दी इस धर्म का निर्वहन करती थी। तीन दशक पूर्व की यह स्थिति एक बार फिर से लौट आई है। उस समय तो रात में ऐसा होता था करीब तीन दशक से अधिक समय व्यतीत होने के उपरांत अब तो नए बने हाईवे पर अब तो दिन के समय में भी कमर्शियल वाहनों पर कटिंग का खतरा मंडरा रहा है। आए दिन इस हाईवे के किसी न किसी केंद्र में दिन और रात में वाहनों के कटिंग की वारदात का मामला पहुंच रहा है। इंदौर से रतलाम को जोडने वाले इस हाईवे की इस नई समस्या से निपटने के लिए वर्दी भी जतन करती देखी जा रही है। वर्दी ने हाल ही में एक साथ कई केंद्रों की शक्ति के साथ कसरत की है। खुसूर-फुसूर है कि बस समय ही व्यतीत हो रहा है अब भी हाल बहुत ज्यादा नहीं बदले हैं। अपराधियों के हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं वे पास के जिलों से आकर अपने काम को अंजाम दे रहे हैं।




## न्यूज कॉलम

### मंत्री प्रहलाद पटेल ने बाबा महाकाल के किए दर्शन



**उज्जैन।** पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपने उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने आगामी कुंभ के लिए चल रहे कार्यों और महाकाल मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना की। मंत्री प्रहलाद पटेल उज्जैन में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम के बाद वे श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर दर्शन किए और भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। पटेल ने भगवान की देहरी पर विधिवत पूजन-अर्चन किया और जल अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि महाकाल की कृपा से दर्शन का अवसर मिलता है। वर्तमान में महाकाल मंदिर की व्यवस्थाओं को देखकर प्रतीत होता है कि आने वाले कुंभ की तैयारियां भी महाकाल की कृपा से और अधिक भव्य व दिव्य होंगी। उन्होंने भगवान से इसी प्रकार की प्रार्थना की। दर्शन के बाद श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से मंत्री प्रहलाद पटेल का स्वागत-सत्कार किया गया।

### माघ पूर्णिमा पर मां चामुंडा को स्वर्ण के वर्क से होगा भव्य श्रृंगार



**उज्जैन।** माघ पूर्णिमा रविवार को मां चामुंडा को स्वर्ण के वर्क से होगा। भव्य श्रृंगार एवं मंदिर को फूलों से सजाया जाएगा। सुबह जरूरत मंद लोगों को भोजन प्रसादी का वितरण कर शाम को महाआरती कर भक्तों को हलवे की प्रसादी का वितरण किया जाएगा। यह जानकारी भक्त समिति के सयोजक पंडित शरद चौबे एवं वरिष्ट सदस्य राजेंद्र शाह के द्वारा दी गई।

### कोयला फाटक से कंठाल चौराहे पर धीमी गति से चल रहा चौड़ीकरण का कार्य, क्षेत्र वासियों की मुश्किलें बढ़ी

# नालियों का गंदा पानी सड़क पर फैला

## गंदगी व कीचड़ की वजह से मच्छर पनप रहे, लोगों का दुर्गंध से बुरा हाल, ऐसे ही हालात में क्षेत्रवासी अपना जीवन यापन करने को विवश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत शहर के कोयला फाटक से कंठाल चौराहे तक चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। लेकिन कार्य धीमी गति चल रहा है। गति धीमी होने से क्षेत्र में धूल, कीचड़ और गंदे पानी की समस्या बढ़ गई हैं। स्थानीय व्यापार ठप है, घर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है, जिससे क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है।

कोयला फाटक से निजातपुरा, नरेंद्र टाकीज व कंठाल चौराहे तक चल रहा चौड़ीकरण का कार्य काफी धीमा चल रहा है। इस कारण क्षेत्रवासियों की मुश्किलें बढ़ गई है। घर के बाहर जमा कीचड़ व गंदगी की वजह से लोगों का बाहर निकलना भी दुश्वार हो गया है। नालियों का गंदा पानी सड़क पर फैला हुआ है और कीचड़ व गंदगी से लोगों का बुराहाल है तथा गंदगी की वजह से मच्छर पनप रहे हैं और ऐसे ही माहौल में क्षेत्रवासी अपना जीवन यापन करने को मजबूर है। बताया जाता है शुरूआत से ही कार्य धीमी गति से चल रहा है। इस कारण क्षेत्रवासियों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। बाहर फैली गंदगी व कीचड़ की वजह से लोगों का सड़कों से निकलना मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों महापौर मुकेश टटवाल व निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने शहर में चल रहे चौड़ीकरण के कार्यों का निरीक्षण कर ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे।







### क्षेत्रवासियों ने कहा...

नरेंद्र टॉकीज क्षेत्र में रहने वाले विजय शर्मा ने बताया कि सड़क पर नालियों का गंदा पानी जमा हो गया है और बाहर फैली गंदगी व कीचड़ की वजह से मच्छर पनप रहे हैं तथा लोगों का दुर्गंध से बुरा हाल है साथ ही पाइपलाइन फूटी होने की वजह से नालियों का गंदा पानी घर के अंदर पहुंच रहा है।

### माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान के बाद

# राशि के अनुसार करें दान, बरसेगी महादेव की कृपा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

यदि माघ मास की पूर्णिमा पर व्यक्ति अपनी राशि के अनुसार दान करता है, तो भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन में चल रही बाधाएं धीरे-धीरे दूर होने लगती हैं। आइए जानते हैं मेष से लेकर मीन राशि तक के जातकों को इस दिन किन चीजों का दान करना चाहिए।

भगवान शिव को समर्पित माघ मास का हिंदू धर्म में बड़ा महत्व है। वेदों और पुराणों में इस मास को पुण्य फल देने वाला बताया गया है। विशेष रूप से माघ मास की पूर्णिमा तिथि पर गंगा स्नान का विधान है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव की ससुराल माने जाने वाले हरिद्वार की कुंभ नगरी में गंगा स्नान करने से व्यक्ति को समस्त पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। साथ ही कुंडली में मौजूद ग्रहों से जुड़ी परेशानियां भी समाप्त होने लगती हैं।



धार्मिक ग्रंथों के अनुसार माघ पूर्णिमा के दिन स्नान के साथ दान का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन किया गया दान कई गुना फल देने वाला माना जाता है। यदि माघ मास की पूर्णिमा पर व्यक्ति अपनी राशि के अनुसार दान करता है, तो भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन में चल रही बाधाएं धीरे-धीरे दूर होने लगती हैं। आइए जानते हैं मेष से लेकर मीन राशि तक के जातकों को इस दिन किन चीजों का दान करना चाहिए।

- मेष और वृश्चिक राशि के जातकों के लिए माघ पूर्णिमा पर लाल रंग की वस्तुओं का दान शुभ माना गया है। लाल वस्त्र, लाल मिठाई, लाल रंग के फल या अन्य सामग्री दान करने से शिव कृपा बनी रहती है और जीवन की परेशानियों का प्रभाव कम होता है।
- वृषभ और तुला राशि के जातकों को इस दिन गंगा स्नान के बाद सफेद रंग की वस्तुओं का दान करना चाहिए। सफेद वस्त्र, दूध, आटा, सफेद मिठाई, स्फटिक की माला या बर्फी दान करने से माघ मास और पूर्णिमा का पूरा फल प्राप्त होता है।
- मिथुन और कन्या राशि के जातकों के लिए हरे रंग की वस्तुओं का दान लाभकारी बताया गया है। गाय को हरा चारा, जरूरतमंदों को हरे वस्त्र, हरी मिठाई या स्कूल जाने वाली कन्याओं को पढ़ाई से जुड़ा सामान दान करने से ग्रह दोषों में कमी आती है और भगवान शिव की कृपा बनी रहती है।

# 25 राज्यों में होगा आरएसएस का मातृ संस्कार समागम, उज्जैन से शुरूआत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देश भर के 25 राज्यों के अलग-अलग शहरों में राष्ट्रीय सेवक संघ की महिला इकाई का मातृ संस्कार समागम कार्यक्रम आयोजित होगा। इसकी शुरूआत शनिवार को उज्जैन से हुई है। यहां पर मालवा प्रांत की 1200 महिलाएं एक साथ झालरिया मठ में होने वाले कार्यक्रम में शामिल हुईं। पहले दिन अलग-अलग सत्र में मातृत्व पर चर्चा हुई। अगले दिन रविवार को झालरिया मठ से निकलने वाली शोभा यात्रा में एक हजार महिला शामिल होकर महाकाल मंदिर पहुंचेगी। यहां सामूहिक शिव पंच स्त्रोत का पाठ करेंगी।

31 जनवरी और 1 फरवरी को आयोजित होने वाले मातृ संस्कार समागम कार्यकम के पहले दिन शनिवार को हरसिद्धि मंदिर के पीछे झालरिया मठ में उदघाटन सत्र में भैय्या जोशी आरएसएस कार्यकारिणी सदस्य, उषा ठाकुर विधायक, डॉ. पायल कनोडिया,रेखा खंडेलवाल, डॉ मृदुला प्रधान,डॉ वैशाली जोशी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम की संयोजिका सुनीता पाटिल ने बताया कि 25 राज्यों में होने वाले कार्यक्रम में उज्जैन को पहला मौका मिला है। कार्यक्रम में उज्जैन, इंदौर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा सहित 10 शहरों से महिला उज्जैन पहुंची हैं। यहां पर मां की दिनचर्या, वेशभूषा, भर्मण भवन में रहना जैसे विषयों पर बात होगी।

# शिक्षा का महत्वपूर्ण आभूषण : विनम्रता



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नालंदा एकेडेमी स्कूल के कक्षा बारहवी के छात्रों का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवी के छात्र, छात्राओ ने मनोरंजक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी सरस्वती के विग्रह के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर स्कूल संचालक शैलेन्द्रसिंह शक्तावत ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार राहुल शुक्ल व असिस्टेंट प्रोफेसर प्रीतीश जान का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। अपने उद्बोधन में पं राहुल शुक्ल ने कहा कि विद्या दधाति विनयम अर्थात विद्या विनम्रता व विनयशील होना सिखाती है। शिक्षा का अनमोल आभूषण विनम्रता है। सभी विद्यार्थी सफलता प्राप्त कर अच्छे पदों को सुशोभित करें पर अपने व्यक्तित्व मे विनयशीलता अवश्य रखें। इस अवसर पर मिस्टर फैयरवेल छात्र अंकित कुमार को चुना गया। प्रीतिभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आभार व्याख्याता पंड्या ने माना।



### बाबा महाकाल के दरबार में हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा

# इस बार 10 दिवसीय रहेगी शिवनवरात्र मंदिर में पर्व की तैयारियां हुई प्रारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

माघ मास शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर शनिवार सुबह भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल के दरबार में हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। इस दौरान भक्तों ने देर रात से ही लाइन में लगकर अपने ईष्ट देव बाबा महाकाल के दर्शन किए। आज बाबा महाकाल भी भक्तों को दर्शन देने के लिए सुबह 4 बजे जागे। जिनका भस्म रमाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया। भक्तों ने इन दर्शनों का लाभ लिया, जिससे पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल की गूंज से गुंजायमान हो गया।

श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर मे माघ माह शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर शुक्रवार सुबह 4 बजे भस्म आरती हुई। इस दौरान वीरभद्र जी से आज्ञा लेकर मंदिर के पट खुलते ही पण्डे पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन अर्चन किया। उसके बाद भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर पंचामृत और फलों के रस से किया गया। पूजन के दौरान प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। पुजारियों और पुरोहितों ने इस दौरान बाबा महाकाल का आकर्षक स्वरूप में श्रृंगार कर कपूर आरती के बाद बाबा महाकाल को नवीन मुकुट धारण कराया। जिसके बाद महानिवार्णी अखाड़े की ओर से भगवान महाकाल के शिवलिंग पर भस्म अर्पित की गई और फिर झांझ-मंजीरे, ढोल-नगाड़े और शंखनाद के साथ भस्मारती हुई। आज के श्रृंगार की विशेषता यह थी कि आज बाबा महाकाल का ऐसा दिव्य श्रृंगार किया गया था कि बाबा महाकाल के शिवलिंग पर एक और शिवलिंग नजर आया। आज बाबा महाकाल के दिव्य दर्शनों का लाभ हजारों भक्तों ने लिया और जय श्री महाकाल का जयघोष भी किया। मान्यता है कि भस्म अर्पित करने के बाद भगवान निराकार से साकार स्वरूप में दर्शन देते हैं।



श्री महाकालेश्वर मंदिर में शिवनवरात्रि-महाशिवरात्रि पर्व 2026 का आयोजन 6 फरवरी से 15 फरवरी 2026 (महाशिवरात्रि महापर्व) तक श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। महापर्व को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने हेतु श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रशासन द्वारा तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई हैं। पर्व की तैयारियों के अंतर्गत मंदिर के मुख्य शिखर की धुलाई, मंदिर परिसर की रंग-रोगन (पुताई), कोटितीर्थ कुंड की सफाई तथा मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की व्यापक सफाई कार्य सतत रूप से किया जा रहा है।


### ग्राम नलवा में गंभीर नदी के किनारे अच्छी संख्या में देखे गए

# उज्जैन में दुर्लभ एशियन वूली-नेक्ड स्टॉर्क पक्षी

## ऊनी गर्दन वाले सारस के रूप में पहचाने जाते हैं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रवासी पक्षियों के लिए गंभीर नदी के ग्रामीण क्षेत्रों का नया बसेरा सामने आया है। उज्जैन तहसील क्षेत्र के नलवा ग्राम में गंभीर नदी के समीप हाल ही में दुर्लभ प्रजाति के पक्षी एशियन वूली-नेक्ड स्टॉर्क देखे गए हैं। ये पक्षी पहली बार ही क्षेत्र में देखे गए हैं। इन पक्षियों का इस क्षेत्र में दिखाई देना पर्यावरण एवं जलस्त्रोतों की दिशा में सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।



दुर्लभ प्रजाति के पक्षी एशियन वूली-नेक्ड स्टॉर्क को शनिवार दोपहर को पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी दिलीप मेहता ने नलवा ग्राम के पास गंभीर नदी के हिस्से में देखा। उन्होंने मोबाइल से इनके फोटो लिए और काफी देर तक इनका अध्ययन किया। करीब एक दर्जन से ज्यादा पक्षी यहां पर देखे गए। मेहता के अनुसार ऊनी-गर्दन वाले ये सारस प्रायः स्वच्छ आर्द्रभूमि, तालाबों, नदियों के किनारे एवं कृषि क्षेत्रों में पाए जाते हैं। मछलियों, कीट-पतंगों तथा छोटे जलीय जीवों को भोजन के रूप में ग्रहण कर ये पक्षी प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेहता के अनुसार अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ द्वारा इस प्रजाति को लगभग संकटग्रस्त श्रेणी में रखा गया है। पर्यावरण प्रेमियों एवं ग्रामीणों ने इन पक्षियों की सुरक्षा तथा गंभीर नदी क्षेत्र के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया है।



सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | रविवार, 01 फरवरी, 2026 | www.awantika.com



रील के चक्कर में जानलेवा हरकत, लोगों में गुस्सा

# बाइक पर खड़े होकर युवक ने दिखाया खतरनाक स्टंट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रील के इस जमाने में आज हर कोई कूल बनने के चक्कर में किसी भी हद तक जाने को तैयार रहता है, फिर चाहे बात खतरनाक स्टंट करने की हो या फिर कोई डेरिंग भरा काम करने की, लोग बस किसी भी तरह समाज से कूल का टैग लेने के लिए जो हो सकता है, कर गुजरते हैं। हाल ही में एक ऐसा ही वीडियो सामने आ रहा है, जिसमें एक शख्स अपनी जान जोखिम में डालकर खतरनाक स्टंट करता नजर आ रहा है, जिसे देखकर आप भी दांतों तले उंगली दबा लेंगे।

वायरल हो रहे इस वीडियो में एक शख्स ट्रैफिक के बीच बाइक चलाते-चलाते अचानक से हाथ छोड़कर बाइक पर खड़ा हो जाता है और स्टंटबाजी करने लगता है। वीडियो में देखा जा सकता है कि, कैसे शख्स चलती बाइक पर दोनों पैर ऊपर कर-के बैठा जाता है और फिर धीरे-धीरे दोनों हाथ छोड़कर बाइक पर खड़ा होकर हीरोपंती करने लगता है। इस दौरान सामने से कई वाहन जाते हुए भी नजर आते है, लेकिन फिर भी उसे जरा भी डर नहीं लग रहा और वो खड़े होकर ही वाहनों के बगल से गुजर जाता है।



शख्स ने यह जानलेवा स्टंट भरा खतरा क्यों मोल लिया इस बारे में अभी किसी को कुछ पता नहीं है, लेकिन बिना सोचे समझे यह स्टंट कर दिया कि इसका अंजाम क्या हो सकता था। हैरान कर देने वाला यह वीडियो उज्जैन के देवास रोड पर आई जी कार्यालय के बाहर का बताया जा रहा है, जिसमें चलती बाइक पर शख्स को खतरनाक स्टंट करते देख जहां कुछ लोग दंग हैं। वहीं कुछ लोग इस शख्स की हरकत को देखकर सोशल मीडिया पर जमकर गुस्सा उतार रहे हैं।

वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो उस शख्स की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## पीछे आ रहे शख्स ने वीडियो बना लिया

शहर में जानलेवा स्टंट करने वाले मुख्य मार्ग को भी नहीं छोड़ रहे हैं। यह वीडियो देवास रोड पर आईजी कार्यालय के सामने का है। इसमें एक युवक चलती बाइक पर हाथ छोड़कर खड़ा हो गया। इसी तरह वह तीन बत्ती चौराहा तक वाहन चलाता रहा। इस दौरान पीछे आ रहे शख्स ने उसका वीडियो बना लिया। हालांकि वीडियो कब का है, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। मुख्य मार्ग पर इस तरह की स्टंटबाजी से अन्य लोगों के लिए खतरे का कारण बन सकती है। बावजूद इसके रील बनाने वाले बाज नहीं आते हैं।



## वीडियो को देख लोगों का फूटा गुस्सा



अक्सर देखा जाता है कि कुछ लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आते और सड़कों पर गाड़ी लेकर फर्राटे से निकल पड़ते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर यह वीडियो जमकर शेयर किया गया है। इस वीडियो पर शहरवासियों ने कैप्शन में लिखा है की अभी यमराज जी सो रहे हैं, इसीलिए बच गया, पर उज्जैन पुलिस क्या इसे देख रही हैं....?' वीडियो देख चुके एक यूजर ने लिखा, 'ऐसा करके लोग दूसरों की जान को भी खतरे में

सिंहस्थ 2028 को लेकर की समीक्षा

## केंद्रीय मंत्री वी. सोमन्ना ने लिया महाकाल का आशीर्वाद



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति मंत्री वी. सोमन्ना धार्मिक नगरी उज्जैन के प्रवास पर रहे। उन्होंने अपने दौरे की शुरूआत विश्व प्रसिद्ध भस्म आरती में सम्मिलित होकर बाबा महाकाल का दर्शन किया और देश की सुख-समृद्धि की कामना कर की। भस्म आरती के बाद केंद्रीय मंत्री सोमन्ना नलखेड़ा के बगुलामुखी धाम भी गए। यहां से लौटकर सीधे उज्जैन रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने आगामी सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखाते हुए रेलवे की ओर से किए जा रहे और भविष्य में प्रस्तावित निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। डीआरएम अश्विनी कुमार और अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारियों ने पीपीटी के माध्यम से मंत्री को बताया कि श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए स्टेशन का ढांचा किस तरह बदला जाएगा।

बैठक के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी सिंहस्थ की आवश्यकताओं को लेकर मंत्री से चर्चा की। चर्चा में मुख्य रूप से कई बिंदु शामिल रहे। पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों का फीडबैक लिया। आगामी परियोजनाओं की समय सीमा तय करने की बात कही। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालुहेडा, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, निगम सभापति कलावती यादव और वरिष्ठ नेता जगदीश पांचाल सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी व अधिकारी मौजूद रहे।

**सिंहस्थ के लिए इन 3 ब्रिज का हो रहा निर्माण**

सिंहस्थ 2028 एक विशाल आयोजन है, जिसके लिए रेलवे पूरी तरह सजग है। यात्रियों की सुगमता और आधुनिक बुनियादी ढांचे के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि उज्जैन स्टेशन पर तीन ब्रिज बनने वाले हैं। इसके साथ में लिफ्ट भी रहेगी। विक्रम नगर, चिंतामण गणेश, शिप्रा ब्रिज, नई खेड़ी, पिंगलेश्वर, पंवासा आदि अन्य स्टेशनों को भी डेवलप किया जाएगा। रेलवे ट्रैक को पब्लिक कनेक्ट से दूर करने एक बाउंड्रीवॉल बनाई जाएगी। मेला क्षेत्र के अलावा जहां पर भी सर्वाधिक भीड़भाड़ होती है, यह वॉल वहां बनाई जाएगी।

# भागीरथपुरा दूषित पानी को लेकर संसद में सवाल

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद ने सरकार से जवाब मांगा, मप्र विधानसभा में भी घेराव करेगा विपक्ष

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर की छवि पर अब संसद के भीतर सवाल उठने लगे हैं। भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई मौतों का मामला बड़ा राजनीतिक रूप ले चुका है।

कर्नाटक से राज्यसभा सांसद और कांग्रेस नेता डॉ. सैयद नासिर हुसैन ने राज्यसभा में इंदौर के स्वच्छता और जल आपूर्ति सिस्टम को लेकर सरकार से सीधे सवाल पूछे हैं। इन सवालों के जवाब सोमवार 2 फरवरी को जल शक्ति मंत्री राज्यसभा में देंगे। इससे पहले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इंदौर दौरे के समय कहा था इस मामले को हम संसद में उठाएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी इस मामले को 16 फरवरी से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में उठाने की बात कह चुके हैं। राज्यसभा सांसद डॉ. हुसैन ने पूछा है कि आखिर किन कारणों से इंदौर का स्थानीय स्वच्छता और सीवरेज सिस्टम विफल हुआ, जिससे दूषित सीवरेज का पानी पेयजल लाइनों में मिल गया। साथ ही उन्होंने यह भी सवाल उठाया है कि क्या सरकार को उन रिपोर्ट्स की जानकारी है, जिनमें जनवरी 2026 में भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से मौतें होने और बड़ी संख्या में लोगों के बीमार पड़ने की बात सामने आई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाल ही में इंदौर दौरे के दौरान कहा था कि भागीरथपुरा के दूषित पेयजल का मुद्दा संसद में उठाया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को विधानसभा में भी सरकार को घेरने के निर्देश दिए थे।



## संसद की आहट से निगम और सरकार में बेचैनी

राज्यसभा सचिवालय ने इन प्रश्नों पर जल शक्ति मंत्रालय से बिंदुवार जवाब मांगे हैं। इसके चलते शुक्रवार को इंदौर नगर निगम और प्रशासनिक महकमे में दिनभर हलचल रही। निगम को शुक्रवार शाम तक जवाब भेजने थे। यह प्रश्न राज्यसभा प्रश्न संख्या एस-1137 के तहत सूचीबद्ध किए गए हैं। मामला पहले से ही मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में विचाराधीन है, जहां प्रशासन और निगम को सख्त टिप्पणियों का सामना करना पड़ रहा है। अब संसद में सवाल उठने के बाद अधिकारी अतिरिक्त सतर्कता बरत रहे हैं। अफसरों का मानना है कि अगर जवाबों में जरा-सी भी चूक हुई तो यह मुद्दा सीधे राजनीतिक हमले का आधार बन सकता है और इंदौर की स्वच्छ शहर वाली ब्रांड इमेज को नुकसान पहुंचा सकता है।

## कार्डियक अरेस्ट: प्रजेंटेशन देते समय डॉक्टर की तबीयत बिगड़ी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में शनिवार को एक महिला डॉक्टर को कार्डियक अरेस्ट आ गया। तत्काल वहां मौजूद डॉक्टर और डेलिगेट्स ने उन्हें सीपीआर दिया और उसे अस्पताल ले गए जो उसकी सांसें भी लौटीं हैं हालांकि अभी स्थिति अच्छी नहीं है। उन्हें दूसरे प्राइवेट हॉस्पिटल में रेफर किया है। डॉक्टर का नाम श्रीन बुटोले है। वह मैंगलोर से इंटरनेशनल यूरोलॉजी कॉन्फ्रेंस में पार्टिसिपेट करने आई थीं।

## दिव्यांगों को वितरित किये गये निःशुल्क इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

कलेक्टर शिवम वर्मा के नेतृत्व एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हसानी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा इनली फाउंडेशन के सहयोग से अभिनव कला समाज गांधी हॉल में निःशुल्क इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ वितरण शिविर का आयोजन 29 एवं 30 जनवरी को किया गया। जिसमें इंदौर जिले के अलावा विभिन्न जिलों से आए दिव्यांग लाभार्थियों को निःशुल्क संख्या में 118 सिलिकान इलेक्ट्रानिक हेन्ड प्रदाय किये गये। साथ ही लाभार्थियों को कृत्रिम हाथ के सही उपयोग एवं देखभाल की जानकारी भी दी जा रही है। यह पहल दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग का सराहनीय प्रयास है।

इंदौर-उज्जैन मार्ग पर हादसा

# निमार्णाधीन ब्रिज के सरियों में दबा झारखंड का मजदूर

काफी मशक्कत के बाद निकाला शव





दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

इंदौर-उज्जैन मार्ग पर शनिवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। निमार्णाधीन ब्रिज के पिलर पर लगाये जा रहे सरियो के नीचे दबाने से मजदूर की मौत हो गई। 1 घंटे की मशक्कत के बाद गैस कटर से सरिये काटकर शव को निकाला गया।

सिंहस्थ 2028 के मध्यनजर इंदौर-उज्जैन मार्ग को सिक्स लाइन में तब्दील करने के साथ ब्रिज का निर्माण कार्य किया जा रहा है। नानाखेड़ा क्षेत्र स्थित शांति पैलेस होटल के सामने चल रहे ब्रिज निर्माण कार्य के दौरान पिलरों पर लोहे के सरियों का जाल बिछाया जा रहा है। शनिवार दोपहर पिलर पर चार से पांच मजदूर काम करने के लिए चले थे। उसी दौरान सरियों के जाल का संतुलन बिगड़ गया और एक साइड पूरी तरह से झुक गया। काम कर रहा एक मजदूर नीचे दब गया। हादसा होते ही अफरा-तफरी मच गई। मजदूर के दबने की खबर मिलते ही नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील टीम के साथ मौके पर पहुंचे। नानाखेड़ा थाना पुलिस टीम भी घटनास्थल पर आ गई थी। करीब 30 फीट की ऊंचाई पर सरियों के नीचे दबे मजदूर को निकालने के लिए मशक्कत शुरू की गई, सरियों का वजन कई टन होने पर उसे हाथों से हटाना मुश्किल हो रहा था, पुलिस ने गैस कटर की मदद से सरियों को कटवाया और करीब 50 से 60 मिनट बाद मजदूर को बाहर निकाला। मजदूर की सांस उखड़ चुकी थी तत्काल चरक अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मजदूर की जानकारी जुटाना पर सामने आया कि झारखंड का रहने वाला अशोक 35 से 40 वर्ष है। जो 15 मजदूरों के साथ पिछले पांच माह से निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहा था। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम किया गया है पोस्टमार्टम के बाद जांच शुरू की जाएगी।

## ठेका रवि इंफ्राबिल्ड प्रोजेक्ट के पास

हादसे में मजदूर के बने की खबर मिलते ही एसडीएम पवन बारिया मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने बताया कि सिक्स लेन और ब्रिज निर्माण का ठेका रवि इंफ्राबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड के पास होने की जानकारी सामने आई है। जिनके अधिकारियों को बुलाया गया है। घटनास्थल पर निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार और अधिकारी नहीं मिले हैं। अधिकारियों के आने पर जानकारी ली जाएगी। फिलहाल मजदूर को शासन की ओर से जो भी मदद मिलना है उसके प्रयास किया जा रहे हैं, वही पोस्टमार्टम के बाद शव झारखंड तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी।

**देखने वाले लोगों की लगी भीड़-** हादसे में मजदूर के दबे होने की जानकारी सामने आते ही इंदौर-उज्जैन मार्ग हादसा स्थल पर देखने वालों की भीड़ जमा हो गई थी। पहले ही मार्ग निर्माण के चलते यातायात बाधित बना हुआ है वहीं हादसे के बाद लगी भीड़ के चलते मार्ग के एक साइड पर वाहनों की कतार लगना शुरू हो गई थी।

91 नई कॉलोनियों को अगले सप्ताह से मिल जाएगी प्रॉपर्टी गाइड लाइन

# 101 कॉलोनियों का प्रस्ताव मुख्यालय भेजा था

## 02 माह बाद नई गाइड लाइन लागू होगी

## 300 से ज्यादा रजिस्ट्री अगले माह संभव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

नई गाइड लाइन (2026-2027) लागू होने के दो महीने पहले इंदौर की प्रॉपर्टी गाइड लाइन में 91 नई कॉलोनियां शामिल होंगी। इसके लिए महानिरीक्षक पंजीयन ने मंजूरी दे दी है। पंजीयन विभाग अपनी प्रक्रिया पूरी कर अगले सप्ताह से इसे लागू भी कर देगा। इसके बाद इन कॉलोनियों में प्लॉटधारक या प्रॉपर्टी लेने वाले रजिस्ट्री करवा सकेंगे।



हालांकि इंदौर पंजीयन विभाग ने 101 कॉलोनियों का प्रस्ताव दिया था, लेकिन मुख्यालय से 10 कॉलोनियों में अलग-अलग तरह की विसंगति होने से उन्हें रोक दिया है। अब इन्हें अप्रैल से लागू होने वाली नई गाइड लाइन में ही जोड़ा जा सकेगा। वरिष्ठ जिला पंजीयक डॉ. अमरेश नायडू ने बताया कि मुख्यालय से 91 कॉलोनियों की मंजूरी आ गई है। जिन 10 कॉलोनियों को छोड़ा है, उनमें लोकेशन की प्रस्तावित दरों में कुछ विसंगतियां थीं। इसलिए फिलहाल उन्हें छोड़ा गया है। मालूम हो, सितंबर में 101 कॉलोनियों का प्रस्ताव दिया था, जिसे अब मंजूरी मिली है। इन्हें शामिल करने से आम लोगों को तो फायदा होगा ही, शासन को भी राजस्व मिलेगा। इन कॉलोनियों में 300 से ज्यादा रजिस्ट्री अगले माह होने के आसार हैं।

## जिन्हें फिलहाल नहीं मिली मंजूरी

श्री कन्हैया विहार लिंबोदी, नंदमहल कॉलोनी खजराना, सिद्धि विनायक रेसीडेंसी खजराना, ट्यूलिप पार्क ब्राह्मणखेड़ी, शांति पैराडाइज लीला एस्टेट बारोली, शंकरा निकेतन बारोली, गुरुकृपा रेसीडेंसी गारीपिपल्या, शंकरा निकेतन एक्सटेंशन बारोली, तत्व ग्रीन मुकाता, वरदानिया एस्टेट मांगलिया सड़क।

**नई गाइड लाइन के लिए भी पंजीयन ने बुलाए प्रस्ताव-** वरिष्ठ जिला पंजीयक एवं संयोजक जिला मूल्यांकन समिति मंजुलता पटेल ने बताया वित्तीय वर्ष 2026-27 की गाइड लाइन तैयार करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। नई गाइड लाइन में नई लोकेशन या नई बनी कॉलोनियों को जोड़े जाने के लिए प्रस्ताव/आवेदन बुलाए हैं। इसके लिए संबंधित कॉलोनाइजर को आवेदन के साथ सभी अनुमतियों (टीएनसी नक्शा, रेरा आदि) सहित संबंधित कार्यालय वरिष्ठ जिला पंजीयक/जिला पंजीयक, इंदौर-1, 2, 3 व 4 में दे सकते हैं।

**कॉलोनियां, जिनमें अगले सप्ताह से हो सकेगी रजिस्ट्री-** बीसीएम पनास, एसएमजी हिल्स, क्लासिक मिडोस, शांति एलाइट, शांति सॉलिटेयर, पीएम एलाइट, विमल श्री हिल्स, दीप चित्रा पार्क, श्रीकृपा ग्रीन्स, प्रकृति विहार-बाल्याखेड़ी, नवरतन गोल्ड, पार्वती विहार, सार्थक स्क्वेयर, अक्ष नीम पाम, स्कॉय प्रीमियम सिटी, लीफ आइडियल, प्रणाम परिसर, बुल वेल एमिनेंस, मां गिन्नी विलास, श्रीनाथ गंगा सिटी, कृष्णा प्राइड, श्रीनाथ चंदन सिटी, श्री करणी कुंज, लीफ सिटी, ड्रीम कनक कॉरिडोर गोल्ड, श्री स्वस्तिक बिजनेस पार्क, स्काय मेगासिटी, शांति विहार एक्सटेंशन, पार्वती पार्क, सिंगापुर इंडस्ट्रियल पार्क, मंगला क्लासिक, रुद्राक्ष आनंद, धन सिटी, हीरा रेसीडेंसी एमवीएस आरंभ, वर्धमान आईरिश कॉरिडोर, अलक्षा कॉरिडोर बी, ल्यूमिनस कॉरिडोर-3 व अहाना रेसीडेंसी सहित अन्य कॉलोनियां शामिल हैं।

# अपने द्वारा पाली हुई गाय का ही गौदान करे - पण्डित शुभम दुबे

## पाण्डाल में गोवर्धन पूजा हुई व छप्पन भोग लगाया, कथा में उमड़ा जनसैलाब

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



बेटी घर का जीवन बदल देती है। लोग गिरवी रखकर भी बेटी की शादी की तैयारी करते है व बेटी की जिद पूरी करते है। आज कल के लोग घर बेठे सब्जी देने आये तो उससे भाव करते है व रेस्टोरेन्ट में उसी सब्जी के 250 रुपए देते है। गौदान, स्वर्ण दान, भूमि दान के साथ ही कन्यादान का महत्व है। भगवान कहते है कि जो दूसरे के हित की बात करता है, वह मुझे सर्वाधिक प्रिय है। यदि भगवान ने दिया है, तो लोगां का हित व भला किजिये। पहले सत्कर्म गौशाला में होते थे, अब गार्डन में होते है।

उपरोक्त विचार नारायण सा परिवार द्वारा वाणी मोहल्ले में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में पण्डित शुभम दुबे हातोद वाले ने कथा के पांचवे दिन व्यासपीठ से कही। पूज्य पण्डित जी शुभम दुबे ने आगे कहा कि द्वापर में जिसके घर गौमाता होती थी, वह सबसे धनवान माना जाता था। गौदान का महत्व समझाते हुए कहा कि अपनी पाली गाय का ही गौदान करना चाहिए। गौदान के साथ गौसेवा करो। गौसेवा तीन प्रकार की होती है गौशाला जाकर गौमाता की सेवा करे, गौरक्षा के लिए गुरूमंत्र की माला का जाप करे, गौसेवा के लिए लोगों को प्रेरित करना शुरू करे। वासुदेव, कंस व प्रभावति की कथा का भी पण्डित जी ने जिक्र किया।

मीडिया प्रभारी कृष्णकान्त बेड़िया ने बताया कि आज पाण्डाल में गोवर्धन पूजा हुई व भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। पूरे पाण्डाल को बलून से सजाया गया था। पूज्य पण्डित जी ने जैसे ही भजन च्आओ आओ सांवरिया, आगे जिमो जी, छप्पन भोग तैयार जी, तारा तापरिया मनुहार जी, जिमें आवे जिमो जी भोग लगाओ,च्च च्आनन्द उमंग भरिया, जय कन्हैयालाल कीच्, च्मच गया सोर सारी नगरी मेंच्, च्अब किसके लिए इतना कमाते हो बाबुजी, क्या याद मेरी आयेगी, मिल गये जब से नैनों से नेना, एक पल भी न आये चैनाच्, गाया पूरा पाण्डाल नृत्य व गरबा रास से झुम उठा। आज रविवार कथा का विश्राम दिवस है। कथा 2 बजे से 6 बजे तक होगी। कथा में आलीराजपुर के अलावा, महु, छोटा उदयपुर, कंवाट, बखतगढ़ नानपुर, जोबट, इन्दौर, वड़ोदरा, बोड़ेली, चन्द्रशेखर आजादनगर, पानसेमल, निवाली, कुक्षी सहित अनेक स्थानों से श्रद्धालु उपस्थित हुए। आज कथा में भारी संख्या में श्रोता उपस्थित थे। आज की दुध प्रसादी के यजमान विक्रम भाटिया व खिरन की प्रसादी के यजमान जगदीशचन्द्र कांतिलाल वाणी, सुभाष कांतिलाल वाणी, गब्बु वाणी दलाल, मुकेश वाणी व परिवार थे। आयोजक परिवार की ओर से छप्पन भोग प्रसादी बांटी गयी।

## न्यूज-कॉलम



## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नगर में चला जागरूकता अभियान

**आलीराजपुर।** पुलिस मुख्यालय क्क्ञ्चक्रद्ध भोपाल के निर्देशानुसार 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आलीराजपुर में लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। गत दिवस जिला मुख्यालय पर जिला परिवहन अधिकारी कृतिका मोहटा के नेतृत्व में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस आलीराजपुर की संयुक्त सहभागिता से एनसीसी कैडेटों को यातायात मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मानव श्रृंखला बनाई गई तथा वाहन चेकिंग के दौरान यातायात मित्रों को शामिल किया गया। इस अवसर पर वाहन चालकों को आवश्यक दस्तावेजों, उनकी अनुपस्थिति में चालानी एवं कानूनी कार्यवाही की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण उपरांत आलीराजपुरझ्रदाहोद रोड पर यातायात मित्रों को प्रायोगिक रूप से वाहन चेकिंग के गुर सिखाए गए तथा यातायात को सुगम बनाने के तरीके समझाए गए। साथ ही शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात मित्रों के साथ मिलकर आवागमन को सुव्यवस्थित कराया गया।

## डॉ.मोनिया सिंह यादव को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया



**नेपानगर।** नेपानगर निवासी डॉ.मोनिया मोहिंदर सिंह यादव को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के साथ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया है। उज्जैन राजा विक्रम विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी से दी गई इस उपाधि पर परिवार और नगर वासियो ने बधाई दी है। डॉ.मोनिया मोहिंदर सिंह यादव नेपा लिमिटेड में कार्यरत हैं और उन्होंने कार्य के साथ ही पीएचडी की उपाधि हासिल की है। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए नेपा लिमिटेड के उच्च अधिकारियों द्वारा गणतंत्र दिवस पर उन्हें सम्मानित भी किया गया है।

## गांधी विचारधारा मौजूदा समय में अधिक प्रासंगिक- सुभाष नागौरी

**खण्डवा।** गांधी स्मारक निर्माण समिति द्वारा रायचंद नागडा शाला परिसर में गांधी पुण्यतिथि के अवसर पर प्रार्थना सभा, श्रद्धांजलि का आयोजन वरिष्ठ अधिवक्ता, गांधी विचारक सुभाष नागौरी के मुख्य आतिथ्य में हुआ । प्रारंभ में अतिथियों द्वारा गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि, दीप प्रज्जवल कर सभा आरंभ हुई। गांधी स्मारक निर्माण समिति अध्यक्ष डॉ. मुनीश मिश्रा ने कहा कि गांधी विचारधारा आज भी प्रासंगिक है। गांधी विचार नहीं दर्शन है। मुख्य अतिथि गांधी विचारक सुभाष नागौरी ने कहा कि महात्मा गांधी आजादी के महानायक और एक ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने देश को अंग्रेजा से आजाद करवाने के लिए कठोर संघर्ष किए और अपना पूरा जीवन राष्ट्र के हित के लिए समर्पित कर दिया।

## अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत सेक्टर स्तरीय सम्मेलन का आयोजन



**उज्जैन।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड घट्टिया के सेक्टर एवं ग्राम बिछड़ोद में सेक्टर स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक श्री जय दीक्षित ने अभियान की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि श्री मुकेश चांदना का पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने,17 वर्षों से देश की सेवा करने वाले भूतपूर्व सैनिक श्री सरदार सिंह चौहान 32 वर्षों से निरंतर आंगनवाड़ी में कार्य कर रही श्रीमती मधुकांता बैरागी, गांव के मंदिर में प्रतिदिन तबला वादन करने वाले वादक श्री भगीरथ, गांव में पिछले २ वर्षों से निरंतर प्रभात फेरी निकालने वाले श्री मोहन लाल मिस्त्री, श्री शिव नारायण वर्मा एवं आयुष विभाग की श्रीमती रानी रायपुरिया का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही अभियान अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ईश्वर शर्मा, नवांकुर संस्था के अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्र द्विवेदी, कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती ऋतु सोलंकी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष श्री निलेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र

**उज्जैन।** म.प्र. राज्य सेवा परीक्षा 2026 में शासकीय सेवा में चयन के लिए आयोजित होने वाली आगामी प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र उम्मीदवारों के लिए निशुल्क मॉक टेस्ट 11 फरवरी को आयोजित किए जा रहे है।निशुल्क मॉक टेस्ट में सम्मिलित होने के इच्छुक योग्य अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ 6 फरवरी तक कार्यालयीन समय में पंजीयन शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र उज्जैन संभाग, उज्जैन सांवेर रोड, दीनदयाल कॉम्प्लेक्स के पीछे गांधी नगर, उज्जैन में करा सकते हैं।

## कलाल समाज की युवा समिति का गठन

**खंडवा।** सूर्यवंशी हैहय क्षत्रिय कलचुरी कलाल समाज सेवा समिति द्वारा युवा जिला समिति का गठन किया गया है। जिला प्रवक्ता आशीष जायसवाल ने बताया सेवा समिति समाज को सशक्तिकरण और एकत्रिकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है. जिला अध्यक्ष दिनेश चौकसे एवं जिला स्थानीय अध्यक्ष डॉ. जेपी मालवीय की अनुशंसा पर गौरव गौर को जिला युवा अध्यक्ष, शुभम आर्य को जिला युवा उपाध्यक्ष एवं वेदांत जायसवाल को जिला युवा सचिव मनोनीत किया गया है। युवा समिति के गठन पर सभी ने बधाई दी।

# रहवासी क्षेत्र के सामने अवैध व्यापार एवं शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



समीप ग्राम पिपलिया जोधा में शासकीय स्कूल के सामने रहवासी क्षेत्र के सामने अवैध व्यापार एवं शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा हाडा डेरे को गांव से दूर करने शराब दुकान को बंद करने की मांग को लेकर एवं पुलिस सहायता केंद्र स्थापित करने की मांग को लेकर करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन एवं रैली निकालकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया।

शुक्रवार को पिपलिया जोधा ग्राम में करणी सेना प्रमुख शेरपुर के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों के साथ ग्राम की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों के हाथों में तख्क्तियां लेकर पैदल गांव से मानन खेडा पुलिस चौकी तक पहुंचे जहां पहले धेराव किया गया ।रास्ते भर ग्रामीण विभिन्न नारे लगाते हुए चल रहे थे ।

उल्लेखनीय है कि 18 जनवरी की रात को पिपलिया जोधा में बांछडा बस्ती में आए युवकों को भगाने पर विवाद की स्थिति बनी और डेरे के लोगों ने ग्रामीणों पर पथराव कर दिया इसमें कई ग्रामीण ग्रामीण घायल हो गए। उक्त घटना को गंभीर अपराध में पंजीकृत कर आरोपियों को चिन्हित किया जावे। ग्राम पंचायत द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरे को सक्रिय किया जावे तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कैमरे लगाए जावे ।

शेरपुर ने कहा कि यदि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों के साथ पुनः आंदोलन किया जावेगा।

# जी राम जी अधिनियम 2025) पर एक विशेष सम्मेलन का आयोजन किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग




बाग भाजपा मंडल ने शनिवार को "विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन" (जी राम जी अधिनियम 2025) पर एक विशेष सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं और आमजन को केंद्र सरकार की इस नई रोजगार गारंटी योजना की बारीकियों से अवगत कराना था। सम्मेलन के मुख्य वक्ता पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी और भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष राकेश मोटसरा ने बताया कि नए अधिनियम के तहत अब रोजगार की अवधि को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने इस योजना के लिए बजट बढ़ाकर 88 हजार करोड़ रुपए कर दिया है, जिसे राज्यों को आवंटित भी किया जा चुका है।

वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि नई योजना में पारदर्शिता के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया गया है। अब बायोमेट्रिक उपस्थिति, जियो टैगिंग और लाइव डैशबोर्ड के माध्यम से काम की निगरानी की जाएगी, जिससे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर लगाम लगेगी।

खास बात यह है कि अब योजनाएं दिल्ली या भोपाल के दफ्तरों में नहीं, बल्कि ग्रामीण स्तर की आवश्यकताओं के अनुसार गांव में ही तैयार की जाएंगी।भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस योजना के फायदों को लेकर ग्रामीणों के बीच जाएं और उन्हें किसी भी तरह के भ्रम से बचाएं। उन्होंने कहा कि १२५ दिनों का तय रोजगार मिलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

# ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि रथ भ्रमण कर उन्नत खेती की जानकारी दी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत किसानों को आधुनिक खेती सरकारी योजनाओ से जोड़ने के लिए बाग विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रो में कृषि रथ भ्रमण कर उन्नत खेती की जानकारी दी जा रही है । मध्यप्रदेश शासन द्वारा कृषक कल्याण कार्यक्रम 2026 को समृद्ध किसान समृध्द प्रदेश के रुप में मनाने हेतु यह रथ गांव गांव भेजा जा रहा जिससे किसानों को उन्नत खेती करना सिखाया और बताया जा रहा है उसी तारतम्य में गुरुवार को कृषि रथ बाग पंचायत में भ्रमण किया जनपद सभा कक्ष में किसानों को खेती के बारे मे विशेष जानकारी देते कार्यक्रम को प्रारंभ किया ।

जिसमे कृषि विज्ञान केन्द्र मनावर के वरिष्ठ वैज्ञानिक मृदा विज्ञान के डाक्टर नरेश कुमार गुप्ता ने कृषको को प्राकृतिक खेती के साथ किसान अपने घर पर जैविक दवाई बनाकर रोग एवं किट नियंत्रण की जानकारी दी । गयी साथ ही साथ ही यूरिया खाद को कम उपयोग करने की सलाह दी गई। और उसकी जगह नैनो यूरिया और नैनो डी,एपी,के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी अनुभाग कुक्षी श्री मनोज चौहान सर द्वारा आगामी खरीफ सीजन में यूरिया सुपर डीएपी रासायनिक खादो का वितरण ई-टोकन वितरण प्रणाली के माध्यम से किसानों को प्राप्त होगा साथ ही किसानों को खेती की मिटटी की जांच निशुल्क की जावेगी। व फसल विविधीकरण के साथ मिश्रित खेती को बढ़ावा दिया जाना है । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना कृषि यंत्र अनुदान के बारे में भी विस्तार पूर्वक किसानों को बताया ताकी किसान इन योजनाओं का लाभ आसानी से ले सके । उक्त कार्यक्रम में सरपंच धर्मेन्द्र बामनिया भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया कृषि विभाग का समस्त स्टाफ सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहै । कार्यक्रम का अंत में अभार वरिष्ठ कृषि विभाग अधिकारी मेहताब चौहान ने माना ।

## पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की पुण्यतिथि पर किया नमन

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की माटी के लाल, स्वतंत्रता सेनानी, कवि, लेखक और पत्रकार श्रद्धेय माखनलाल चतुर्वेदी की कृतियां राष्ट्र सेवा, समाज के नवनिर्माण और लोक कल्याण की प्रेरणा स्त्रोत हैं। श्रद्धेय चतुर्वेदी ने साहित्य व पत्रकारिता को नई दिशा दी। अपने प्रखर विचारों लिए वे अविस्मरणीय रहेंगे।

# समृद्ध किसान एवं समृद्ध प्रदेश की थीम पर मोटर सायकिल रैली निकाली




**उज्जैन।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा समृद्ध किसान एवं समृद्ध प्रदेश के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। इसी तारतम्य शुक्रवार, 30 जनवरी को कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर श्री अत्येन्द्र गुर्जर ने किसान मोटर सायकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कार्यालय उप संचालक कृषि से शुरू होकर कोठी परिसर, कालिदास अकादमी, शहीद पार्क, टॉवर चौराहा, चामुण्डा माता चौराहा होते हुए कृषि उपज मण्डी उज्जैन तक समृद्ध किसान एवं समृद्ध प्रदेश की थीम का संदेश देते हुए निकाली गई।किसान मोटर सायकिल रैली के माध्यम से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, नरवाई प्रबंधन के उपाय, संतुलित खाद्य उर्वरक के उपयोग, खेती की नवीन एवं उन्नत तकनीकी के उपयोग, उर्वरक वितरण के लिए ई-टोकन व्यवस्था, सिंचाई में पानी की बचत करने के लिए स्प्रिंकलर एवं ड्रिप से सिंचाई करना एवं मोटर सायकिल चलाते समय हेलमेट पहनना एवं कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाने संबंधी संदेश दिए गए। रैली का समापन कृषि उपज मण्डी उज्जैन में हुआ।इस अवसर पर कृषि विभाग के समस्त कार्यालय प्रमुख, मैदानी अधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए किसान भाईयों ने सहभागिता की।

# एसपी द्वारा जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों की पुलिस कंट्रोल रूम मे ली गई अपराध समीक्षा बैठक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

उप पुलिस महानिरीक्षक खंडवा/पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय द्वारा दिनांक 31 जनवरी को पुलिस कंट्रोल रूम मे जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों की उपस्थिति मे जिले के शेष लंबित अपराधों की समीक्षा हेतु वर्ष 2026 की पहली बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक मे जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारणेकर, प्रशिक्षु आईपीएस श्री अमित कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव बारंगे, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अनिल सिंह चौहान, एसडीओपी मूँदी श्री मनोहर गवली, एसडीओपी हरसूद श्री लोकेश सिंह ठाकुर एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री अनिल कुमार राय सहित जिले के समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा जिले के लंबित अपराधों की समीक्षा करते हुए थानों मे लंबित अपराध, चालान व मर्ग के शीघ्र निराकरण वर्षांत से पहले करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिये। थाने के माल खानों मे रखे माल का साल खत्म होने से पहले निराकरण किए जाने निर्देश दिए गए है। थाने के समंस शत प्रतिशत एवं गिरफ़्तारी वारंट 90 प्रतिशत से ऊपर तामिली के निर्देश दिए गये। संपत्ति संबंधी अपराधों मे अधिक से अधिक पतारसी कर माल मशरुका की बरामदगी हेतु निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को जप्त शुदा वाहनों, जप्ती माल के निराकरण व लंबित खात्मा खारजी के प्रकरणों का न्यायालय से निराकरण समय सीमा मे कराए जाने के निर्देश दिए गये7 पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा थाना क्षेत्रों मे संवेदनशील एवं भीड़ वाले स्थानों मे शाम को पैदल भ्रमण कर गुंडे एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्प लाइन, जनसुनवाई, लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण हेतु बताया गया7

पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा में 30 जनवरी ॅको विगत माह मे थाना एवं कायार्लीन स्तर पर अपने-अपने क्षेत्रों मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 38 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को उप पुलिस महानिरीक्षक खंडवा/पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय द्वारा पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। थाना प्रभारी मोघट रोड निरीक्षक धीरेश धारवाल को उत्कृष्ट थाना प्रबंधन हेतु, थाना प्रभारी पिपलोद निरीक्षक सुरेन्द्रनाथ पाण्डेय को गंभीर अपराधों में त्वरित कार्यवाही कर निराकरण हेतु, थाना प्रभारी हरसूद निरीक्षक राजकुमार राठौर अज्ञात हत्या के प्रकरण में निराकरण किया।

# खेलों एमपी यूथ गेम्स के दूसरे दिन राज्य स्तरीय कुश्ती एवं मलखंब प्रतियोगिता का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन



खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा आयोजित 'खेलों एमपी यूथ गेम्स' के तहत 28 से 31 जनवरी तक जिले में राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन राजमाता सिंधिया स्टेडियम, नानाखेड़ा पर एवं मलखंब प्रतियोगिता का आयोजन लोक मान्य तिलक स्कूल पर किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन २९ जनवरी को कुश्ती एवं मलखंब खिलाड़ियों ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, सचिव जिला कुश्ती संघ श्री सुरेन्द्र यादव, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्री ओ.पी. हरोड़, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, मंदसौर श्री विजेन्द्र देवड़ा, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, शाजापुर श्री रवींद्र हार्डिया, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, रतलाम श्रीमती रूचि शर्मा द्वारा विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को मेडल वितरित किए गए।

कार्यक्रम में विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा ने उद्बोधन में कहा कि प्रतियोगिता में आए सभी खिलाड़ियों, निर्णायक, कोच आदि के लिए खेल विभाग द्वारा बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है। प्रतियोगियों के परिणामकुश्ती :-बालक- 61 के.जी. (फ्री स्टाईल)(1) आयुष जबलपुर, गोल्ड मेडल(2) कमल उज्जैन, सिल्वर मेडल(3) ओम ठाकुर बुरहानपुर, ब्रॉन्ज मेडल(4) दिव्यांश भोपाल, ब्रॉन्ज मेडल बालक- ७९ के.जी. (फ्री स्टाईल) (1) हर्ष नर्मदापुरम, गोल्ड मेडल(2) आर्यन सागर, सिल्वर मेडल(3) अरमान कुरैशी रतलाम, ब्रांस मेडल(4) अफसान,उज्जैन, ब्रांस मेडल बालक- 97 के.जी. (फ्री स्टाईल) (1) राजकुमार भिंड, गोल्ड मेडल(2) कुणाल इन्दौर, सिल्वर मेडल(3) पीयूष नर्मदापुरम, ब्रांस मेडल(4) हर्षित पाल खण्डवा, ब्रांस मेडल बालक 60 के.जी.(ग्रीक रोमन) (1) गोपाल इन्दौर, गोल्ड मेडल(2) वेद प्रकाश उज्जैन,सिल्वर मेडल(3) लखन गुना ब्रांस मेडल(4) प्रेम भाट नर्मदापुरम, ब्रांस मेडल बालक- 67 के.जी.(ग्रीक रोमन) (1) हिमांशु इन्दौर, गोल्ड मेडल(2) हर्ष यादव जबलपुर, सिल्वर मेडल(3) रोशन उज्जैन, ब्रांस मेडल(4) आमेष यादव खण्डवा, ब्रास मेडल बालक 82 के.जी.(ग्रीक रोमन) (1) आशुतोष इन्दौर, गोल्ड मेडल(2) विनय राठौर उज्जैन, सिल्वर मेडल(3) रौनक यादव भिंड, ब्रांस मेडल(4) दक्ष सिवनी, ब्रांस मेडल मलखंभ प्रतियोगिता के परिणाम मलखंभ प्रतियोगिता में बालक टीमों की प्रतियोगिता में उज्जैन जिले की टीम को गोल्ड मेडल, भोपाल जिले को सिल्वर मेडल और शाजापुर जिले को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ। वही बालकों की प्रतियोगिता में देवास जिले के देवेंद्र पाटीदार को सिल्वर मेडल, भोपाल जिले के युवराज को सिल्वर मेडल और शाजापुर जिले के नीरज को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ।खेलों एमपी यूथ गेम्स के दूसरे दिन राज्य स्तरीय कुश्ती एवं मलखंब प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## खास न्यूज

## बिस्तरों की आड में सोती मिली 5 साल की बालिका



**उज्जैन।** ग्राम खरसौदकला में शनिवार को उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब गांव में रहने वाला असलम शाह पिता अजीज भाटपचलाना थाने पहुंचा और बताया कि उसकी 5 साल की बेटी रहनुमा मंडी प्रांगण में बच्चों के साथ खेलने गई थी, जो दोपहर 2 बजे से लापता है। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने मासूम के लापता होने पर तत्काल टीम के साथ सर्चिंग शुरू की। एसडीओपी आकांक्षा बिछोटे भी बालिका के लापता की जानकारी मिलते ही भाटपचलाना के लिये रवाना हो गई। पुलिस ने मंडी प्रांगण और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें बालिका कहीं दिखाई नहीं दी। गांव में सभी जगह तलाश करने के बाद थाना प्रभारी टीम के साथ असलम शाह के घर पहुंचे। उन्होने घर में और आसपास तलाश शुरू की। इस दौरान बालिका घर में बिस्तरों की आड में सोती हुई मिली। बालिका के घर में सकुशल मिलने पर पुलिस ने परिजनों को सौंपा। थाना प्रभारी के अनुसार परिवार गरीब तबके है, बालिका के मिलने पर उनकी आंखों में आंसू आ गये थे। वहीं आसपास के लोग भी बालिका की तलाश में निकल पडे थे।

## बाइक सवारों को कार ने मारी टक्कर, 1 की मौत

**उज्जैन।** नागदा-जलोदिया मार्ग पर शुक्रवार-शनिवार रात बाइक सवारों को सामने से आई कार ने टक्कर मार दी। बाइक पर ग्राम जलोदिया का रहने वाला उमराव पिता बापूसिंह उसका दोस्त प्रहलाद और मांगीलाल सवार थे। तीनों के घायल होने पर उन्हे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। हालत गंभीर होने पर परिजन निजी अस्पतल लेकर पहुंचे। जहां रात में उमराव की मौत हो गई। सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि उमराव ईट भट्टे पर काम करता था और काम खत्म होने पर दोस्तों के साथ घर लौट रहा था। दोनों दोस्तों का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। माधवनगर थाना प्रधान आरक्षक सियाराम भदौरिया के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। मर्ग डायरी जांच के लिये नागदा थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

## दूधतलाई से मिले बीमार वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**उज्जैन।** देवासगेट थाना क्षेत्र के दूध तलाई से 29 जनवरी को बीमार हालत में एक वृद्ध मिला था। जिसे पुलिस ने उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया था। 2 दिन बाद शनिवार दोपहर को वृद्ध की मौत हो गई। प्रधान आरक्षक अवधेश प्रताप ने बताया कि मृतक 50 साल के लगभग है, जो हुलिये से भिक्षुक प्रतीत हो रहा है। उसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं है। मामले में मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। रविवार दोपहर तक परिजनों का पता नही मिलने पर शव का पोस्टमार्टम कराकर दफनाने की प्रक्रिया की जायेगी।

## दौंड-इंदौर एक्सप्रेस बदमाशों ने चुराया यात्री का बेग

**उज्जैन।** ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले बदमाशों की मौजूदगी लगातार सामने आ रही है। इस बार दौंड-इंदौर एक्सप्रेस में सूरत के यात्री का बेग चोरी होना सामने आया है। जीआरपी ने बताया कि सूरत से इंदौर की यात्रा कर रहे रिची रिचर्डसन ट्रेन के एची कोच पी-4 में सवार थे। रात में उनकी नींद लग गई। देवास से ट्रेन उज्जेन के लिये रवाना हुई, उस दौरान उनकी आंख खुली तो बेग गायब था। जिसमें लेपटॉप और आईपेड रखा हुआ था। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचने पर रिची रिचर्डसन ने बेग चोरी होने की शिकायत थाने आकर दर्ज कराई। चोरी गये सामान की कीमत 1.24 लाख रूपये बताई गई है।

## स्कूल में शराब का सेवन

**उज्जैन।** खाचरौद थाना क्षेत्र के सांदीपनी स्कूल ग्राउंड में दिनदहाडे सीढियों के पास बैठ कुछ लोगों द्वारा शराब का सेवन किया जा रहा था। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस पहुंची और घेराबंदी कर पांच लोगों को हिरासत में लिया। जिनके पास से शराब की बोतल और ग्लिास जप्त किये गये। पांचों के खिलाफ सार्वजनिक स्थान शराब पीने पर आबकारी अधिनियम की धारा 36 बी का प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस अनुसार पांचों आरोपी क्षेत्र के रहने वाले है।

### चोरी का एक आरोपी रिमांड पर, तीन बदमाशों की तलाश ...

# कॉपर केबल का सौदा कर बदमाश तक पहुंची पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सोलर प्लांट में लगी 12 सौ मीटर कॉपर केबल चोरी के मामले में बदमाशों का पता लगाया और गिरफ्तार करने के लिये सौदेबाजी का जाल बिछाया। पुलिस की चालकी में एक बदमाश फंस गया। जिसकी निशानदेही पर 46 हजार रूपये कीमत की कॉपर केबल बरामद की गई है। बदमाश के तीन साथी फरार है, जिनकी तलाश जारी है।

माकडोन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि पिछले दिनों ग्राम कडोदिया पहा?ी बने लगे सोलर प्लांट की 12 सौ मीटर कॉपर केबल चोरी होने का मामला सामने आया था। प्लांट इंचार्ज सतीश द्वारा अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले में प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश के लिये एसआई हुकुमसिंह सोलंकी, आरक्षक राजेन्द्रसिंह, सैनिक मांगीलाल, राहुल और बहादूर की टीम बनाई गई। मुखबीर तंत्र को अलर्ट किया गया। इस दौरान सुराग मिला कि ग्राम कडोदिया के चार बदमाश केबल बेचने की फिराक में है। जिनकी धरपक? के लिये जाल बिछाया गया और 500 रूपये किलो में बिकने वाली कॉपर केबल का सौदा 700 सौ रूपये में करने की बात फैलाई गई। जिसमें एक बदमाश फंस गया। जिसे हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो अमीन पिता फकीर मोहम्मद निवासी करोदिया ने अपने तीन साथी देवेन्द्र, बलवंत और समीर के साथ मिलकर चोरी करना कबूल कर लिया। हिरासत में आये अमीन से चोरी की गई 12 सौ मीटर केबल 46 हजार रूपये कीमत की बरामद की गई। शनिवार दोपहर आरोपी को न्यायालय में पेशकर रिमांड पर लिया गया है। जिससे फरार तीन साथियों की जानकारी जुटाकर अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।





### ढांचा भवन में चोरी, मामला संदिग्ध

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में चोरी का संदिग्ध मामला सामने आया है। किराये से रहने वाले परिवार के मकान से आभूषण और नगदी चोरी होने पर परिवार ने वृद्ध महिला मकान मालिक पर ही आरोप लगाया। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि जांच के दौरान मकान में कुंडी लगी होना सामने नहीं आया। परिवार ने बुजुर्ग महिला मकान पर आरोप लगाया तो उन्हे बुलाकर पूछताछ की गई। इस दौरान सामने आया कि दोनों पति-पत्नी में रकम बेचने की बात पर विवाद हो रहा था। फिलहाल चोरी की घटना संदिग्ध नजर आ रही है। जांच के बाद मामले को स्पष्ट किया जायेगा।

### मजदूरी की आड में रखी थी नजर

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ के दौरान गिरफ्त में आये बदमाश ने बताया कि वह पहा?ी पर मजदूरी के लिये जाते थे, सोलर प्लांट में भी काम किया था, इस दौरान नजर रखी थी। प्लांट में कॉपर की केबल लगी हुई थी। जो काफी मंहगे भाव में बिकती है। नजर रखने के दौरान उन्होने केबल के पाइंट भी देख लिये थे। पूरी जानकारी के बाद चारों ने मिलकर रात के अंधेरे में वारदात को अंजाम दिया था।

# सात थानों की पुलिस ने रात को गरोठ हाइवे पर की पेट्रोलिंग

### लूटपाट के स्थान किये चिन्हित, अब बनेगें चैकिंग पाइंट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



जिले की 60 किलोमीटर लम्बी सीमा से गुजर रहे गरोठ हाइवे ब्रिज पर रात के समय होने वाली लूटपाट और ट्रक कटिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने पुलिस ने अब मैदान संभाल लिया है। शुक्रवार-शनिवार रात सात थानों की पुलिस ने पेट्रोलिंग की। वारदात स्थलों को चिन्हित किया गया।

गरोठ हाइवे ब्रिज की शुरूआत होने के बाद से जिले की सीमा में लगातार ट्रक कटिंग और लूटपाट की वारदात होना सामने आ रहा है। अंधेरा होने के बाद बदमाशों द्वारा एक शहर से दूसरे शहर को जाने वाले वाहनों से सामान चोरी कर लिया जाता है। चार पहिया वाहनों में सवार लोगों से लूटपाट की जाती है। गरोठ हाइवे पर बढती वारदातों को देखते ही शुक्रवार-शनिवार रात एएसपी गुरूप्रसाद पाराशर, आलोक शर्मा ने चिमनगंज, पंवासा, नागझिरी, भैरवगढ, पानबिहार चौकी, राघवी और झारडा थाना प्रभारियों के साथ पुलिस टीम को पानबिहार चौकी क्षेत्र से गुजर रहे हाइवे ब्रिज पर बुलाया। सभी थाना प्रभारियों ने दोनों वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 55 से 60 किलोमीटर लम्बे ब्रिज पर पेट्रोलिंग की और पता लगाया कि कहां सबसे अधिक वारदात हो रही है। बदमाश किस रास्ते से आते होगें और किस रास्ते से भागते है। सभी स्थानों को चिन्हित किया गया और चैकिंग पाइंट बनाने के निर्देश जारी किये। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि अपने सीमा से गुजर रहे हाइवे ब्रिज पर लगातार रात्रि में गश्त की जायेगी। गश्त टीमें अपनी सीमा के हाइवे से दूसरे थाने की सीमा के हाइवे तक पहुंचेगें। बदमाशों का मूवमेंट दिखाई देने पर तत्काल आसपास के थानों की गश्त टीम को अलर्ट कर घेराबंदी की जायेगी। ताकि वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके।

**वारदात के बाद परेशान होते है चालक**

गौरतबल हो कि बदमाशों द्वारा अधिकांश वारदाते ट्रक और कंटेनर चालको के साथ की जाती है। बदमाश बाइकों पर सवार होकर आते है और चलते ट्रकों-कंटेनरों का लॉक तोडकर सामान चोरी करते है। चलते वाहन ने होने वाली वारदात के बाद चालक को पता चलता है तो उसे एक थाने से दूसरे थाने शिकायत दर्ज कराने के लिये भटकना पडता है। पुलिस द्वारा शुरू की गई गश्त और पेट्रोलिंग के बाद जहां वारदातों पर अंकुश लगेगा, वहीं चालकों को चैकिंग पाइंट पर ही शिकायत दर्ज कराने में सुविधा मिल सकेगी।

# साधू ने उठाया था आभूषण और नगदी से भरा बेग

### कैमरों की मदद से पुलिस ने तलाश कर लौटाया

**उज्जैन।** ज्वेलर्स की दुकान संचालित करने वाले व्यापारी का आभूषण और नगदी रखा बेग गुरूवार शाम गिर गया था। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। बेग साधु की वेशभूषा पहने बाबा के पास दिखाई दिया। जिसे खोजकर बेग बरमाद किया गया है।



खाराकुआं थाना क्षेत्र में रहने वाले परिवार द्वारा ज्वेलर्स दुकान का संचालन किया जाता है। गुरूवार को पोती का जन्मदिन होने पर व्यापारी गार्डन जाने के लिये घर से जुपिटर गाड ी पर सवार होकर निकले थे। घर से निकलते वक्त उनका बेग गिर गया। जिसमें 45 हजार रूपये नगद और परिवार के 200 ग्राम वजनी सोने के आभूषण रखे थे। बेग गिरने का पता चलते ही परिवार ने मामले की जानकारी खाराकुआ थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। इस दौरान साधु की वेशभूषा धारण किये बाबा दिखाई दिया। जिसके पास उक्त बेग नजर आ गया। जिसकी तलाश शुरू की गई और शनिवार को बाबा को खोज निकाला गया। जिसके पास से उक्त बेग बरामद किया गया। जिसमें आभूषणों के साथ 45 हजार रूपये मिल गये। सीएसपी राहुल देशमुख ने बताया कि उक्त बेग मिलने पर संबंधित व्यक्ति को लौटा दिया गया है। बेग में रखे आभूषण और नगद राशि की कुल कीमत 30 लाख के लगभग होना सामने आई है। बेग में महत्वपूर्ण दस्तावेज भी रखे थे, जो सुरक्षित मिले है। बााब से पूछताछ में सामने आया कि उन्हे रास्ते में बेग प?ा मिला था। सीएसपी के अनुसार पुलिस टीम की सतर्कता, निरंतर प्रयास और पेशेवर कार्यप्रणाली के परिणामस्वरूप डाबरी पीठा क्षेत्र से गुम हुआ बैग सुरक्षित अवस्था में बरामद किया गया। बेग को तलाशने में खाराकुआ थाना पुलिस टीम की तत्पराता, कर्तव्यनिष्ठा और आमजन के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण होना सामने आया है। पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और समस्याओं के समाधान के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है।

## संभागीय जनसंपर्क अधिकारी श्री राठौर को मातृ शोक



**उज्जैन।** संभागीय जनसंपर्क अधिकारी उज्जैन अरूण राठौर की माता जी श्रीमती उमादेवी पति स्वर्गीय महेश कुमार जी राठौर का गुरूवार रात को उनके पैतृक निवास सिहोर में 74 वर्ष की उम्र में हृदयाघात से निधन हो गया । शुक्रवार को उनकी अंतिम यात्रा घर से ही निकाली गई एवं सिहौर श्मसान पर उनका अंतिम संस्कार विधि विधान से उनके पुत्रों अरूण राठौर एवं उनके भ्राता आशीष राठौर ने किया । शुक्रवार पूर्वान्ह सिहौर स्थित निवास से श्रीमती राठौर की अंतिम यात्रा परिजनों ने निकाली। इसमें प्रशासनिक क्षेत्र , सामाजिक,राजनैतिक संगठन के वरिष्ठ शामिल रहे। सिहौर श्मसान पर शोक सभा की गई। शनिवार को उनका उठावना रखा गया। उसके उपरांत उनकी अस्थि विसर्जन तीर्थनगरी उज्जैन में मोक्षदायिनी शिप्रा में उनके पुत्रों ने किया। वे अपने पीछे भरापुरा परिवार छोड गई हैं जिसमें पुत्री श्रीमती अमित मनीष राठौर, श्रीमती सीमा राजेंद्र खानोरा , पौत्र यथार्थ राठौर, पौत्री अनन्या राठौड़ ,निहारिका राठौर , आयुष्मान खामोरा शामिल हैं। दैनिक अवंतिका परिवार माताजी को श्रृद्धाजलि अर्पित करता है।

**एक पखवाडे में नर्मदा के पानी से दुसरी बार होगा स्नान**

## आज शिप्रा के रामघाट पर माघ पूर्णिमा का स्नान

### नगर निगम ने घाटों की सफाई कर श्रद्धालुओं के लिए तैयारी की

**उज्जैन।** रविवार को शिप्रा के रामघाट पर माद्य पूर्णिमा का स्नान करने के लिए श्रद्धालु बडी संख्या में पहुंचेंगे। मोक्षदायिनी में श्रद्धालुओं के स्नान को लेकर नगर निगम ने घाटों की सफाई के साथ अन्य इंतजामों को पुख्ता किया है। एक पखवाडे में नर्मदा के पानी से यह दुसरी बार धार्मिक स्नान होगा। इससे पूर्व अमावस्या का स्नान हुआ था।

माद्य मास की पूर्णिमा पर उत्तरप्रदेश के इलाहाबाद में संगम पर माद्यी मेले के तहत स्नान के लिए बडा आयोजन होता है। देश में सबसे बडा आयोजन माद्यी मेले के तहत ही होता है। नर्मदा तट ओंकारेवर एवं अन्य घाटों पर भी बडी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचते हैं। उज्जैन में उत्तर वाहिनी मोक्षदायिनी शिप्रा के स्नान का भी अपना महत्व बताया जाता है। इस दिन पितृों को तर्पण करने का भी महत्व बताया जाता है। इसके चलते रविवार को माद्यी पूर्णिमा पर श्रद्धालु शिप्रा तट रामघाट पर स्नान के लिए पहुंचेंगे। स्नान के साथ ही पितृ देव को नमन करते हुए श्रद्धालु विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर देव दर्शन करेंगे एवं दान पुण्य अर्जित करेंगे।

**घाट की सफाई में जुटे मित्र-** माद्यी पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं के लिए बेहतर एवं स्वच्छ व्यवस्था बनाने का काम नगर निगम ने किया है। शनिवार को अच्छी संख्या में सफाई मित्रों ने यहां घाटों पर साफ सफाई की है। इसके साथ ही घाटों पर पडे कचरे के ढेरों को समेटा गया है। शौचालयों को पर्याप्त रूप से सफाई करते हुए उनमें किटनाशक डाला गया है।

**मंदिरों में धार्मिक आयोजन-**

माद्य मास की चौदस से ही धार्मिक आयोजनों का दौर शुरू हो गया है। चौदस पर सिद्धवट एवं गयाकोठा पर पितृों को तर्पण करने के लिए शनिवार को अच्छी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। मंदिरों में शनिवार को सुंदरकांड के आयोजन किए गए हैं। रविवार को शहर के अनेक मंदिरों में विशेष श्रृगार किया जाएगा इसके साथ ही कई स्थानों पर अन्न दान के तहत भोजन एवं प्रसादी करवाया जाएगा।


## नाम परिवर्तन जाहिर सूचना

पूर्व में मुझे नमन प्रेशवानी (NAMAN PRESHWANI) पिता प्रताप प्रेशवानी (PRATAP PRESHWANI) , माता श्रीमती खुशबू प्रेशवानी (KHUSHBOO PRESHWANI) के नाम से जाना जाता था। वर्तमान में मैंने अपना सरनेम परिवर्तन कर लिया है मुझे अब नमन पेशवानी (NAMAN PESHWANI) पिता प्रताप पेशवानी (PRATAP PESHWANI), माता श्रीमती खुशबू पेशवानी (KHUSHBOO PESHWANI) के नाम से जाना जावे। इति दिनांक-29.01.2026

**नमन पेशवानी (NAMAN PESHWANI)**
**पिता प्रताप पेशवानी (PRATAP PESHWANI)**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी कविता बाई पति श्री सोदान सिंह जाति बागरी निवासी व कृषक ग्राम बैलाखेडा तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 373 रकबा 0.17 हेक्टर, सर्वे नम्बर 374 रकबा 0.19 हेक्टर, सर्वे नम्बर 383 रकबा 0.18 हेक्टर, सर्वे नम्बर 384/2 रकबा 0.22 हेक्टर, भूमि कुल किता 04 कुल रकबा 0.76 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम बैलाखेडा तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो । इति दिनांक - 31-01-2026

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड दुकान क्रमांक 07 ग्राम घटिया जिला उज्जैन मो. 8719997462, 9584898788**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण ने विक्रेतागण 1-रमेश पिता रूपा जी, 2-झुमा बाई पति रूपा जी, 3-सजन बाई पति सोहन, 4-ज्योति बाई पति जगदीश, 5-माया बाई पति मुकेश कृषकगण-ग्राम बरखेड़ा माडन तह. उन्हेल के संयुक्त, स्वामित्व एवं आधिपत्य में एक कृषि भूमि खाता ग्राम बरखेड़ा माडन तह. उन्हेल जिसका आराजी सर्वे नं. 694/2 रकबा 0.70 है. आराजी को क्रय करने का अनुबंध करते हुए उसी दिनांक को बयाना स्वरूप राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त आराजी के विक्रय करने एवं उपरोक्त कृषि भूमि पर किसी व्यक्ति व संस्था का किसी भी प्रकार का स्वत्व, हित, हक, बंधक, अधिभार गिरवी हो अथवा विक्रय व्यवहार में किसी को कोई आपत्ति हो तो ऐसी आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में आपत्ति प्रस्तुत करे। ताकि आपत्ति का निराकरण किया जा सके। बाद गुजरे अवधि किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सूचना हो। दिनांक-31-01-2026

**राजकुमार मिमरोट, एडवोकेट**
**146, चम्बल मार्ग, नागदा, जिला उज्जैन मध्यप्रदेश**
**मो. 9755533289**

## पश्चिम रेलवे - रतलाम

**दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग**

**निविदा संख्या :** SnT-RTM-26-Tele-01. दिनांक : 28/01/2026, निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (एसएण्डटी) पश्चिम रेलवे रतलाम, के लिये ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** निम्नलिखित के संबंध में दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना परीक्षण, कमीशनिंग (I) गोधरा- नागदा सेक्शन - ब्रिज नंबर - 217, 287, 460H के विंग वॉल एबटमेंट/पियर, स्लैब में सुधार। (II) रतलाम -खंडवा सेक्शन-मौजूदा ब्रिज नंबर 539A और 539B का RCC बॉक्स से दोबारा निर्माण (कुल- 2 नग)। (III) गोधरा-नागदा सेक्शन - मौजूदा ब्रिज नंबर 204A, 74 UP की जगह RCC बॉक्स लगाकर और Km 497/27-29 पर नया ब्रिज बनाकर पुलों का दोबारा निर्माण। **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹21,66,573.16/- (रूपये इक्कीस लाख छियासठ हजार पाँच सौ तिहत्तर और सोलह पैसे ), **निविदा फार्म का मूल्य :** शून्य, **बयाना राशि :** ₹43,300/-, **कार्य पूरा करने की अवधि :** 8 (आठ) महीने। **ई-निविदा जमा करने के लिये बंद करने का समय एवं दिनांक :** दिनांक 24/02/2026 समय 15:00 बजे तक। **ई-निविदा खुलने का समय एवं दिनांक :** दिनांक 24/02/2026 समय 15:30 बजे के बाद। **वैधता :** निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन। यह टेंडर https//www.ireps.gov.in वेबसाईट पर देखा जा सकता है। निविदाकार के पास Class-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होने चाहिए और **IREPS** Portal पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार ही e-tendering में भाग ले सकते है। सभी संबंधित दस्तावेज e-tendering में भाग लेने के समय अपलोड करने होंगे। **SNP-436**

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

## पश्चिम रेलवे - रतलाम

**दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग**

**निविदा संख्या :** SnT-RTM-26-Tele-02. दिनांक : 28/01/2026, निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (एसएण्डटी) पश्चिम रेलवे रतलाम, के लिये ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** निम्नलिखित के संबंध में दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना परीक्षण, कमीशनिंग रतलाम मंडल (I) इंदौर-देवास-उज्जैन सेक्शन : लेवल क्रॉसिंग नंबर 10,13,34 और 36 को खत्म करने के लिए सबवे (RUB) बनाना (II) नीमच-रतलाम सेक्शन में LC नंबर 141 पर RUB का निर्माण। (III) नीमच -रतलाम सेक्शन में Br. No. 429 और 430 के बीच RUB का निर्माण (JAO-BRLA सेक्शन के बीच)। **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹25,53,586.82/- रूपये पच्चीस लाख तिरपन हजार पाँच सौ छियासी और बयासी पैसे), **निविदा फार्म का मूल्य :** शून्य, **बयाना राशि :** ₹51,100/-, **कार्य पूरा करने की अवधि :** 10 (दस) महीने। **ई-निविदा जमा करने के लिये बंद करने का समय एवं दिनांक :** दिनांक 24/02/2026 समय 15:00 बजे तक। **ई-निविदा खुलने का समय एवं दिनांक :** दिनांक 24/02/2026 समय 15:30 बजे के बाद। **वैधता :** निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन। यह टेंडर https//www.ireps.gov.in वेबसाईट पर देखा जा सकता है। निविदाकार के पास Class-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होने चाहिए और **IREPS** Portal पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार ही e-tendering में भाग ले सकते है। सभी संबंधित दस्तावेज e-tendering में भाग लेने के समय अपलोड करने होंगे। **SNP-437**

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

## पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

**पार्किंग स्टैंड की ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक -रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे पार्किंग स्टैंड की ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को **IREPS** वेबसाईट ई-ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है। विवरण निम्न प्रकार से है। केटलॉग सं.- PARKING-RTM-95. **अनुबंध का प्रकार :** पार्किंग स्टैंड। **लॉट न. :** PARKING-RTM-MDS-TW-83-26-1 (Mandsaur TW), PARKING-RTM-BMI-MX-80-26-1 (Bamania TW & FW). PARKING-RTM-SEH-MX-82-26-1 (Sehore TW & FW). PARKING-RTM-KUH-MX-79-25-1 (Khachroad TW, ThW & FW), **अनुबंध की अवधि :** 03 Years. ई-नीलामी की तिथि और समय लॉट के लिए ई-नीलामी **दिनांक 16.02.2026 को 11:00 बजे प्रारंभ होगी।** प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। **IREPS** के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। **SNP-438**

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

## क्रोध प्रेम से ही हारेगा



जब मन में क्रोध की एक बड़ी तरंग आती है, तब उसे कैसे वश में लाया जाए? बहुत सरल सा जवाब है- उसके विपरीत एक तरंग उठाकर। उस समय प्रेम की बात मन में लाओ।

कभी-कभी ऐसा होता है कि पत्नी अपने पति पर खूब गरम हो जाती है, लेकिन उसी समय उसका बच्चा वहां आ जाता है और वह उसे अपनी गोद में उठाकर चूम लेती है; इससे उसके मन में बच्चे के प्रति प्रेम-तरंग उठने लगती है और वह पहले तरंग को दबा देती है। प्रेम क्रोध के विपरीत है। इसी प्रकार, जब मन में किसी किस्म की चोरी का भाव उठे, तो उसके विपरीत भाव का चिंतन करना चाहिए। जब दान ग्रहण करने की इच्छा पैदा हो, तो उसके विपरीत भाव का चिंतन करना चाहिए।

मैं स्वयं यदि कोई झूठ कहूं, तो उससे जो पाप होता है, उतना ही पाप तब भी होता है, जब दूसरे को झूठ कहने में लगाता हूं अथवा दूसरे की किसी झूठी बात का अनुमोदन करता हूं। वह झूठ भले ही जरा सा हो, फिर भी झूठ तो है ही। पर्वत की कंदरा में बैठकर भी यदि पाप चिंतन करो, किसी के प्रति घृणा का भाव पोषण करो, तो वह भी संचित रहेगा और कालान्तर में फिर से वह तुम्हारे पास किसी दुख के रूप में आकर तुम पर प्रबल आघात करेगा। यदि तुम अपने हृदय से ईर्ष्या और घृणा का भाव चारों ओर प्रसारित करते हो, तो वह चक्रवृद्धि ब्याज सहित तुम पर आकर गिरेगा। दुनिया की कोई भी ताकत उसको रोक न सकेगी। यदि तुमने एक बार उस शक्ति को बाहर निकाला, तो फिर निश्चित जानो, तुम्हें उसका प्रतिघात सहन करना ही पड़ेगा। यह स्मरण रहने पर तुम कुकर्मों से बचे रह सकोगे।

**सम्पादकीय**

# अमेरिकी पहेलियां

अमेरिकी रणनीतियों से वैश्विक पहेलियां उलझती जा रही हैं, जिससे हम समाधान के बजाय समस्याओं की ओर बढ़ रहे हैं। अमेरिका केवल अपने अनुरूप परिवर्तन करने में लगा है और इस मोर्चे पर वह किसी भी देश की किसी भी सलाह पर कान नहीं दे रहा है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने उचित ही कहा है कि वैश्विक समस्याओं का समाधान किसी एक शक्ति के दखल से नहीं होगा। गुटेरस ने अपने कार्यकाल के दसवें और अंतिम वर्ष की शुरूआत के अवसर पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अमेरिकी रवैये पर निराशा का इजहार किया है। निराशा और गुस्सा जायज भी है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार भी संयुक्त राष्ट्र का नाम नहीं ले रहे हैं। ट्रंप ने उन तमाम अमेरिकी राष्ट्रपतियों के प्रयासों पर पानी फेर दिया है, जो संयुक्त राष्ट्र का आदर करते थे। बदलती या बिगड़ती दुनिया को लेकर अगर आज गहरी चिंता है, तो होनी ही चाहिए। गुटेरस ने यह समझाने की कोशिश की है कि आज कई लोग अमेरिका और चीन के दो ध्रुवों वाले भविष्य की कल्पना करने लगे हैं, लेकिन यदि हम एक स्थिर विश्व चाहते हैं, तो हमें बहुध्रुवीयता का समर्थन करना होगा।

उधर, गाजा में शांति का भविष्य भी खतरे में है, क्योंकि प्रमुख यूरोपीय देशों ने ट्रंप के शांति बोर्ड के निमंत्रण को ठुकरा दिया है। इतना ही नहीं, हमेशा अमेरिका के सहयोगी रहे ब्रिटेन ने वैश्विक समस्याओं से निपटने में संयुक्त राष्ट्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया है। गाजा में जहां उम्मीद की किरणें मद्धम पड़ रही हैं, वहीं ईरान को घेरने की अमेरिकी कोशिश मुसलसल आगे बढ़ रही है। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि ईरान के साथ तनाव के बीच बहुत बड़े और शक्तिशाली जहाज ईरान की ओर बढ़ रहे हैं। ट्रंप की ईरान संबंधी नीति निंदनीय है। वह ईरान में विरोध या विद्रोह को हवा दे रहे हैं। वह यहां तक कह चुके हैं कि प्रदर्शनकारियों के लिए बस मदद पहुंचने ही वाली है। गौर करने की बात है कि अमेरिकी सहयोग पर भरोसा करके प्रदर्शन के लिए सड़कों पर उतरे हजारों ईरानी काल के गाल में समा चुके हैं और अभी भी अमेरिका मदद पहुंचाने के दावे कर रहा है? अमेरिका खुद पर लोगों के भरोसे को लगातार घटा रहा है, इसका खमियाजा उसे दशकों तक भुगतना पड़ सकता है। इसके पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप यूक्रेन के भरोसे को भी तोड़ चुके हैं। यूक्रेन को भी रूस के मुकाबले में खड़े होने के लिए अमेरिका और नाटो ने प्रेरित किया था।

**1 फरवरी संत रविदास जयंती**

# संत रविदास महाराज-- सांप्रदायिक सदभाव के प्रणेता थे

इस वर्ष 1फरवरी को संत रविदासजी की जयंती पूरे देश में संत की इस सीख के साथ मनाई जा रही है , कि कुछ बुरे लोग गलत काम ही करेंगे, हमें यह तय करना चाहिए, कि हम बुरे लोगों की वजह से अपनी अच्छाई नहीं छोड़ेंगे। संत रविदास अपने विचारों और अपने प्रेरक जीवन की वजह से आज भी याद किए जाते हैं। जो लोग उनके विचारों व उपदेशों को अपने जीवन में उतार लेते हैं, वे अनेकों परेशानियों से बच सकते हैं, और उनके जीवन में सुख शांति बनी रह सकती है।



डॉ. बी.आर. नलवाया, (दैनिक अवन्तिका)

भारत देश में मध्य काल के दौरान सामाजिक असमानता, आर्थिक दरिद्रता, और राजनीतिक अस्थिरता की स्थिति के साथ समाज में व्याप्त- कुरीतियों के बोलबाले को समाप्त करने के लिए संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज जैसे महापुरुष संवत 1433 की माघी पूर्णिमा को ज्ञान और वैराग्य की शाश्वत भूमि काशी में सुसंपन्न चर्मकार कुल में अवतरित हुए। उनके पिता का नाम राघवदास, माता का नाम कर्मा और पत्नी का नाम लोना था। जिस दिन संत रविदास जी का अवतरण हुआ, उस दिन रविवार था, इस कारण उन्हें रविदास कहा गया। संत रविदास की जन्म स्थली वाराणसी (काशी) उत्तरप्रदेश थी। उनके गुरु काशी के पंडित रामानंदजी एवं शिष्या चित्तौड़ की रानी झाली व कृष्ण भक्त मीराबाई थी। इस प्रकार रविदासजी भारत की 15 वी शताब्दी के एक महान संत, दर्शनशास्त्री, कवि, समाजसुधारक और ईश्वर के सच्चे अनुयायी थे।



उन्होंने समस्त मानव समाज को मानवता और कर्मत्व की शिक्षा दी। उनकी वाणी बेहद सारगर्भित, अनूठी और प्रभावशाली थी। वे जीवन का मर्म जानते थे, और इस मर्मज्ञान के माध्यम से ही उन्होंने समाज को जागृत करने एवं नई दिशा दिखाने का भरपूर प्रयास किया। वे समतामूलक समाज की रचना में विश्वास रखते थे और कहते थे , कि जन्म के आधार पर कोई भी मनुष्य ऊंचा या नीचा नहीं होता है, अपितु मनुष्य का व्यवहार ही उसे ऊंचा या नीचा बनाता है। संत रविदास जी ने जन्म के आधार पर होने वाले भेदभाव की घोर आलोचना की, उन्होंने कहा कि मनुष्य ने जातियों के भीतर अनेक जातियां बना दी, जिसका कोई आधार नहीं है। जब तक यह जाति का भेदभाव रहेगा , तब तक मनुष्य एक दूसरे से नहीं जुड़ पाएंगे। वे एक ऐसे सुशासन की मंशा रखते थे। जिसमें प्रत्येक मनुष्य को अन्न व न्याय उपलब्ध हो। वे कहते थे, कि अमीर तथा गरीब में आर्थिक विषमता की खाई को समाप्त करके ऐसे राज्य की स्थापना करके ही मुझे खुशी मिलेगी।

वे इतने दयालु प्रवृत्ति के थे, कि जो भी संत या फकीर उनके द्वार पर आता था। वे उससे बिना पैसे लिए ही उन्हें अपने हाथों से बने जूते पहना देते थे। वे हर काम पुरी लगन और श्रद्धा से करते थे। संत ने अपने कर्म और वचनों से सभी को भक्ति, परोपकार और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने मनुष्य को सुख और शांतिपूर्वक जिने के लिए दो ही स्थान बताएं ,एक स्वराज्य और दूसरा शमशान। उन्होंने अपनी आत्मा को कभी भी धन या प्रसिद्धि का दास नहीं बनने दिया एवं पुरुषार्थ के स्थान पर कभी भी अकर्मण्यता को स्वीकार नहीं किया। मन की पवित्रता उनके लिए मानव जीवन का सच्चा जीवन लक्ष्य थी। इसलिए मन चंगा तो कठौती में गंगा जैसे सुविचार उन्होंने क्रियान्वित करके भी दिखाएं।

संत के अनेकों प्रसंग है-- जिसमें उनके चमत्कारों का वर्णन भी मिलता है। रविदासजी अंधविश्वास, आडंबर और कर्मकांड को निरर्थक मानते थे। उनकी भक्ति साधना में विनम्रता तथा प्रेम की प्रधानता थी। उन्होंने आचरण की पवित्रता पर विशेष बल दिया। संत रविदास गुरु महिमा और सत्संग के समर्थक थे। वे मानते थे कि सत्संगति के बिना भगवान से प्रेम नहीं हो सकता और भगवतप्रेम के बिना मुक्ति नहीं हो सकती। वे क्रोध, लोभ, माया, मोह एवं अहं को त्याज्य मानते थे।

गुरु रविदास को गुरु रैदास के नाम से भी पुकारा गया एवं इन्हें संत शिरोमणि की उपाधि दी गई। उनके अधिकांश अनुयायी सिख धर्म का पालन करते थे और श्री गुरु ग्रंथ साहिब में आस्था रखते थे। रविदास जी का यह अनुयायी संप्रदाय मुख्य रूप से पंजाब के मालवा क्षेत्र में निवास करता है। रैदास ने अपनी काव्य रचनाओं में सरल, व्यावहारिक ब्रज भाषा का प्रयोग किया जिसमे राजस्थानी, खड़ी बोली, अवधी भाषा, एवं उर्दू तथा फारसी शब्दो का भी मिश्रण रहा। उनके अनेकों दोहे तथा उक्तियाँ प्रचलित रही जो आज भी जीवंत मानी जाती है। गुरु ग्रंथ साहिब में रविदास जी के 40 पद व एक दोहा सोलह रागो में संकलित है।

रैदास की भक्ति सेवक और मालिक के समान है। जिस प्रकार सेवक अपने मालिक की भक्ति करता है और अपना पूरा जीवन उस मालिक की भक्ति में लगा देता है, उन्होंने ठीक वैसा ही जीवन जिया। वे भाईचारे को ही सच्चा धर्म मानते थे। उनकी भक्ति से हमें दूसरों की सहायता करने की सीख मिलती है। जिससे आत्मज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। रैदास की वाणी भक्ति की सच्ची भावना, समाज के व्यापक हित की कामना एवं मानव प्रेम से ओतप्रोत थी। इसलिए उनका श्रोताओं के मन पर गहरा प्रभाव पड़ता था। उनके भजनों तथा उपदेशो से लोगों को ऐसी शिक्षा मिलती थी। जिससे उनकी शंकाओं का संतोषजनक समाधान हो जाता था, एवं लोग स्वतः ही उनके अनुयायी बन जाते थे।

## विमान हादसों में नेताओं की असमय विदाई

भारत की राजनीतिक यात्रा बार-बार आकाशी हादसों की भेंट चढ़ती रही है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की बारामती विमान दुर्घटना ने एक बार फिर पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। पांच लोगों की मौत के साथ राजनीति में एक ऐसा शून्य पैदा हुआ, जिसकी भरपाई केवल संवेदनाओं से संभव नहीं। यह पहला मामला नहीं है—संजय गांधी (1980), माधवराव सिंधिया (2001), वाई.एस. राजशेखर रेड्डी (2009) जैसे उदाहरण बताते हैं कि उच्च पदस्थ नेताओं की अकाल मृत्यु बार-बार एक ही प्रश्न खड़ा करती हैः क्या विमान हादसे महज संयोग हैं, किसी साजिश का परिणाम, या फिर हमारी राजनीतिक यात्रा-संस्कृति और विमानन व्यवस्था की संरचनात्मक कमजोरी? भारतीय राजनीति में हवाई यात्रा अब सुविधा नहीं, बल्कि जीवनरेखा बन चुकी है। चुनावी दौर में एक प्रत्याशी औसतन 120-150 सभाएँ करता है; सप्ताह में 40-50 उड़ानें असामान्य नहीं। महाराष्ट्र जैसे बड़े और राजनीतिक रूप से सक्रिय राज्य में बारामती-मुंबई-दिल्ली के बीच निरंतर आवाजाही समय की मजबूरी है। ऐसे में चार्टर्ड विमान और हेलीकॉप्टर नेताओं की पहली पसंद बनते हैं।

लेकिन यही विकल्प सबसे अधिक जोखिमपूर्ण भी हैं। आंकड़े बताते हैं कि प्राइवेट और चार्टर्ड विमानों की दुर्घटना दर कमर्शियल एयरलाइंस की तुलना में कई गुना अधिक है। कारण स्पष्ट हैं—सीमित पायलट अनुभव, पुराने विमानों का उपयोग, मौसम पर अत्यधिक निर्भरता, अस्थायी हेलीपैड और डीजीसीए की अपेक्षाकृत ढीली निगरानी। अजित पवार की दुर्घटना हो या वाई.एस. राजशेखर रेड्डी का हेलीकॉप्टर हादसा, या माधवराव सिंधिया का चार्टर्ड विमान—प्रारंभिक और अंतिम जाँचें बार-बार पायलट त्रुटि, तकनीकी विफलता या प्रतिकूल मौसम की ओर इशारा करती हैं। यह भी स्पष्ट है कि नेता रेल या कमर्शियल फ्लाइट से इसलिए बचते हैं क्योंकि वे चुनावी प्रचार की गति से मेल नहीं खा पातीं। चुनावी मौसम में यह जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान सैकड़ों हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड विमान किराये पर लिए गए।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 01 फरवरी 2027 रविवार
सूर्योदय - 07:11 सूर्यास्त 18:10
माघ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - पूर्णिमा 03:39 उपरांत एकम
नक्षत्र - पुष्य 23:58 उपरांत अश्लेषा
योग - प्रीति 10:18 उपरांत आयुष्मान
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कर्क मे रहेगा
मुस्लिम मास - सावान मास 12 तारिख

**मेष-** धनार्जन सुगम होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है।

**वृषभ-** मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मिथुन-** शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्क-** आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा।

**सिंह-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**कन्या-** सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

**तुला-** आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। पराक्रम दिखलाने का अवसर है।

**वृश्चिक-** नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु-** पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**मकर-** बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे।

**कुंभ-** पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मीन-** सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा (भरदीवाले) 9926034545

**समसामयिक**

## गौमाता के हितों के लिए जागरूक होना आवश्यक

भारतीय संस्कृति में गाय को गौमाता के रूप में पूजा जाता हैगौमाता हमारे धर्म ,संस्कृति और कृषि व्यवस्था का अभिन्न अंग हैअवैध तस्करी,गौवध और लापरवाही के कारण गौवंश की संख्या प्रभावित हो रही हैगौवंश खुले में पड़ी सड़ी -गली वस्तुएं ,प्लास्टिक,कागज आदि खाने को मजबूर है। गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा मिलना चाहिए। गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए बिना हम अपनी आत्मा की रक्षा नहीं कर सकतेभारतीय संस्कृति में गौ सेवा का प्रमुख स्थान हैजिससे हमारे धार्मिक कार्य पूर्ण होते आये है। विदेशो में भी अब गाय के स्पर्श को प्राथमिकता दी जाकर स्ट्रेस कम किये जाने का चलन हो भी चूका हैजिससे बींमारी ठीक होती है। सड़कों पर पशु के घुमने पर पशु पालक पर एक हजार रु जुमार्ना भी निर्धारित किया है। जयपुर में गाय के भटकने हेतु आवारा शब्द नहीं कहा जाएगा आश्रयहीन कहा जायेगा। साथ ही इसके पूर्व गाय के लिए आवारा शब्द पर भी प्रतिबंध किया गया है। गौ रक्षा पालन संवर्धन हेतु सामाजिक धार्मिक संस्थाएं एवं सेवा भावी लोग लगातार संघर्षरत हैक्योकि गाय हमारी माता है एवं गौ रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य हैगोवंश की रक्षा हेतु सभी को जागृत रहना होगा। गौवंश की महिमा के बारे में ग्रंथों में उल्लेख है। डॉ. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने प्रदेश की जनता से अपील की अगर आपके पास के हित पर्याप्त जगह है तो गाय अवश्य पाले।



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

## जयजय भारत- भारती

जयजय भारत- भारती, जय हो भारत- भारती।
दिन में सूरज रात में चंदा तारे उतारे तेरी आरती।
तो आओ हम भी करें आरती,भारत- भारती की आरती में।
एक भारत श्रेष्ठ भारत, उज्जवल भारत उन्नत भारत।
भारत का जयघोष है , भारत का जयकारा है।
अब हम सारे भारतियों का एक यही नारा है।
भारत सबसे श्रेष्ठ है, भारत सबसे प्यारा है।
भारत की दिव्यता है , भारत की भव्यता है।
अखण्डता है भारत की, भारत की सुरम्यता है।
संस्कृति का राग , भारत का पराग है।
अनेकता में एकता इसकी विशेषता है।
तो आओ हम भी करें आरती,भारत - भारती की आरती।
भारत की उमंग है ,भारत की तरंग है।
हिमगंगा भारत की ,भारत का हिमश्रृंग है।
सभ्यता की सुरभी है ,संस्कृति की छाप है।
शंखनाद है भारत का, भारत का आलाप है।
तो आओ हम भी करें आरती,
भारत- भारती की आरती।
सामाजिक सदभाव है, सांस्कृतिक समरसता है।
भारत- भारती की बाजुओं में अदभुद् क्षमता है।
भारत ही लहकता है, भारत ही महकता है।
भारत- भारती की आंखों में भारत ही चहकता है।
तो आओ हम भी करें आरती,भारत- भारती की आरती में।
एक भारत श्रेष्ठ भारत, उज्जवल भारत उन्नत भारत।
भारत का जयघोष है , भारत का जयकारा है।
अब हम सारे भारतियों का एक यही नारा है।
भारत सबसे श्रेष्ठ है, भारत सबसे प्यारा है



सूरज उज्जैनी
(दैनिक अवन्तिका)

# बदलते पर्यावरण से गंभीर स्वास्थ्य संकट, ब्रेन इटिंग अमीबा

बढ़ती वैश्विक गर्मी और तेजी से बदलते पर्यावरण ने दुनिया के सामने एक नया और गंभीर स्वास्थ्य संकट कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण जानलेवा ब्रेन ईटिंग अमीबा अब उन इलाकों तक फैलने लगा है, जहां पहले इसका नाम भी नहीं सुना गया था। कमजोर जल-आपूर्ति प्रणालियां और अपर्याप्त निगरानी इस खतरे को और बढ़ा रही हैं।

जलवायु परिवर्तन अब केवल मौसम के असामान्य उतार चढ़ाव तक सीमित नहीं रह गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार धरती के लगातार गर्म होने से ऐसे सूक्ष्मजीवों को नए क्षेत्रों में पनपने का अवसर मिल रहा है, जो पहले सीमित इलाकों तक ही पाए जाते थे। जल, मिट्टी और नमी भरे वातावरण में रहने वाले फ्री-लिविंग अमीबा, जिन्हें आम बोलचाल में दिमाग खाने वाले अमीबा कहा जाता है, अब वैश्विक स्वास्थ्य के लिए एक उभरता हुआ खतरा बनते जा रहे हैं। एक नए अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ पुराना होता जल-आपूर्ति ढांचा और कमजोर निगरानी व्यवस्था इन खतरनाक सूक्ष्मजीवों के फैलाव को तेज कर रही है।



### गर्म होती धरती व फैलता दायरा

वैज्ञानिकों का कहना है कि जैसे-जैसे धरती का तापमान बढ़ रहा है, वैसे-वैसे गर्म पानी पसंद करने वाले अमीबा उन इलाकों तक पहुंच रहे हैं, जहां पहले वे दुर्लभ माने जाते थे। हाल के वर्षों में कई देशों में मनोरंजन के लिए इस्तेमाल होने वाले जलाशयों में इससे जुड़े संक्रमण के मामले सामने आए हैं, जिससे आम लोगों की चिंता बढ़ी है और जल-सुरक्षा पर नए सवाल खड़े हुए हैं।

### सहनशक्ति व जीवित रहने की क्षमता

जर्नल बायोकंटैमिनेंट में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार इन अमीबा की सबसे बड़ी ताकत उनकी असाधारण सहनशक्ति है। ये ऐसे हालात में भी जीवित रह सकते हैं जहां अन्य कीटाणु नष्ट हो जाते हैं। भीषण गर्मी, क्लोरीन जैसे कीटाणुनाशक और यहां तक कि सुरक्षित मानी जाने वाली पानी की पाइपलाइन भी इन्हें खत्म नहीं कर पातीं। यही वजह है कि ये जल-आपूर्ति प्रणालियों में लंबे समय तक टिके रह सकते हैं और पहचान से बचे रहते हैं। अमीबा मिट्टी और पानी में पाए जाने वाले एकल-कोशिकीय जीव होते हैं। जहां इंसान के शरीर में लगभग 30 से 40 लाख करोड़ कोशिकाएं होती हैं, वहीं अमीबा में केवल एक ही कोशिका होती है। इसी एक कोशिका के सहारे यह जीव भोजन खोजता है, उसे ग्रहण करता है, पचाता है और फिर अपशिष्ट के रूप में बाहर निकाल देता है।

### समाधान की दिशा

इस बढ़ते संकट से निपटने के लिए वैज्ञानिक वन हेल्थ दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दे रहे हैं। इस दृष्टिकोण में मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण विज्ञान और जल प्रबंधन को एक साथ जोड़कर देखा जाता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

**धर्म-आस्था**

# मृत्यु के बाद शब्दों की मर्यादा और हमारी अधूरी समझ

आज के त्वरित संदेशों और औपचारिक संवेदनाओं के युग में मृत्यु जैसी गंभीर और गहन घटना भी कुछ शब्दों में समेट दी जाती है। किसी के निधन का समाचार मिला नहीं कि तुरंत प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ जाती है। श्रद्धा, संवेदना और शोक प्रकट करने की यह हड़बड़ी अक्सर सोच से खाली होती है। हम यह भूल जाते हैं कि मृत्यु केवल देह का अंत नहीं, बल्कि स्मृति, संस्कार और भावनाओं का विषय है, जिसे शब्दों में व्यक्त करते समय विवेक और मयार्दा की आवश्यकता होती है।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

अक्सर देखा जाता है कि लोग किसी के देहांत पर विदेशी शब्दों का प्रयोग कर देते हैं, जिनका अर्थ, भाव और सांस्कृतिक संदर्भ हमारी परंपराओं से मेल नहीं खाता। यह प्रश्न विचारणीय है कि जिन शब्दों का प्रयोग हम कर रहे हैं, वे वास्तव में किसके लिए और किस भाव से कहे जा रहे हैं। मृत्यु के बाद व्यक्ति की देह नष्ट होती है, पर उसकी स्मृतियाँ, उसके कर्म और उसका प्रभाव समाज में जीवित रहता है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि हम श्रद्धा किसे अर्पित कर रहे हैं—उस देह को जो अब नहीं रही, या उन स्मृतियों को जो हमारे भीतर जीवित हैं। भारतीय परंपरा में मृत्यु को अंतिम विराम नहीं, बल्कि जीवन यात्रा का एक पड़ाव माना गया है। यहाँ संस्कार देह के लिए नहीं, आत्मा की शांति और समाज की स्मृति के लिए होते हैं। अंतिम क्रिया के बाद भी मृतक का अस्तित्व उसके विचारों, व्यवहार और संबंधों के माध्यम से बना रहता है। इसलिए जब हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, तो वास्तव में हम उस व्यक्ति के जीवन, उसके मूल्यों और उसके योगदान को स्मरण कर रहे होते हैं।



यहीं भाषा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। शब्द केवल औपचारिकता नहीं, भाव का वहन करते हैं। यदि शब्दों का चयन बिना सोचे-समझे किया जाए, तो संवेदना खोखली प्रतीत होने लगती है। नमन, प्रणाम और श्रद्धांजलि जैसे शब्द तब सार्थक होते हैं जब उनका उद्देश्य स्पष्ट हो। नमन किसी जीवित चेतना या स्मरणीय गुणों को किया जाता है। श्रद्धांजलि उस जीवन यात्रा को दी जाती है, जो समाज के लिए अर्थपूर्ण रही हो।

मृत्यु के बाद व्यक्ति स्वयं कुछ ग्रहण नहीं करता, न शब्द, न सम्मान। जो कुछ भी कहा जाता है, वह जीवित लोगों के लिए होता है—परिजनों के सांत्वनार्थ, समाज के आत्मचिंतन के लिए और आने वाली पीढ़ियों को यह याद दिलाने के लिए कि जीवन क्षणभंगुर है, पर कर्म स्थायी। इसलिए यह अधिक उपयुक्त है कि हम देह के अंत के बजाय स्मृतियों को संबोधित करें।

जब हम कहते हैं कि स्मृतियों को नमन या स्मृतियों को प्रणाम, तब हम यह स्वीकार करते हैं कि व्यक्ति हमारे बीच अपने कार्यों और संबंधों के माध्यम से अब भी मौजूद है। यह भाषा अधिक विनम्र, अधिक सटीक और अधिक भारतीय है। यह न तो किसी धार्मिक मत का अंधानुकरण करती है और न ही किसी बाहरी अवधारणा पर निर्भर रहती है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम संवेदना प्रकट करने को भी जिम्मेदारी से निभाएँ। मृत्यु पर लिखे गए शब्द दिखावे या त्वरित प्रतिक्रिया के लिए नहीं, बल्कि सोच, संवेदना और सांस्कृतिक समझ के साथ होने चाहिए। शब्दों की मयार्दा बनाए रखना भी मृतक के प्रति सम्मान का ही एक रूप है।

अंततः मृत्यु के बाद जो शेष रहता है, वह स्मृति है। वही हमारी भाषा का केंद्र होनी चाहिए। इसलिए औपचारिक और यांत्रिक अभिव्यक्तियों के स्थान पर यदि हम यह कहें कि उनकी स्मृतियों को नमन, उनकी यादों को प्रणाम, तो यह न केवल अधिक सार्थक होगा, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना और मानवीय संवेदना का भी सच्चा प्रतिबिंब बनेगा।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1000-2975 चना काबली- 2910-8470, चना बड़ा- 5160-5915, बटला- 3317, रायड़ा- 7580, उड़द- 4350, धनिया- 8551, सोयाबीन- 1751-6212, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,61,500, रवा- 1,61,000 चांदी- टंच- 2,75,500 पाट- 2,74,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## ब्यावरा शहर ने ओढ़ी कोहरे की चादर

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में सर्द हवाओं ने ठंडक को बढ़ा दिया है, बादलों के डेरा जमा लेने के बाद आज सुबह शहर ने कोहरे की चादर ओढ़ ली जिसके चलते ठंडी हवाओं और कोहरे के कारण आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी तथा उत्तर की ओर से आ रही सर्द हवाओं के कारण क्षेत्र में काफी ठंडक महसूस हो रही गत दिनों हुई बारिश और ओलावृष्टि के कारण तापमान में फिर गिरावट आ गई कई लोगों ने अलाव का सहारा ले रखा कोहरे के कारण कई वाहन चालकों को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ा।

## 26 कन्याओं का नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में गुना बायपास स्थित अरनिया पुल के निकट बाबा श्रीखाटूवाले श्याम मंदिर पर जय मां हरसिद्धि श्रीश्याम बाबा संस्कृति उत्थान समिति द्वारा प्रथम वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में 26 कन्याओं का निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा जिसको लेकर राधाकृष्ण मंदिर से एक भव्य निशान यात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए बाबा खाटू श्याम मंदिर परिसर पहुंची, निशान यात्रा का जगह-जगह धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षाकर भव्य स्वागत किया शाम 6 बजे सामूहिक वरमाला का कार्यक्रम आयोजित किया।

## भाजपा के कुशासन के विरोध एवं मनरेगा बचाओ संग्राम हेतु धरना प्रदर्शन किया




**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में अस्पताल रोड स्थित अहिंसा द्वार चौराहे पर ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा देश में भाजपा के कुशासन के विरोध एवं आम जनता के काम के अधिकार की रक्षा हेतु मनरेगा बचाओ संग्राम के लिए धरना प्रदर्शन किया साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया, भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा से महात्मा गांधी के नाम को हटाना श्रम की गरिमा और स्वराज के मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास है मनरेगा में किए गए संशोधन पर पुनः विचार करने हेतु महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को प्रेषित किया, अर्थशास्त्री स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण विकास मजदूरों के लिए रोजगार आधारित महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा संबंधी कानून बनाया था जो प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मजदूरी व रोजगार का वैधानिक अधिकार देता है भाजपा सरकार द्वारा किए गए संशोधन वीबी जी रामजी अधिनियम इस पूरे ढांचे से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की मूल भावना को हटा देता है और कार्य की वैधानिक गारंटी को समाप्त करता है ग्राम सभाओं और पंचायत को कमजोर करता है।

## नशे के खिलाफ एकजुट हुए विद्यार्थी, गांव में निकली रैली



**सुसनेर।** महात्मा गांधीजी की पुण्यतिथि 30 जनवरी 2026 के अवसर पर ह्लमद्य निषेध संकल्प दिवसह्व के तहत शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया, सुसनेर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला कलेक्टर प्रीति यादव एवं जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार जाटव के निदेर्शानुसार संपन्न हुआ। भारत स्काउट एवं गाइड तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में संचालित प्रोजेक्ट क्लैप के बैनर तले निकाली गई रैली का शुभारंभ नवाचारी शिक्षक भेरूलाल ओसारा ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली ग्राम खेरिया के विभिन्न मार्गों से होती हुई शाला परिसर में समापन हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज के संदेश देते हुए मद्यपान एवं मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम में शिक्षक भूपेंद्र सिंह झाला, तिलोकचंद्र पाटीदार, रमेशचंद्र दांगी, समाजसेवी दयाराम यादव, बने सिंह विश्वकर्मा, जगदीश प्रजापत सहित संस्था परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।


### नाम सुधार सूचना

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि, मेरी माता का वास्तविक व सही नाम भाग्य श्री कुशवाह (BHAGYA SHRI KUSHWAH) है जो मेरी माता के आधार कार्ड में अंकित है। जबकि मेरी कक्षा 10 वीं की अंकसूची में त्रुटिवश अंग्रेजी में मेरी माता का नाम भाग्य श्री कुशवाह (BHAGY SHREE KUSHWAH) अंकित हो गया है। मेरी माता का सही नाम भाग्य श्री कुशवाह (BHAGYA SHRI KUSHWAH) है । इति दिनांक 30-01-2026

**आशुतोष कुशवाह पिता अचिंतदास कुशवाह**
**निवासी एम.आई.जी. 10 सांदीपनी नगर, आगर रोड़**
**उज्जैन (म.प्र.) मोबाईल नंबर 8602812401**


ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पंवार ने

# 2 करोड़ 11 लाख रुपए से निर्मित होने वाले विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

अवन्तिका ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा

ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपलिया बाग, पाडल्या बना, गादिया, चारपूरा एवं मानपुरा देव में 2 करोड़ 11 लाख रुपए से अधिक की लागत से निर्मित होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार द्वारा विधिवत रूप से किया गया।

इन विकास कार्यों में सामुदायिक भवन निर्माण, पुलिया निर्माण, बाउंड्री वॉल, चेक डैम सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का निर्माण शामिल है। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी तथा आमजन को सीधा लाभ प्राप्त होगा।

इस अवसर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और ग्रामीण अंचलों तक विकास की रोशनी पहुँचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़क, पानी, भवन, सिंचाई




और रोजगार से जुड़े कार्यों के माध्यम से गांवों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

कृषि एवं किसान हितैषी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, सिंचाई परियोजनाएं, कृषि यंत्रीकरण एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने जैसी योजनाएं किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का किसान आज सशक्त बन रहा है, वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश सरकार कृषि, पशुपालन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रही है।

### 2026 मध्यप्रदेश का कृषि वर्ष

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने बताया कि वर्ष 2026 को मध्यप्रदेश में ह्लकृषि वर्षह्व के रूप में मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक तकनीक अपनाने, जल संरक्षण और सिंचाई क्षमता विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इससे प्रदेश की कृषि व्यवस्था को और अधिक मजबूत आधार मिलेगा।

भारत- यूरोपियन यूनियन ट्रेड डील पर प्रधानमंत्री की विदेश नीति की सराहना राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच हुई ट्रेड डील का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी और सशक्त विदेश नीति का परिणाम है। इस समझौते से भारतीय कृषि उत्पादों, उद्योगों और निर्यात को वैश्विक बाजार में नई पहचान मिलेगी, जिससे किसानों और उद्यमियों को लाभ होगा।

उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व पटल पर एक मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की साख लगातार बढ़ रही है। अंत में उन्होंने कहा कि विकास, किसान कल्याण और आत्मनिर्भर भारतह्व के संकल्प के साथ सरकार निरंतर जनहित में कार्य करती रहेगी।

देवास के बिहारी गंज में झोन कार्यालय निर्माण का विरोध

# सामाजिक आयोजनों की जगह खत्म कर रहा निगम; समझाइश के बाद माने

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास के एबी रोड स्थित बिहारी गंज क्षेत्र में प्रस्तावित नगर निगम झोन कार्यालय के निर्माण को लेकर शनिवार को स्थानीय रहवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया। नगर निगम की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और निर्माण कार्य शुरू किया, जिस पर रहवासियों ने आपत्ति जताई। निगम अधिकारियों द्वारा समझाइश दिए जाने के बाद कार्य फिर से प्रारंभ किया गया।

रहवासियों का कहना है कि जिस खाली भूमि पर यह झोन कार्यालय बनाया जा रहा है, वह कॉलोनी की एकमात्र खुली जगह है। इस स्थान का उपयोग सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए किया जाता है। उनके अनुसार, इस जगह के खत्म होने से




कॉलोनीवासियों को काफी परेशानी होगी।

### कलेक्टर की अनुमति से हो रहा निर्माण

नगर निगम देवास के सहायक यंत्री जगदीश वर्मा ने बताया कि झोन कार्यालय का निर्माण कलेक्टर की अनुमति से किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कॉलोनी समिति के लोग विरोध कर रहे हैं, लेकिन यह कार्यालय आम जनता की सुविधा के लिए ही बनाया जा रहा है।

वर्मा ने बताया कि इस कार्यालय के बनने से वार्ड क्रमांक 01 से 04 और वार्ड क्रमांक 29 से 41 तक के नागरिकों को नगर निगम से जुड़ी सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो जाएंगी। इससे लोगों को दूर स्थित मुख्य नगर निगम कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

## किसान पर तेंदुए का हमला

**देवास।** जिले के रोजड़ी गांव में शुक्रवार सुबह एक किसान पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। किसान अपनी गाय के लिए खेत पर घास काटने गया था, तभी उस पर हमला हुआ। घायल किसान को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, रोजड़ी निवासी लाखनसिंह पिता गुलाबसिंह राजपूत सुबह अपनी गाय के लिए घास काटने खेत पर गए थे। इसी दौरान तेंदुए जैसे जानवर ने उन पर हमला कर दिया। लाखनसिंह ने अपने हाथ में दराती होने के कारण किसी तरह अपना बचाव किया और जान बचाई। हमले में किसान के गले और कंधे पर गहरे नाखून के घाव लगे हैं, साथ ही दांत के निशान भी पाए गए हैं। घटना के बाद ग्रामीण लाखनसिंह को घायल अवस्था में देवास के जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। गांव के सरपंच पुत्र रोहित सिंह राजपूत ने बताया कि दो दिन पहले भी इसी जंगली जानवर ने एक गाय और बछड़े को निशाना बनाया था। ग्रामीणों ने वन विभाग को इस घटना की सूचना दी है और जंगली जानवर को पकड़ने (रेस्क्यू) की मांग की है।


### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई.होम फायनेन्स लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन म्यु. क्रमांक 6/387 एवं नया क्रमांक 17 का भाग होकर कमला नेहरू मार्ग वर्तमान म्यु. क्रमांक 11/1 धनवंतरी मार्ग उज्जैन में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 34.62 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- कमला बाई का मकान, पश्चिम मे- भवन कुंवर सरदार गणपतसिंह ठाकुर का, उत्तर मे- गली 10 फीट, दक्षिण मे- रोड़ स्थित है। उक्त संपत्ति श्रीमति जया पाठक पति गौरव पाठक ने इसके पूर्वस्वामी श्रीमति रेणुका से रजि. विक्रय पत्र क्रमांक MP17IGR18842026A100114739 दिनांक 30/01/2026 को क्रय कि। एवं श्रीमति जया पाठक ने विक्रय करने का अनुबंध पुलकित सेन पिता महेन्द्र सेन एवं श्रीमति कोमल सेन पति श्री पुलकित से किया है। तथा पुलकित सेन एवं श्रीमति कोमल सेन ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स लिमिटेड आवेदन किया है। तथा मेरे पक्षकार का उक्त संपत्ति पर बंधक करने जा रहे है। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स लिमिटेड द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार आई.सी.आई.सी.आई.होम फायनेन्स लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्रीमती जयश्री मालवीय पति स्व. श्री कैलाश मालवीय व राहुल मालावीय पिता स्व. श्री कैलाश मालवीय, निवासी-60, शिवशक्ति नगर आगर रोड, उज्जैन से उनके स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक-625, का उत्तर दिशा वाला भाग जो तिरूपतिधाम एक्सटेंशन, हक्कानीपुरा मार्ग, कस्बा उज्जैन मे स्थित है भवन एक मंजिला अर्थात तल मंजिल व प्रथम मंजिल का आर.सी.सी. का निर्मित हैं जिसका कुल क्षेत्रफल 46.33 वर्ग मीटर हैं को मेरे पक्षकार ने सौदा कर विधिवत रूप से स्वयं के हित में अनुबंध पत्र के निष्पादन के समय बयाना राशि अदा कर अनुबंधित किया हैं तथा निष्पादित अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार निहित समयावधि में शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जावेगा। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी या बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से पन्द्राह दिवस की अवधि में मय प्रमाण दस्तावेज सहित लिखित में अपनी आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार दस्तावेज विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक-30.01.2026

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय-डी.एफ.-9, भरतपुरी काम्पलेक्स देवास रोड, उज्जैन**

### जाहिर सूचना (सौदा निरस्तीकरण हेतु)

144 सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड स्वामी डॉ. आशीष मेहता पिता स्वर्गीय श्री रमेश चंद्र मेहता निवासी 37, छोटा सराफा द्वारा अपनी स्वामित्व का भूमि/भूखण्ड क्रमांक 366, HIG महाशक्ति नगर, उज्जैन (म.प्र.), कुल क्षेत्रफल 180 वर्गमीटर के संबंध में दिनांक 16.01.2026 को श्री आकाश जाटवा पिता श्री ओमप्रकाश जाटवा, निवासी गंगा नगर उज्जैन के साथ एक प्रस्तावित विक्रय सौदा तय हुआ था। परंतु श्री आकाश जाटवा द्वारा समय पर विक्रय मूल्य की राशि की व्यवस्था न कर पाने के कारण उक्त सौदा उनकी सहमति से दिनांक 28/01/2026 को निरस्त/रद्द कर दिया गया है।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि श्री आकाश जाटवा से यदि कोई अग्रिम राशि प्राप्त हुई थी तो वह पूर्णतः वापस कर दी गई है तथा अब उनका उक्त भूखण्ड पर किसी भी प्रकार का कोई अधिकार, दावा, स्वत्व या हित शेष नहीं है।

अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री आकाश जाटवा अथवा उनके किसी प्रतिनिधि द्वारा उक्त भूखण्ड के संबंध में भविष्य में कोई आपत्ति, दावा, मुकदमा या बाधा उत्पन्न किया जाता है तो वह अवैधानिक एवं निराधार होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं श्री आकाश जाटवा की होगी।

भूखण्ड स्वामी उक्त भूमि को किसी भी इच्छुक व्यक्ति/पक्षकार को विक्रय/हस्तांतरण करने हेतु पूर्णतः स्वतंत्र हैं तथा वर्तमान क्रेता/बिचौलिया/खरीदार को किसी प्रकार की बाधा नहीं होगी।

इति दिनांकः 29/01/2026 स्थानः उज्जैन (म.प्र.)

**गौरव गोदावत (जैन), एडव्होकेट**
**कार्यालय-डीएफ-7 भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मोबाईल नंबर- 99260-68606**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा गंगोत्री बिल्डिंग प्रथम मंजिल 90 तात्याटोपे मार्ग फ्रिगंज उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 25 का दक्षिण दिशा का भाग स्थित गीता कॉलोनी, अंकपात मार्ग, उज्जैन में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 80.42 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- कॉलोनी कि रोड, पश्चिम मे- गली 10 फिट, उत्तर में- भवन क्रमांक 25 को शेष भाग शरद बजाज का, दक्षिण मे- भवन क्रमांक. 24 स्थित है। उक्त सम्पत्ति शरद बजाज व राजेन्द्र बजाज ने अपने पिता गणेशनारायण बजाज का स्वर्गवास हो जाने के पश्चात नोटराईज्ड वसियत पत्र दिनांक 31.05.2015 के माध्यम से विधिवत रूप से प्राप्त कि है तथा शरद एवं राजेन्द्र बजाज पुत्रगण स्व.गणेशनारायण ने अपने अपने हिस्से कि संपत्ति का बटवारा रजिस्टर्ड दस्तावेज बटवारा पत्र क्रमांक MP432022018A1409745 दिनांक 12.06.2018 के माध्यम से कर लिया है। एवं राजेन्द्र बजाज ने अपने हिस्से कि संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड में आवेदन किया है, तथा मेरे पक्षकार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का उक्त संपत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**




## शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में नशामुक्ति का शंखनाद; युवाओं ने लिया मद्यपान निषेध का संकल्प

**महिदपुर।** 30 जनवरी 2026 शहीद दिवस के गरिमामय अवसर पर शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में जिला स्तरीय 'मद्यपान निषेध' एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मादक द्रव्यों से दूर रहने का संकल्प लेकर बापू को अपनी कार्यात्मक श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. योगेंद्र कुमार मुखिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा मुक्त समाज राष्ट्र की असली शक्ति है । उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए युवाओं को जीवन की चुनौतियों का सामना बिना किसी नशे के करने की प्रेरणा दी। डॉ. प्रभाकर मिश्रा ने नशे के सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी खतरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के विवेक को नष्ट कर देता है कार्यक्रम में श्री राम हरसोरा ने नशामुक्ति की सामूहिक शपथ दिलाई। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने 'संकल्प पत्र' भरकर आजीवन मदिरा और अन्य नशीले पदार्थों का त्याग करने का वचन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं डॉ. आशा सक्सेना ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवाओं का यह संकल्प विद्यार्थियों को नशामुक्ति की दिशा में अग्रणी बनाएगा।

## फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा में राघवेंद्र ने हासिल किए 185 अंक

**सारंगपुर।** सारंगपुर क्षेत्र के मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे राघवेंद्र सिंह राठौड नेमेडिकल ग्रेजुएट (एफएमजीई)



परीक्षा में 185 अंक हासिल करते हुए परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। अब वह आगे भी पढ़ाई करते हुए सर्जन बनकर गरीबों की स्वास्थ्य सेवा करने का लक्ष्य हासिल करना चाहते है। सारंगपुर जनपद पंचायत के ग्राम जबर्दी निवासी ग्राम पंचायत सचिव पद पर कार्यरत शिवराज सिंह राठौड़ के पुत्र राघवेंद्र सिंह राठौड ने रुस के मास्को विश्वविद्यालय एमबीबीएस में प्रवेश लिया था और उन्होंने पढ़ाई पुरी करते हुए भारत आकर फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट (एफएमजीई) परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 185 अंक हासिल किए। 15-15 घंटे की पढ़ाई सफलता हासिल करने के बाद राघवेंद्र सिंह राठौड ने बताया कि उन्होंने प्रतिदिन 15-15 घंटे पढाई की और दिमागी सुकून के लिए नींद 6-7 घंटे लेकर 1 से 2 घंटे अपनी अन्य जरूरी कमो के लिए रखा। उन्होंने बताया कि मेरे पापा का सपना था कि मैं डॉक्टर बनकर अपने गांव में रहूं या दूसरे अन्य पिछडे क्षेत्र में सर्व सुविधा युक्त स्वास्थ्य सेवाएं और सस्ता इलाज मुहैय्या कराना और समाज सेवा करना है। लक्ष्य ये ही है कि अब सर्जन बनकर गरीबों की स्वास्थ्य सेवाएं दूं।


### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई.होम फायनेन्स लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 04 पूर्व दिशा का भाग नया भूखण्ड क्रमांक 10,10/1, 10/2 (मुल-10) स्थित हनुमान नाका यंत्र महल मार्ग पथ न. 01 उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 118.49 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- नारायणदास देवनानी का भवन, पश्चिम में- भवन मुकेश खत्री का, उत्तर मे- अन्य का भवन, दक्षिण मे- रोड़ स्थित है। उक्त संपत्ति संजय खत्री पिता नारायणदास खत्री एवं प्रशांत खत्री पिता राजेश खत्री ने इसके पूर्व स्वामी राजकुमार वर्मा एवं अन्य से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP432022021A1111189 दिनांक 29/12/2021 को क्रय कि। एवं सजंय खत्री एंव प्रशांत खत्री ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबधं नारायणदास देवनानी पिता मोहनलाल देवनानी से किया है। एवं नारायणदास देवनानी आदि ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स लिमिटेड आवेदन किया है। तथा मेरे पक्षकार का उक्त संपत्ति पर बंधक करने जा रहे है। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स लिमिटेड द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार आई.सी.आई.सी.आई.होम फायनेन्स लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार सेव हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा दुकान क्रमांक 121 गिरिराज हेरिटेज माधव क्लब रोड़ विशाल मेगा मार्ट के ऊपर उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 143 पैकी शुक्रवारिया हाट हेबतराव मार्ग वार्ड न. 31 देवास जुनियर तहसील व जिला देवास (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 555 वर्गफीट है। जिसकी चतुर्सीमा पूर्व मे- रोड़, पश्चिम मे- रोड़, उत्तर मे- स्वयं का भवन, दक्षिण मे- भवन मांगीलाल पटाडिया वाला का स्थित है। उक्त संपत्ति श्याम खिची पिता रामचंद्र खिची ने इसके पूर्वस्वामी मोहनलाल पिता रामचंद्र खिची से रजि. हकत्याग पत्र क्रमांक 4581 दिनांक 02/02/2008 के माध्यम से प्राप्त कि। श्याम खिची का स्वर्गवास दिनांक 20/04/2021 को हो जाने के पश्चात उक्त सपत्ति की स्वामी श्रीमति प्रभा खिची हुई। तथा श्रीमति प्रभा खिची ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु सेव हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड में आवेदन किया है तथा मेरी पक्षकार संस्था उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर सेव हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार सेव हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

## भारत ने 46 रन से जीता पांचवां टी-20, ईशान का शतक

**स्पोर्ट्स** । भारत ने न्यूजीलैंड को 46 रन से पांचवां टी-20 हराकर सीरीज 4-1 से जीत ली। शनिवार को तिरुवनंतपुरम में भारत ने बैटिंग चुनी और न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। ईशान ने 42 गेंद पर सेंचुरी लगाई और टीम ने 271 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। न्यूजीलैंड ने फाइट दिखाई, लेकिन टीम 225 रन ही बना सकी। फिन एलन ने 38 गेंद पर 80 रन बनाए। भारत से गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह ने 5 विकेट लिए। अक्षर पटेल को 3 विकेट मिले। वरुण चक्रवर्ती और रिंकू सिंह ने 1-1 विकेट लिया। 20वें ओवर में रिंकू सिंह ने ईश सोढी को कैच कराया। इसी के साथ न्यूजीलैंड 225 पर ऑलआउट हुआ और भारत ने 46 रन से मुकाबला जीत लिया। सोढी ने 15 गेंद पर 33 रन बनाए। 17वें ओवर में अक्षर पटेल ने तीसरा विकेट ले लिया। उन्होंने ओवर की आखिरी गेंद पर लॉकी फर्ग्यूसन को बोल्ड कर दिया। अक्षर ने फिन एलन और ग्लेन फिलिप्स को भी पवेलियन भेजा था। 16वें ओवर में भारत को 2 विकेट मिले। अर्शदीप सिंह ने ओवर की तीसरी बॉल स्लोअर बाउंसर फेंकी। काइल जैमिसन शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद उनके बैट से लगकर स्टंप्स से टकरा गई। जैमिसन ने 9 रन बनाए। अर्शदीप ने फिर पांचवीं गेंद पर डेरिल मिचेल को भी बोल्ड कर दिया। अर्शदीप ने रचिन रवींद्र, टिम साइफर्ट और मिचेल सैंटनर के विकेट भी लिए। 15वें ओवर में न्यूजीलैंड ने छठा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की पहली बॉल वरुण चक्रवर्ती ने गुड लेंथ पर गूगली फेंकी। बेवन जैकब्स बोल्ड हो गए, वे 7 रन ही बना पाए।

## चंडीगढ़ में कैब ड्राइवर के युवती को अश्लील मैसेज

**चंडीगढ।** चंडीगढ़ में कैब ड्राइवर ने युवती को अश्लील मैसेज भेजे। उसने फ्री राइड के बदले शारीरिक संबंध बनाने के लिए कहा। ड्राइवर ने लिखा- जितने पैसे बोलोगी, उतनी पेमेंट करूंगा। उसने इसका विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी। युवती के मुताबिक उसने इसकी पुलिस को शिकायत दी। लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की। इसके बाद सेक्टर-26 थाना की पुलिस ने आरोपी कैब ड्राइवर और युवती को थाने बुलाकर आपसी समझौता करवा दिया। इस दौरान कैब ड्राइवर ने थाने में युवती से माफी मांगी। युवती को देर रात काम से घर लौटना था। इसके लिए उसने इनड्राइव एप के जरिए कैब बुक की थी। रात 12 बजे कैब बुक की थी। युवती ने बताया कि 27 जनवरी की रात वह सेक्टर-26 स्थित अपने कार्यस्थल से घर लौट रही थी। रात करीब 12 बजे उसने सिंधी स्वीट्स के पास से इनड्राइव एप के जरिए कैब बुक की। कैब को राम नाम के ड्राइवर ने एक्सेप्ट किया। एप पर उसकी फोटो और कार नंबर भी मौजूद था। आरोपी की कार स्विफ्ट डिजायर थी। ड्राइवर ने आपत्तिजनक मैसेज भेजे। युवती ने बताया कि कैब बुक होने के बाद आरोपी ने मैसेज कर पूछा कि वह अकेली है या नहीं। इसके बाद उसने लगातार आपत्तिजनक संदेश भेजने शुरू कर दिए। पहले बॉयफ्रेंड को लेकर सवाल किए, फिर फ्री राइड के बदले शारीरिक संबंध बनाने की पेशकश कर दी। आरोपी ने यह भी कहा कि जितने पैसे बोलोगी, उतनी पेमेंट करूंगा। युवती ने बताया कि जब उसने वॉट्सएप चैट पर इसका विरोध किया तो आरोपी ने पहले माफी मांगी और फिर धमकाने लगा। उसने लिखा कि वह अभी मिलने आ सकता है और जरूरत पड़ी तो पुलिस थाने भी पहुंच जाएगा। थाने का नाम और लोकेशन मांगी। युवती ने बताया कि उसने पुलिस को शिकायत देने की बात कही तो वह थाने का नाम और लोकेशन मांगने लगा। बारिश और देर रात होने के कारण वह काफी डर गई थी।

## गैंगरेप पीडित की मौत, गांव में तनाव,4 थानों की फोर्स तैनात रही

**मेरठ।** मेरठ में बंधक बनाकर गैंगरेप के बाद 14 साल की लडकी ने जहर खा लिया। अस्पताल में 5 दिन तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद शुक्रवार रात उसने दम तोड दिया। पीडित की मौत के बाद परिवार ने हंगामा कर दिया। पुलिस पर एक्शन न लेने का आरोप लगाया। पुलिस ने आनन-फानन में देर रात ही लडकी का पोस्टमॉर्टम कराया और फोर्स के साथ डेडबॉडी गांव भेज दी। पीड़ित के भाई का कहना है कि पुलिस रात में ही शव के अंतिम संस्कार का दबाव बना रही थी, लेकिन हमने साफ कह दिया कि जब तक मंत्री नरेंद्र कश्यप हमसे मिलने नहीं आएंगे, तब तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। हालांकि करीब 20 घंटे बाद शनिवार दोपहर 1 बजे परिवार को समझाने के बाद बाद रेप पीडिता का अंतिम संस्कार कराया गया। पुलिस मामले को अफेयर से जुडा हुआ बता रही है। हालात तनावपूर्ण देख बहसूमा गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। 4 थानों की पुलिस तैनात रही। जगह-जगह बैरिकेडिंग लगाकर लोगों को गांव में जाने से रोक दिया गया। राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ताओं को पीड़ित परिवार से मिलने नहीं दिया गया। मेडिकल अस्पताल के मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद ने बताया- 26 जनवरी की सुबह मरीज को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। भर्ती के बाद से ही मरीज वेंटिलेटर पर था। बीच में उसकी हालत में हल्का सुधार भी देखा गया, लेकिन गुरुवार सुबह से फिर स्थिति बिगड़ने लगी। इलाज के दौरान शुक्रवार शाम को मरीज ने दम तोड़ दिया।

## जयपुर में फैक्ट्री में ऑक्सीजन सिलेंडर ब्लास्ट, 1 की मौत

**जयपुर।** जयपुर के विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार शाम को एक फैक्ट्री में ऑक्सीजन सिलेंडर फट गया। धमाका इतना जोरदार था कि फैक्ट्री की ऊपर का टिन शेड उड़ गया और एक दीवार गिर गई। सिलेंडर ब्लास्ट में 1 व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि 2 लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही विश्वकर्मा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला है। सूचना पर दमकल की गाडियां भी मौके पर पहुंची। विश्वकर्मा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, विश्वकर्मा के रोड नंबर 17 पर करणी विहार कॉलोनी में स्थित एक फैक्ट्री में ऑक्सीजन सिलेंडर भरने का काम किया जाता है। रात करीब 7: 45 बजे सिलेंडर भरे जा रहे थे, तभी एक सिलेंडर फट गया।

# शाजापुर में शुक्रवार की रात दो सड़क हादसों में 4 लोग घायल

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



शहर के लालघाटी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात रफ्तार के कहर ने कोहराम मचा दिया। एक ही रात में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में कुल 4 लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। पहली घटना रात करीब 9 बजे दुपाड़ा रोड पर सहज पब्लिक स्कूल के पास घटी। यहां तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइकों के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में खेरखेड़ी निवासी नितेश गुर्जर शामिल हैं, जिनके सिर में गंभीर चोट आई है। वहीं दूसरी बाइक पर आगर जिले के ग्राम पचेटी निवासी राजेश चौहान और कुलदीप चौहान सवार थे, जो शाजापुर लौट रहे थे। हादसे के तुरंत बाद वहां से गुजर रहे एक ऑटो रिक्शा चालक ने मानवता का परिचय दिया। उन्होंने बिना देरी किए तीनों घायलों को अपने ऑटो में बैठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जिससे उन्हें समय पर इलाज मिल सका।

### सड़क पर घायल मिला अज्ञात युवक

दूसरी घटना रात करीब 12 बजे जेल रोड इलाके में हुई, यहां सड़क पर एक अज्ञात व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर घायल युवक को संभालते हुए जिला अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी है और उसका इलाज जारी है।

# युवक द्वारा आत्महत्या करने पर परिजनों ने पुलिस पर लगाया प्रताडना का आरोप



दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

युवक द्वारा आत्महत्या करने पर परिजनों ने पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत की है। शनिवार को मृतक के परिजन शाजापुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। सुरेश सिंह पिता मांगीलाल निवासी चौकी हिदायतपुर थाना सलसलाई ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिए ज्ञापन में बताया कि उनके पुत्र सतीश 21 वर्ष का विपक्षी की पुत्री से प्रेम प्रसंग था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते दिनांक 28 जनवरी 2026 को आरोपियों के द्वारा सतीश और उसके दोस्तों भेरुसिंह, रोहित और धर्मेन्द्र को एक कमरे में बंद कर लोहे की रॉड और लाठियों से बेरहमी से पीटा गया। मृतक के पिता सुरेश सिंह का आरोप है कि जब वे इस मारपीट और जान से मारने की धमकी की शिकायत लेकर 29 जनवरी 2026 को बेरछा थाने पहुंचे, तो वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनकी रिपोर्ट लिखने से इनकार कर दिया। आवेदन में यह भी उल्लेख है कि पुलिस ने फरियादी पक्ष को ही धमकाते हुए कहा, अगर ज्यादा करोगे तो तुम सब को अंदर कर देंगे।

### आहत होकर उठाया आत्मघाती कदम

मृतक के पिता का आरोप है कि एक तरफ विपक्षियों द्वारा जान से मारने की धमकी और दूसरी तरफ पुलिस द्वारा सहयोग न मिलने व उल्टी कार्रवाई के डर से सतीश अत्यधिक मानसिक तनाव में आ गया था और इसी भय के कारण सतीश ने 30 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 1 बजे अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यदि बेरछा पुलिस समय रहते रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करती, तो उनके बेटे की जान बच सकती थी। पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## तिरुपति मंदिर बोर्ड बोला-लड्डू मामले में क्लीन चिट नहीं दी

**तिरुपति।** तिरुपति मंदिर के लड्डू में मिलावट के मामले में मंदिर के बोर्ड तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने कहा का उसने किसी को भी क्लीनचिट नहीं दी है। बोर्ड के चेयरमैन बीआर नायडू ने शुक्रवार को तिरुपति में पद्मावती रेस्ट हाउस में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि स्ढ्ढञ्ज की चार्जशीट में श्रीवारी लड्डू बनाने में मिलावटी घी की मौजूदगी साफ तौर पर साबित हुई है। उन्होंने कहा कि कुछ समूह झूठा दावा करके भक्तों को गुमराह कर रहे हैं कि इस मामले में क्लीन चिट दे दी गई है। दरअसल, सीबीआई ने फाइनल चार्जशीट में कहा है कि लड्डुओं में पशु चर्बी नहीं, मिलावटी घी का इस्तेमाल हुआ था।

## ईरान के 7 शहरों में धमाकों की खबर, 5 मौतें

**तेहरान।** ईरान के कम से कम 7 शहरों में धमाकों की खबर है। अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार को राजधानी तेहरान, परंद, तबरीज, कोम, अहवाज, नंताज और बंदर अब्बास में विस्फोट हुए। तुर्किये की न्यूज एजेंसी अनादोलु के अनुसार धमाकों में कम से कम 5 लोगों की मौत हुई है और 14 घायल हैं। हालांकि, अभी ईरान सरकार की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। वहीं इजराइल के दो अधिकारियों ने मीडिया से कहा है कि इन विस्फोटों में इजराइल शामिल नहीं है। ईरानी समाचार एजेंसी तसनीम ने सोशल मीडिया पर चल रही उन खबरों को गलत बताया है, जिनमें कहा जा रहा था

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बापू को दी गई श्रद्धांजलि, छात्रों ने लिया नशा न करने का संकल्प

**शाजापुर।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के.एस.एन. शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान महाविद्यालय परिवार ने बापू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नशामुक्ति का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राओं द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. वी.पी. मीणा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए नशे के गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं हर प्रकार के नशे से दूर रहें, बल्कि अपने साथियों और समाज को भी इस बुरी आदत से बचाने का प्रयास करें।

## शाह बोले बंगाल में एसआईआर से घुसपैठिए बाहर होंगे

**कोलकाता।** गृहमंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना में कहा कि, ममता सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। बंगाल के लोग ञ्जरूष्ट को उखा? फेकेंगे। इनकी विदाई का समय आ गया है।

ममता जी को एसआईआर का जितना विरोध करना हैं कर लें। मतदाता सूची से घुसपैठियों को निकालना ही पड़ेगा। जो बचे घुसपैठिये रह जाएंगे वो भाजपा का सीएम आकर निकाल देगा। साल 2026 एसआईआर को टाटा, बाय-बाय कहने का साल है।

साल 2026को टाटा, बाय-बाय कहने का साल है। ञ्जरूष्ट तो कम्युनिस्टों से भी आगे निकल गई है। जब मैं पहले आया था, तो मैंने कहा था कि पश्चिम बंगाल में भारी बहुमत से क्चछ्वक्क की सरकार बनेगी। उस समय ममता बनर्जी मेरा मजाक उड़ा रही थीं। लेकिन जब भगवान राम ने राम सेतु बनाया था, तो रावण ने भी इसी तरह उनका मजाक उड़ाया था।

2024 में तीन दशक के बाद पहली बार मोदी लगातार तीसरी बार इस देश के प्रधानमंत्री बने हैं। 24 में ही हमने आंध्र प्रदेश में सरकार बनाई। हमने ओडिशा में सरकार बनाई। अरुणाचल में तीसरी बार सरकार बनाई। 2025 में हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में 30 साल के बाद सरकार बनाई और 25 का अंत आते-आते बिहार में भी प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा और एनडीए की सरकार बनी।

# पीएम मोदी के पंजाब दौरे से पहले ब्लास्ट की धमकी



**जालंधर।** मोदी 1 फरवरी को करीब 4 बजे डेरा बल्लां पहुंचेंगे। इससे पहले डीजीपी गौरव यादव ने सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे से एक दिन पहले (31 जनवरी को) जालंधर के 4 स्कूलों में बम ब्लास्ट की धमकी मिली है। सूचना मिलते ही थाना-7 अर्बन एस्टेट पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां एक्टिव हो गईं और सर्च ऑपरेशन चलाया।

पुलिस ने कहा कि पहले कैंब्रिज स्कूल को धमकी मिली थी। अब 3 और स्कूल- पठानकोट चौक के पास स्थित केएमवी संस्कृति स्कूल, ब्रिटिश ओलिवा स्कूल और सीजेएस पब्लिक स्कूल को धमकी भरा ईमेल भेजा गया। हालांकि जांच के इस दौरान कुछ नहीं मिला है। आज गुरु रविदास महाराज की जयंती पर शोभायात्रा के चलते जालंधर के स्कूलों की छुट्टी है। कैंब्रिज स्कूल को भेजे गए ईमेल में लिखा गया है कि मोदी के दौरे को लेकर बम ब्लास्ट होगा। मेल को 'बिल्ली हाल' के नाम से भेजा गया। अंदर लिखा- आज 3-4 स्कूलों में बम धमाका होगा। हम गुरु रविदास जी की फुल रिस्पेक्ट करते हैं। लेकिन मोदी खालिस्तान वालों का दुश्मन है। खालिस्तानियों का बाबा निरंजन दास के साथ कोई गिला-शिकवा नहीं है। मसला मोदी का है। निज्जर की मौत का जिम्मेदार कौन है...बदला...बदला...बदला। निशाने पर डेरा बल्लां। उधर, पीएम मोदी 1 फरवरी को पौने 4 बजे जालंधर पहुंचेंगे और 2 बडी सौगात देंगे। इसमें आदमपुर एयरपोर्ट का नामकरण श्री गुरु रविदास जी एयरपोर्ट करेंगे। इसके साथ ही लुधियाना के हलवारा एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का वर्चुअली उद्घाटन करेंगे।

**नाम परिवर्तन जाहिर सूचना**

पूर्व में मुझे रोहित प्रेशवानी (ROHIT PRESHWANI) पिता प्रताप प्रेशवानी (PRATAP PRESHWANI), माता श्रीमती खुशबू प्रेशवानी (KHUSHBOO PRESHWANI) के नाम से जाना जाता था । वर्तमान में मैंने अपना सरनेम परिवर्तन कर लिया है मुझे अब रोहित पेशवानी (ROHIT PESHWANI) पिता प्रताप पेशवानी (PRATAP PESHWANI) , माता श्रीमती खुशबू पेशवानी (KHUSHBOO PESHWANI) के नाम से जाना जावे।

इति दिनांक-29.01.2026

**रोहित पेशवानी (ROHIT PESHWANI)**
**पिता प्रताप पेशवानी (PRATAP PESHWANI)**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी नेपाल सिंह पिता श्री मांगू सिंह जाति राजपूत निवासी व कृषक ग्राम कढाई तहसील मकाडोन जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 811/1 रकबा 1.57 हेक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 1.57 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम कढाई तहसील मकाडोन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो । इति दिनांक 31-01-2026

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड दुकान क्रमांक 07**
**ग्राम घटिया जिला उज्जैन**
**मो. 8719997462,9584898788**

## सालभर में ठगी गई 2 करोड की राशि पुलिस ने कराई वापस



**उज्जैन।** सायबर अपराधों में ऑनलाइन धोखाधडी का शिकार होने वाले लोगों की राशि वापस कराने में पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। पिछले वर्ष 2025 में पुलिस ने 2 करोड से अधिक की राशि लोगों को वापस कराने में अपनी भूमिका निभाई है।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देशन में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और पीडितों को जल्द राहत प्रदान करने के उद्देश्य से साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में उज्जैन पुलिस ने वर्ष 2025 के दौरान ऑनलाइन हुई ठगी की शिकायतों में पीडितों को 2 करोड से अधिक की राशि वापस कराने में अपनी भूमिका निभाई है। पुलिस द्वारा ठगी की शिकायत मिलते ही तकनीकी विश्लेषण के साथ बैंकों से समन्वय स्थापित कर राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम राशि को होल्ड कराया गया है। जिसे विधिसम्मत प्रक्रिया के माध्यम से शिकायत करने वालों के खातों में वापस करा आर्थिक क्षति से बचाया है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार आगे भी इसी प्रकार की प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। आम नागरिको से अपील है कि किसी भी प्रकार की सायबर धोखाधडी, ऑनलाइन ठगी या संदिग्ध डिजिटल लेनदेने की स्थिति में बिना देरी किये राष्ट्रीय सायबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराये। जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## नवजोत सिद्धू की पत्नी ने कांग्रेस छोड़ी




**अमृतसर।** पूर्व क्रिकेटर और पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने शनिवार को कांग्रेस छोडने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि उस कांग्रेस को अलविदा कह दिया है, जहां मेहनती और काबिल नेताओं की बात नहीं सुनी जाती और जहां फैसले निजी स्वार्थों के आधार पर लिए जाते हैं।

उन्होंने पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग पर निशाना साधा। नवजोत कौर ने कहा कि राजा वड़िंग अब तक के सबसे भयानक और भ्रष्ट अध्यक्ष। आपने कांग्रेस को तबाह करने के लिए मुख्यमंत्री के साथ हाथ मिलाकर खुद को जेल जाने से बचाया है। आपने अपने फायदों के लिए आम आदमी पार्टी के साथ साठगांठ करके पार्टी को बेच दिया है। उन्होंने आगे लिखा कि आपने मेरे लिए सस्पेंशन लेटर तैयार रखा था। लेकिन उन करीब 12 वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का क्या जो नवजोत को नुकसान पहुंचाने के लिए मजीठिया के साथ मिलकर काम कर रहे थे और आपने नवजोत को हराने के बदले उन सभी को बड़े पदों से नवाजा। नवजोत कौर ने कहा कि मेरे पास आपको बर्बाद करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। लेकिन मुझे इसमें कोई दिलचस्पी नहीं है, क्योंकि मैंने खुद उस कांग्रेस को छोड़ दिया है जहां किसी होनहार नेता की बात नहीं सुनी जाती। आपने मेरी सीट पर मुझे हराने के इरादे से लोग बिठाए। आशु, चन्नी, भट्टल, डॉ. गांधी और कई अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ आपकी कार्रवाई कहां है, जिन्होंने आपको और आपकी पार्टी को खुलेआम चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि आप बस एक मजाक बनकर रह गए हैं और लोग आपकी रील्स का आनंद ले रहे हैं। नवजोत से प्यार करने वाले कांग्रेस नेताओं का अपमान करना बंद करें। आप पार्टी को जिताने के बजाय उसे खत्म करने में ज्यादा व्यस्त हैं। अपनी ही पार्टी, जो आपकी मातृ संस्था है, के प्रति ईमानदार न होने पर आपको शर्म आनी चाहिए। आप पहले ही काफी नुकसान कर चुके हैं।

## तीसरी के छात्र की गोली लगने से मौत

**भोपाल।** भोपाल के गौतम नगर इलाके में तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले 12 वर्षीय छात्र इब्राहिम की सिर में गोली लगने से मौत हो गई। अब मामले में पिता का बयान सामने आया है, जिसमें अवैध पिस्टल से गोली चलने की बात कही गई है। मृतक बच्चे के पिता रिजवान लाला के बयान पुलिस ने दर्ज कर लिए हैं। रिजवान ने बताया कि उसका जीजा वाहीद नूर, निवासी जहांगीराबाद, करीब एक महीने तक बक्श कॉलोनी, जेपी नगर स्थित उनके मकान में रहकर गया था। इसी दौरान उसकी एक अवैध कंट्री मेड पिस्टल घर में रह गई, जिसकी जानकारी उन्हें नहीं थी। पिता के मुताबिक शुक्रवार को घर में सफाई चल रही थी। इसी दौरान बच्चे के हाथ पिस्टल लग गई। देर रात करीब 1: 50 बजे बच्चा घर की बालकनी में खून से लथपथ अचेत अवस्था में मिला। घटना के समय रिजवान लाला दोस्तों के साथ परवलिया सड़क स्थित एक ढाबे पर थे। तभी पत्नी का फोन आया, जिसमें बच्चे के घायल होने की सूचना मिली। लाल घेरे में बालकनी, जहां मिला था खून से लथपथ बच्चा। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। परिजन बच्चे को तत्काल कमला नेहरू अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां शनिवार सुबह करीब 11 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर गौतम नगर पुलिस अस्पताल और फिर घटनास्थल पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। शनिवार सुबह एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्पॉट का मुआयना भी किया। एसीपी राकेश बघेल के मुताबिक, गोली बच्चे की कनपटी से आर-पार हुई है। डॉक्टरों से बातचीत में यह पुष्टि हुई है कि गोली बेहद पास से चलाई गई। इससे यह संकेत मिलता है कि बच्चे ने स्वयं कनपटी पर पिस्टल रखकर फायर किया। हालांकि, पुलिस यह स्पष्ट नहीं कर रही है कि यह आत्महत्या थी या गलती से गोली चल गई। सभी एंगल से जांच की जा रही है।

## कांग्रेस बोली-ट्रम्प के फायदे के लिए मोदी इजराइल में नाचे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन की फाइल्स में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी नाम है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने ङ्ग पर दो पोस्ट की हैं। उन्होंने लिखा- यह राष्ट्रीय शर्म का विषय है। पीएम किसलिए जेफ्री एपस्टीन की सलाह ले रहे थे। पहली पोस्ट में खेड़ा ने लिखा है कि जेफ्री एपस्टीन को अमेरिका में मानव तस्करी, नाबालिगों के यौन शोषण और बलात्कार का दोषी ठहराया है, वो लिखता है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसकी सलाह मानी। अमेरिका के राष्ट्रपति को फायदा पहुंचाने के लिए इजराइल में नाच-गाना किया। कुछ हफ्ते पहले उनकी मुलाकात हुई थी और यह काम कर गया। खेड़ा ने अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की लिंक शेयर करते हुए लिखा है कि भारत के पीएम का ऐसे बदनाम व्यक्ति के इतने करीब होना, उनके फैसलों, पारदर्शिता और कूटनीतिक मर्यादा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। अब यह साफ है कि पीएम का एपस्टीन के साथ सीधा संबंध रहा है, जिसकी अब तक कोई साफ वजह सामने नहीं आई है। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी करके एपस्टीन फाइल्स में लगाए गए आरोपों का खंडन किया। सरकार ने कहा- एपस्टीन घोषित अपराधी है। उसकी बातें गंभीरता से नहीं लेनी चाहिए।

न्यूज-कॉलम

## राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए जानवी जैन का चयन



**मंदसौर।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर की एन.एस.एस. स्वयंसेविका जानवी जैन का चयन सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए हुआ है। यह शिविर 4 से 10 फरवरी तक टी.एम. भागलपुर विश्वविद्यालय, बिहार में आयोजित होगा। जानवी यहाँ सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के दल के साथ मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय शिविर विद्यार्थियों में सांस्कृतिक समन्वय और प्रतिभा निखारने का अवसर देते हैं। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने बताया कि इस शिविर में देश भर के युवा अपनी लोक कलाओं और संस्कृति का आदान-प्रदान करेंगे। इस सफलता पर डॉ. ललिता लोधा, जिला संगठक डॉ. के.आर. सूर्यवंशी आदि ने बधाई दी है।

## जांगड़ा पोरवाल समाज का आज परिचय सम्मेलन

**मन्दसौर।** जांगड़ा पोरवाल समाज का 15वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन आज 1 फरवरी, रविवार को स्थानीय लॉ कॉलेज परिसर में किया जा रहा है। श्री जांगड़ा पेरवाल समाज न्यास मंदसौर के अध्यक्ष रमेश चंद्र सेठिया व सचिव जगदीश काला ने बताया कि 14 वर्षों से मन्दसौर में यह अनूठा आयोजन किया जा रहा है, मंच माला से परे होने से इस सम्मेलन के प्रति समाज बंधुओं का लगातार रुझान बढ़ता जा रहा है। इस सम्मेलन में ना कोई मंच होता है और ना माला होती है। इसमें सम्मिलित होने के लिए पंजीयन आवश्यक होता है। विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय भी अनूठे तरीके से करवाया जाता है। परिचय सम्मेलन से पूर्व एक स्मारिका प्रकाशित की जाती है। ताकि स्वजातीय बंधु अपने पुत्र- पुत्री के लिये वर-वधु का चयन कर सके।

## आर्ट ऑफ लिविंग का नाड़ी परीक्षण शिविर 6 को

**मन्दसौर।** आर्ट ऑफ लिविंग से संबंधित श्री श्री आयुर्वेद ट्रस्ट द्वारा 6 फरवरी, शुक्रवार को प्रातः 9 से दोप. 1 व दोप. 3 से सायं 5 बजे तक डिवाइन शॉप ,प्रियांशी आर्किटेक्ट, इंदौरा नमकीन के पास रोड नं. 3 कालाखेत मंदसौर पर नाड़ी परीक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग श्री श्री आयुर्वेद ट्रस्ट अधिकृत प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य डॉ. मानस परिहार बैंगलोर नाड़ी के माध्यम से मानसिक एवं शारीरिक विकारों परीक्षण करेंगे। चिनमय कियावत ने बताया कि नाड़ी परीक्षण रोग निदान की एक प्रभावशाली किफायती तथा हानिरहित पद्धति है। इससे अनेक असाध्य रोगों को नियंत्रण में लाया जा सकता है। नाड़ी परीक्षा खाली पेट या भोजन लेने के ढाई घण्टे के बाद की जाती है। इस दौरान जल ग्रहण किया जा सकता है।

## मंदसौर की बालिका टीम ने दूसरी बार जीता खिताब



**मन्दसौर।** मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवक कल्याण विभाग भोपाल और मध्य प्रदेश एमेच्योर वॉलीबॉल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान मे केंद्र शासन के खेलो इंडिया गेम्स के तर्ज पर 28 से 30 जनवरी तक भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय खेलो एम.पी यूथ गेम्स वॉलीबॉल गेम्स में मंदसौर जिले की यूथ की बालिका टीम ने उज्जैन जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बालिका टीम ने पहला मैच उज्जैन जोन ने आरसीसी भोपाल 2-1 से दूसरे मैच में जबलपुर जोन को 2-0 से पराजित करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया और चंबल जोन 2-0 व सेमीफाइनल में शहडोल 3-0 को पराजित करके, खेलो एमपी यूथ वॉलीबॉल गेम्स उज्जैन जोन की बालिका टीम ने फाइनल मैच में छिंदवाड़ा जोन को 3-1 पराजित करके , खेलो एमपी यूथ गेम्स में बालिका वॉलीबॉल का खिताब दूसरी बार अपने नाम करके स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 7771090777, 7773077762

# रतलाम में पहली बार दूरबीन द्वारा दिमाग की सर्जरी : डॉ. मिलेश नागर ने रचा इतिहास

**ओम त्रिवेदी**

**रतलाम।** रतलाम जैसे शहर में अत्याधुनिक दूरबीन विधि से ब्रेन सर्जरी होना चिकित्सा जगत में एक बड़ी उपलब्धि है। इस तकनीक से 69 साल के मरीज रामलाल मेंहरू का जीवन बचाया गया।

रामलाल मेंहरू को बेहोशी की हालत में ऑक्सीजन सपोर्ट पर अस्पताल लाया गया। उनके दिमाग में दबाव के कारण खतरा था। डॉक्टर ने तुरंत स्कैन कराया। पता चला कि दिमाग में खून का थक्का जमा हुआ है (सबड्यूरल हेमरेज)। स्थिति गंभीर थी, इसलिए ऑपरेशन जरूरी था।

**बिना बड़े चीरे के ऑपरेशन**

आम ब्रेन सर्जरी में सिर में बड़ा चीरा लगाकर खोपड़ी खोली जाती हैं



लेकिन डॉक्टर नागर ने दूरबीन विधि का इस्तेमाल किया। इसके फायदे हैं- छोटा चीरा:सिर में सिर्फ बहुत छोटा छेद होता है। जल्दी ठीक होना:मरीज जल्दी स्वस्थ होकर अपने काम पर लौट सकता है। सटीकता:दूरबीन से दिमाग के अंदर साफ दिखाई देता है और खून का थक्का पूरी तरह हटाया जा सकता है।

**मरीज अब पूरी तरह ठीक हैं**

ऑपरेशन सफल रहा। रामलाल मेंहरू की हालत में अब काफी सुधार हुआ है। ऑपरेशन के बाद अगले ही दिन मरीजपूरी तरह होश में आ गए और दूसरे ही दिन चलने फिरने भी लग गए, चौथे ही दिन उनकी छुट्टी भी हो गई थी।अब रतलाम में ऐसी तकनीक होने से मरीजों को बड़े शहरों जैसे इंदौर या अहमदाबाद नहीं जाना पड़ेगा।

**डॉ.मिलेश नागर का कहना**

हमारा उद्देश्य रतलाम के मरीजों को ही स्थानीय स्तर पर बेहतरीन न्यूरो सुविधाएं देना है। दूरबीन विधि सुरक्षित है, दर्द कम होता है और मरीज जल्दी अस्पताल से छुट्टी पा जाता है।

रतलाम के राघव न्यूरो ट्रॉमा केयर सेंटर में न्यूरो की सुविधा अत्याधुनिक है, जो गंभीर न्यूरोलॉजिकल मरीजों के लिए विशेष देखभाल प्रदान करती है। यहां न्यूरो सर्जन डॉ. मिलेश नागर की अगुवाई में एक प्रशिक्षित टीम है, जो ब्रेन हैमरेज, हेड इंजरी, स्ट्रोक, और अन्य जटिल न्यूरो समस्याओं का इलाज करती हैख। इसके साथ ही, प्रशिक्षित स्टाफ और 24-7 क्रिटिकल केयर सेवाएं मरीजों को बेहतर परिणाम देने में मदद करती हैं।

# सेना केवल नौकरी नहीं, बल्कि सम्मान के साथ देश सेवा का अवसर

## उत्कृष्ट विद्यालय में करियर मंथन का हुआ समापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मन्दसौर में पांच दिवसीय करियर मार्गदर्शन मेले का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं वंदन के साथ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय सेना के सूबेदार सरताज आलम ने विद्यार्थियों को भारतीय सेना में करियर के विभिन्न विकल्पों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेना केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि सम्मान के साथ देश सेवा का एक अवसर है। उन्होंने भर्ती की शारीरिक और मानसिक तैयारियों पर छात्रों का मार्गदर्शन किया।

मुख्य मार्गदर्शक और एनसीसी प्रभारी सेकंड ऑफिसर हरीश कुमार परिहार ने कहा कि आज का दौर पारंपरिक नौकरियों से आगे निकलकर एआई, डेटा साइंस और डिजिटल स्किल्स की ओर बढ़ रहा है। विद्यार्थियों को करियर का चयन करते समय भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अपने कौशल का विकास करना चाहिए।

विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार दवे की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम का सफल आयोजन शिक्षिका श्रीमती ममता मोदी के निर्देशन में संपन्न हुआ। आयोजन के अंत में विद्यार्थियों द्वारा दिए गए फीडबैक फॉर्म का संकलन किया गया। इसमें छात्रों ने अपने द्वारा चुने गए भावी करियर विकल्पों की जानकारी साझा की और इस पांच दिवसीय मेले को अपने भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। मंच संचालन काउंसलर प्रभारी सुरभि शर्मा द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ शिक्षक बाबूलाल जोशी ने किया।

## विधायक दक्षिण मण्डल में 60 लाख से अधिक के विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन

**नीमच।** आज 1 फरवरी को नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार विधानसभा के दक्षिण मंडल के दौरे पर रहेंगे, जहां वे अरनिया चुंडावत में कम्युनिटी हॉल डोम का भूमिपूजन करेंगे। साथ ही वनांचल की दोनों पंचायतों अमावली जागीर ओर घसुंडी जागीर में भी डोम का भूमिपूजन तथा सीसी रोड, टीन शेड का भी पूजन करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए दक्षिण मण्डल के मंडल अध्यक्ष मदन गुर्जर ने बताया कि विधायक श्री परिहार इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को हल करने तथा अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने कार्यकर्ता ओर क्षेत्र की जनता से चौपाल पर मुलाकात कर सरकार की रीति नीति और योजनाओं के कियान्वय से अवगत कराएंगे। श्री गुर्जर ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं और डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश नए आयाम स्थापित कर रहा है। नीमच विधानसभा में भी विधायक दिलीप सिंह परिहार ने क्षेत्र के विकास में चार चांद लगा दिए है हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे है।इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जनसिंह चौहान, उपस्थित थे।

# श्री सुनील मेहता की सेवानिवृत्ति पर नगर परिषद ने दी भावभीनी बिदाई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी

नागर ब्राह्मण समाज के आधार स्थंभ श्री सुनील मेहता निवासी अभिनंदन कालोनी मंदसौर द्वारा लगभग 39 वर्ष तक नगर ईकाई में उद्यान सुपरवाईजर के पद पर रहते हुए पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सराहनीय सेवा प्रदान कर 30 जनवरी 26 को सेवानिवृत्त हुए। इसी उपलक्ष्य में स्थानीय नगर परिषद पिपलिया मंडी द्वारा सभा कक्ष में श्री मेहता परिषद द्वारा शाल श्रीफल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया, इसी बीच नगर परिषद में विगत तीन माह तक मु.न.पा.अधिकारी रहे श्री प्रमोद जैन का भी स्वागत सम्मान कर दोनों को ढोल धमाके के साथ भावभीनी बिदाई दी गई।इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सेन, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया, उपाध्यक्ष भरत सिंह सोनगरा पार्षद सरफराज देव पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र माहवर, पार्षद प्रतिनिधि कमल तिवारी, बलराम सौलंकी, विधायक प्रतिनिधि लोकेश कराड़ा, लेखापाल महावीर जैन, इंजिनियर राजेश



उपाध्याय सहित सभी कर्मचारियों ने दोनों सेवानिवृतयों का सम्मान किया।इस मौके पर नागर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बाबूलाल नागर, सचिव सतीश नागर, कलेक्टर के पूर्व स्टेनो बाबू ओमप्रकाश नागर-जगदीश नागर, समाज के पूर्व अध्यक्ष रमेश नागर ,कमल मेहता तथा नारायण गड़ नगर परिषद व मंदसौर नगर पालिका कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उद्यानिकी अधिकारी आदील भाई कुरेशी ने किया।इसी उपलक्ष्य में श्री मेहता परिवार द्वारा भी दूसरे दिन मंदसौर में स्वागत समारोह का आयोजन रखा गया।

# सहज और बोलचाल की भाषा ही लेखन की असली आत्मा है - ज्ञान चतुर्वेदी

## सीतामऊ साहित्य महोत्सव का हुआ समापन, नॉलेज कुंभ में देश भर के साहित्यकारों ने साझा किए विचार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर।

नटनागर शोध संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय द्वितीय सीतामऊ साहित्य महोत्सव का शनिवार को समापन हुआ। देशभर से आए विद्वानों, इतिहासकारों और कलाकारों की उपस्थिति में यह आयोजन एक च्नॉलेज कुंभज के रूप में उभरा।

समापन दिवस पर पद्मश्री ज्ञान चतुर्वेदी ने कहा कि कविता संवेदना से जन्म लेती है। सहज और बोलचाल की भाषा ही लेखन की असली आत्मा है। पर्यावरणविद् रजा काजमी ने च्आइने-ए-अकबरीज का संदर्भ देते हुए कहा कि इतिहास स्वयं को दोहराता है। उन्होंने नई पीढ़ी को प्रकृति से जुड़ने का आह्वान किया। साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता जेरी पिंटो ने जोर दिया कि अंग्रेजी के साथ-साथ अपनी जड़ों को मजबूत करने के लिए हिंदी पढ़ना भी अनिवार्य है। फिल्मफेयर विजेता प्रशांत पांडे ने च्सुवासरा से फिल्मफेयर तकज के अपने सफर से युवाओं को प्रेरित किया।

समापन अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने कहा, च्इस महोत्सव की जड़ें अब मजबूत हो चुकी हैं, जो भविष्य में एक वृहद वृक्ष का रूप लेंगी।ज उन्होंने स्थानीय संस्कृति और राष्ट्रीय स्तर के विचारों के इस मिलन को अत्यंत सफल बताया। सुवासरा विधायक ने नटनागर शोध संस्थान को ज्ञान का अनुपम केंद्र बताते हुए सफल आयोजन की बधाई दी। पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा ने कहा कि यह महोत्सव स्व. डॉ. रघुवीर सिंह जी को सच्ची श्रद्धांजलि है।

कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मनोज शुक्ला, अनिल पांडे सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पुलिस की अपराधियों पर सर्जिकल स्ट्राइक एक ही रात में 203 वारंटी गिरफ्तार



**मन्दसौर।** जिले में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के नेतृत्व में कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया, जिसके तहत पूरी 30 व 31 जनवरी के बीच की पूरी रात चली कार्रवाई में पुलिस ने 203 वारंटियों को धरदबोचा। इस दौरान पुलिस की 46 टीमों में शामिल 450 से अधिक जवानों ने पूरे जिले की घेराबंदी की। इस विशेष अभियान के दौरान थाना सीतामऊ द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी अनवर (49) पिता हुसैन मंसूरी निवासी नाटाराम को गिरफ्तार किया। साथ ही पुलिस ने 134 स्थायी वारंटी जिनमें इनमें धारा 138 के 50, विद्युत अधिनियम के 31 एवं अन्य 53 वारंटी शामिल हैं को पकड़ा। वहीं 65 गिरफ्तारी वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गश्त के दौरान न केवल वारंटियों को पकड़ा गया, बल्कि जिले के कुख्यात बदमाशों की भी चेकिंग की गई। कुल 101 निगरानी बदमाशों और 93 गुंडा बदमाशों (कुल 194) सहित जिलाबदर आरोपियों की उनके निवास पर जाकर चेकिंग की गई। अवैध शराब के मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने कुल 26 प्रकरण दर्ज कर 26 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 106.84 लीटर अवैध शराब जब्त की गई।

**In The Court Of II Additional District Judge, District Court, Ujjain**
Presiding Officer श्री हेमन्त सविता
(आदेश ५ नियम २० व्यवहार प्रक्रिया संहिता १९०८ के अन्तर्गत प्रशाशन हेतु) (UN CIV/0000293/2024)
श्रीमती रीना -वादी
विरुद्ध
सराफत अली -प्रतिवादी
Process Id/2026
पेशी दिनांक :- 12.03.2026
(1) आसिफ मोहम्मद पिता याकुब पठान पला- सादडी रोड नाका नं 4 बगाना पुलिस थाना बयाना जिला नीमच मप्र
यह कि प्रार्थीगण क्रं. 1 श्रीमती रीना पत्नि स्व. जितेन्द्रसिंह आंजना, आयु ३० वर्ष, धंधा गृहकार्य, क्र.2 कु. काव्या पुत्री स्व. जितेन्द्रसिंह, आयु-९ वर्ष, धंधा-पढाई, क्रं.3 कु. महक पुत्री स्व. जितेन्द्रसिंह, आयु-4 वर्ष, धंधा-पढाई, क्र.4 कु. तकशीका पुत्री स्व.जितेन्द्रसिंह, आयु-9 माह धंधा कुछ नहीं, क्रं.5 रतनसिंह पुत्र स्व. अंबाराम, आयु-60 वर्ष, धंधा वर्तमान में कुछ नहीं, क्रं.6 श्रीमती मानकुंवर पत्नि रतनसिंह, आयु-55 वर्ष, धंधा-गृहकार्य, आवेदक क्रं.2,3 व 4 अवयस्क द्वारा संरक्षक माता श्रीमती रीना पत्नि स्व. जितेन्द्रसिंह द्वारा प्रस्तुत समस्त निवासीगण ग्राम आजमापुरा तहसील घटिटया जिला उज्जैन म प्र ने आपके विरुद्ध एक क्रेम आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटर यान अधिनियम 1988 एवं संशोधित अधिनियम के अधीन प्रस्तुत किया है कि दिनांक 19.12.2023 को आपके स्वामित्व का ट्रक क्रमांक आर जे 09 जे सी 2359 का चालक सराफ अली पिता खाजु खां द्वारा उक्त ट्रक को उपेक्षा व लापरवाही से चलाकर आवेदिका क्र.1 के पति जितेन्द्र की मोटर साईकल क्रमांक एम पी 13 एफ एस 9879 में पीछे से टक्कर मार दी जिससे जितेन्द्र अपनी मोटर साइकल सहित रोड पर गिर गया एवं ट्रक का पहिया जितेन्द्रसिंह के उपर से गुजर जाने के कारण घटनास्थल पर जितेन्द्र की मृत्यु हो गई थी। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 29 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
यदि किसी कारणवश उस तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
**(हेमन्त सविता)**
**सदस्य**
**द्वितीय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण उज्जैन मध्य प्रदेश**

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन**
**लोक सुनवाई की आम सूचना**
सर्व सबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2026 के प्रावधानों के अन्तर्गत M/s Shri Ranjeet Dayama S/o Shri Bheru Lal Dayama, Maukhedi Stone (Gitti) Quarry, Kh. No. 501/1, area 2.00 hect., Production Capacity: Stone (Gitti) Quarry 14,550 Cum/year at Village Maukhedi, Tehsil Alot Distt. Ratlam (M.P.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर रतलाम (2) कार्यालय जिला पंचायत, रतलाम (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रतलाम (4) ग्राम पंचायत माउखेडी तहसील आलोट जिला रतलाम (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3. राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17, भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय मे लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए दिनांक 05.03.2026 को समय सुबह 11.00 बजे से लोक सुनवाई स्थान-ग्राम माउखेडी तहसील आलोट जिला रतलाम सर्वे क्रमांक-501/1 रकबा 2.00 हेक्टेयर पर आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका / टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।
**(क्षेत्रीय अधिकारी) उज्जैन**

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन**
**लोक सुनवाई की आम सूचना**
सर्व सबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2026 के प्रावधानों के अन्तर्गत M/s Shri Ranjeet Dayama S/o Shri Bheru Lal Dayama, Maukhedi Stone (Gitti) Quarry, Kh. No. 501/1, area 2.00 hect. Production Capacity: Stone (Gitti) Quarry 5,130 Cum/year at Village Maukhedi, Tehsil Alot Distt. Ratlam (M.P.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर रतलाम (2) कार्यालय जिला पंचायत, रतलाम (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रतलाम (4) ग्राम पंचायत माउखेडी तहसील आलोट जिला रतलाम (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17, भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय मे लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए दिनांक 05.03.2026 को समय दोपहर 4 बजे से लोक सुनवाई स्थान-ग्राम माउखेडी तहसील आलोट जिला रतलाम सर्वे क्रमांक-501/1 रकबा 2.00 हेक्टेयर पर आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।
**(क्षेत्रीय अधिकारी) उज्जैन**

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन**
**लोक सुनवाई की आम सूचना**
सर्व सबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2026 के प्रावधानों के अन्तर्गत Shri Ranjeet Dayama S/o Shri Bheru Lal Dayama, Stone Quarry, Stone (Gitti) & M-Sand, Kh. No. 501/1, area 2.00 hect. Production Capacity: Stone Quarry, Stone (Gitti) 3,100 Cum Per Annum & M-Sand 2,030 Cum PerAnnum at Village Maukhedi, Tehsil Alot Distt. Ratlam (M.P.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर रतलाम (2) कार्यालय जिला पंचायत, रतलाम (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रतलाम (4) ग्राम पंचायत माउखेडी तहसील आलोट जिला रतलाम (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-३, राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म०प्र०प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17, भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय मे लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए दिनांक 05.03.2026 को समय दोपहर 2.00 बजे से लोक सुनवाई स्थान-ग्राम माउखेडी तहसील आलोट जिला रतलाम सर्वे क्रमांक-501/1 रकबा 2.00 हेक्टेयर पर आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।
**(क्षेत्रीय अधिकारी) उज्जैन**



## डेलची बुजुर्ग में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**महिदपुर रोड।** ग्राम डेलची बुजुर्ग में शुक्रवार से क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरूआत हुई है, जिसमें स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला का प्रद र्शन करने का मौका मिलेगा। क्रिकेट टूनामेंट के इस आयो जन में आस-पास के क्षेत्रों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूनार्मेंट के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथियों में सरपंच कैलाश वर्मा, पत्रकार राकेश दायमा, उप-सरपंच श्याम लाल चावड़ा प्रमुख रूप से मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी। आयोजन समिति के सदस्यों के ने अनुसार टूनार्मेंट का पहला मैच टीम खारोल खेड़ा और टीम कं थारिया के बीच खेला गया ! आयोजन में विनोद दायमा, लखन गौड़ और चेतन बैरागी आदि का विशेष योगदान रहा।

## नगर पालिका उपाध्यक्ष ने किया वार्डो का भ्रमण साफ सफाई के दिए निर्देश



**बड़नगर।** नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी एम.आर.निंगवाल द्वारा निकाय के वार्ड क. 17 एवं 18 में भ्रमण कर वार्डवासियों की समस्याओं से अवगत हुवें, उक्त वार्डों में साफ-सफाई एवं अन्य समस्याओं के निराकरण नगर पालिका के उपयंत्री विनोद पोरवाल, रवि पांचाल, नरेन्द्र सिरसवाल प्रभारी दरोगा, कुंदन गोसर को निर्देश दिये गये। मंगलनाथ मंदिर के आसपास क्षेत्र की सफाई के निर्देश दिए गए साथ ही मौके पर तत्काल सफाई कार्य भी कराया गया । उक्त 17 व 18 वार्ड में जो निर्माण कार्य चल रहे है उनका भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधी फकीर मोहम्मद, पूर्व पार्षद घनश्याम चौधरी, हिमांशु आदि उपस्थित थें।

## शकुंतला बोहरा के नेत्रदान से मिलेगी दो को अंधियारे से नेत्र रोशनी



**महिदपुर रोड।** नगर जैन समाज के सुरेश बोहरा की धर्मपत्नी शकुंतला बोहरा (जैन) 63 वर्ष की आयु में निधन हो जाने पर उनकी तथा उनके परिजनों की नेत्र दान के प्रति सहमति पर उनके पुत्र नितिन बोहरा, श्री संघ अध्यक्ष अजय चौरडिया के माध्यम से मिलने पर सूचना नेत्रदान, अंगदान, देहदान प्रेरक, पत्रकार जवाहर डोसी पीयूष महिदपुर को की जाकर गीता भवन न्यास समिति के नेत्रदान/ देहदान प्रभारी डॉ.जी एल ददरवाल अपनी टीम में सम्मिलित अजय चौरडिया,सचिन भंडारी ,राजेश कांठेड़ तथा गीता भवन न्यास समिति बड़ नगर के आपसी सामंजस्य से नेत्र उत्सर्जन का कार्य किया गया। गीता भवन न्यास समिति अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी ने इसके लिये बोहरा परिवार को पुनीत कार्य के लिये धन्यवाद दिया

## जागरुक कर नशा छोड़ने के प्रति संकल्प दिलवाया एवं शपथ दिलवाई




**तराना।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर मध्य निषेध संकल्प दिवस नगर परिषद में शुक्रवार को बनाया गया जिसमें कर्मचारियों एवं नागरिकों को नशा छोड़ने के प्रति जागरुक कर नशा छोड़ने के प्रति संकल्प दिलवाया एवं शपथ दिलवाई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं तथा समाज के सभी वर्गों में बढ़ती हुई माद्यपान तथा पदार्थों के सेवन की नशा प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए एवं इससे होने वाले दुष्परिणामों से युवाओं और समाज को अवगत कराया गया। उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया।इस दिवस पर मदिरापान त्यागने का संकल्प दिलवाया एवं संकल्प लेने वाले को संकल्प पत्र भरवाने का कार्य भी किया गया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता रूपेश परमार मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीरेंद्र मेहता पार्षद गण एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।यह जानकारी प्रभारी विनोद मालवीय के द्वारा दी गई।

## सुसनेर की दो बेटियाँ बनीं डॉक्टर

**सुसनेर।** नगर की दो होनहार बेटियों ने राष्ट्रीय स्तर की कठिन मानी जाने वाली फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन परीक्षा को अपने प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनने का गौरव हासिल किया है। सुसनेर निवासी महिमा वर्षी एवं अलसिफा मंसूरी की इस सफलता से नगर सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परीक्षा विदेश से चिकित्सा शिक्षा प्राप्त छात्रों के लिए भारत में चिकित्सकीय सेवा देने हेतु अनिवार्य होती है, जिसे पहले ही प्रयास में पास करना बड़ी उपलब्धि माना जाता है। दोनों बेटियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। बेटियों की इस उपलब्धि पर परिजनों, रिश्तेदारों एवं नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएँ दीं और कहा कि उन्होंने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे सुसनेर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।





महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कमेटी ने दी श्रद्धांजलि:

# गांधीजी के विचारों पर चलने की सबसे ज्यादा जरूरत, कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर





सारंगपुर में ब्लाक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शहर के गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर संपन्ना हुआ, जहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने पुष्पमाला अर्पित कर बापू को नमन किया और उनके विचारों को याद किया।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने महात्मा गांधी के चित्र और प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके सत्य, अहिंसा और मानवता के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय ने कहा कि आज देश ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां गांधी के विचारों की प्रासंगिकता और भी बढ गई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज में स्वार्थ की भावना बढती जा रही है और राष्ट्रप्रेम के मूल्यों से लोग दूर होते जा रहे हैं। अहिंसा की जगह हिंसावादी प्रवृत्तियां पनप रही हैं, जो समाज और देश के लिए घातक हैं। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी ने कहा कि देश में भेदभाव और विखंडन की प्रवृत्ति लगातार बढ रही है। ऐसे समय में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और संप्रभुता को मजबूत करने के लिए महात्मा गांधी के विचार ही सबसे सशक्त मार्गदर्शक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आज गोडसे की विचारधारा को बढावा देने की कोशिशें हो रही हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी आज भी गांधीजी के सिद्धांतों पर मजबूती से चल रही है। कांग्रेस नेता प्रदीप सादानी ने कहा कि हर कांग्रेसी महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलने का प्रयास करता है और सत्य व अहिंसा को अपनी राजनीति और जीवन का आधार मानता है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी ने कहा कि आज देश में गांधी के सत्य, अहिंसा और संविधान के मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। मौजूदा सरकार की नीतियों से समाज में नफरत और विभाजन बढ रहा है, जो गांधी जी के विचारों के विपरीत है। नेताओं ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस पार्टी गांधी के विचारों और संविधान की रक्षा के लिए सडकों से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रदीप सावधानी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद लोदी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष



मोहम्मद अली एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष घनश्याम पाटीदार, घनश्याम मालवीय, वीरेंद्र जाटव, शेख मुर्शरफ, अंजुम खट्टानी, शोएब हसन राही, पार्षद समीर मेव, अखलाक मेव, एवं निजाम कुरैशी सहित कांग्रेस नेताओं ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### खाचरौद

30 जनवरी गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जीवनसिंह की अध्यक्षता में नगर पालिका परिसर स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर अतिथी के रूप में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा एवं जनपद अध्यक्ष कुं पृथ्वीराज सिंह द्वारा महात्मा गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डाला व गांधी जी के सिद्धांतों पर चलने का आव्हान किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, शहर कांग्रेस अध्यक्ष शेरू मंसूरी, नपा पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र धाकड़, राहुल मेहता, जितेन्द्र पांचाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजारत अली हाशमी, संतोष बरखेड़ावाला, ग्राम डोडिया सरपंच पति बद्रीलाल, नमित वनवट, देविलाल चंद्रवंशी, अर्जुन पाटीदार, देवेन्द्र सिंह, अर्जुन पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेतागण उपस्थित थे।

### इंगोरिया

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंगोरिया पर 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। आज से ही कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में सी एच इंगोरिया प्रभारी डॉ शिप्र श्रीवास्तव, हेल्थ सुपरवाइजर नारायण शर्मा, शिवानी भारतीय, साकेत सवालाखे, विजय गोलघाटे, पायलेट नरेंद्र परमार, नवीन विश्वकर्मा, शेखर डोगर एवं बंटी ने राष्ट्रपिता को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ शिप्र श्रीवास्तव ने संकल्प पत्र का वाचन किया और कुष्ठ रोग के बारे मे जानकारी दी। अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल के दिशा निर्देश , जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ विक्रम रघुवंशी और मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजेंद्र सिंह अजनार के नेतृत्व में चलाया जा रहा है।

इस अवसर पर डॉ क्षिप्र श्रीवास्तव द्वारा संकल्प पत्र का वाचन कर कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी गई । एनएमए एम आर मंसूरी ने बताया कुष्ठ के विरुद्ध आखिरी युद्ध है। कुष्ठ रोग पाप या दैवीय प्रकोप नहीं है, शारीरिक विकलांगता से भी बचा जा सकता है। जिसका एमडीटी से पूर्ण इलाज संभव है। शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में इसका उपचार निशुल्क उपलब्ध है।

# शासकीय हाई स्कूल जवासिया कुमार में केरियर मेला और दीक्षांत समारोह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ कायथा



विद्यालय में 5 दिवसीय केरियर मेला एवं केरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया केरियर मेले में विद्यालय के कक्षा 9 वीं एवं कक्षा 10 वी के छात्र/छात्राओं को शैक्षणिक, व्यावसायिक,कौशल आधारित युनिसेफ द्वारा वेबिनार के माध्यम से विद्यार्थियो के भविष्य की तैयारी पर मार्गदर्शन एवं शासकीय सेवाओं से संबंधित केरियर विकल्पों की जानकारी प्रदाय करने हेतु केरियर मेला एवं केरियर काउंसलिंग का आयोजन विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य महेश चन्द्र पाटीदार के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ केरियर मेला एवं केरियर काउंसलिंग की रूपरेखा एवं संचालन नोडल शिक्षक गट्टूलाल नवरंग द्वारा किया गया विद्यालय के प्राचार्य महेशचन्द्र पाटीदार ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए अपना केरियर का चयन करते समय अपनी रुचि का ज्ञान रखना चाहिए तथा बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए बताया कि मेले में लगे केरियर संबंधी विभिन्न केरियर स्टॉल्स के माध्यम से अपने विषयों का चयन करना चाहिए प्राचार्य ने बच्चों को मेले में लगे स्टॉल्स का परिचय भी कराया शैक्षणिक स्ट्रीम्स,सरकारी एवं सुरक्षा सेवाए,नए जमाने के डिजिटल केरियर,रचनात्मक और कौशल आधारित स्टॉल,विशेष परामर्श स्टॉल लगाए गए और बच्चों को बताए गए। सुश्री नमिता शर्मा ने शासकीय सेवाओं से संबंधित जानकारी दी गई।कैलाश टिपानिया द्वारा उच्च शिक्षा में छात्रवृत्ति की जानकारी दी अंकित पटेल द्वारा कृषि एवं पशुपालन से संबंधित जानकारी उदाहरण के माध्यम से समझाई।तृतीय दिवस शासकीय हाई स्कूल आसेर के प्राचार्य महेंद्र कुमार मरमट और उद्यमी डॉक्टर बलरामसिंह सिसौदिया का व्याख्यान हुआ। चतुर्थ दिवस यूट्यूब लिंक पर बच्चों को कैरियर संबंधी जानकारी दिखाई गई तथा उसके पश्चात दीक्षांत समारोह भी रखा गया जिसके मुख्य अतिथि शासकीय श्री वराहमिहिर उ.मा.वि. कायथा संकुल प्राचार्य प्रकाश पंवार,आसेर के वरिष्ठ शिक्षक भंवरसिंह सिसौदिया थे।

## रवि पुष्य योग में शक्रस्तव अभिषेक आज

**महिदपुर।** नगर में प्रवचन प्रभावक प. पू. आचार्य श्री सागरचन्द्रसागर सूरीश्वरजी म.सा. की प्रेरणा मार्गदर्शन से निर्मित विश्व में सर्वप्रथम 108 आदिनाथ भगवान के तीर्थ श्री शत्रुंजय आदिनाथ तीर्थधाम (किला जैन मंदिर) का पन्द्रहवा वार्षिक ध्वजारोहण समारोह व तीर्थधाम के दिव्याशिषदाता समर्थ गच्छाधिपति प. पू. आचार्य श्री सूर्योदयसागर सूरीश्वरजी म.सा. की 16 वी पुण्यतिथि पर गुणानुवाद पंजाब केसरी प पू आचार्य देव श्री वल्लभ सूरीश्वरजी म सा के समुदाय के गच्छाधिपति प पू आचार्य श्रीमद्विजय नित्यानंद सूरीश्वरजी म सा की आज्ञानुवर्ती महिदपुर नगर की गौरव प पू साध्वीवर्या श्री नरेंद्रश्रीजी म सा की सुशिष्या प पू साध्वीवर्या श्री शीलधर्माश्री जी म सा आदि ठाणा 5 की पावन निश्रा में सर्वार्थ सिद्धि योग में संपन्न हुआ. जिसमें 30 जनवरी को प्रातः 9 बजे से सभी परमात्मा के 18 अभिषेक महापूजन का आयोजन विधिकारक अनिल जैन (लिमडी) के द्वारा सम्पन्न हुआ। 31 जनवरी को ध्वजारोहण महोत्सव के अंतर्गत श्री आदिनाथ स्नात्र मण्डल द्वारा प्रातः 8 बजे स्नात्र महोत्सव एवं 9 बजे सिद्धचक्र महिला मण्डल द्वारा सत्तरभेदी पूजन पढ़ाई गई। ट्रस्ट के सचिव हेमंत आंचलिया ने लाभार्थी परिवारों की अनुमोदना के साथ कार्यक्रम में पधारे सभी समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सम्पूर्ण आयोजन में सुन्दर व्यवस्था एवं सहयोग के लिए पुलिस एवं नगरीय प्रशासन का आभार व्यक्त किया।



## उत्कृष्ट परेड के लिए चौकी प्रभारी सचिन धाकड़ किया सम्मान

**तनोडिया।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर आगर जिला मुख्य परेड ग्राउंड पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह 2026 कार्यक्रम में तनोडिया चौकी प्रभारी सचिन धाकड को जिला पुलिस बल द्वितीय परेड सिनियर कार्यक्रम में तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। आगर जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष मुनाबाई, भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, विधायक मधु गेहलोत, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष निलेश पटेल एवं एसपी विनोद कुमार सिंह,आगर कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। धाकड द्वारा क्षैत्र के कार्य के साथ-साथ जिला परेड सिनियर कार्यक्रम में भाग लेते हैं। उनकी इस उपलब्धि पर तनोडिया क्षैत्र के गणमान्य नागरिक व अन्य दल के सदस्यों द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

## आज बमौरी में आदिवासी सम्मेलन राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्य करेंगे शिरकत

**गुना।** बमौरी विधानसभा के ग्राम डिगडौली में एक फरवरी को वृहद आदिवासी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभागीय प्रभारी डॉ निशांत खरे,पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार भी शामिल होंगे।मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मेलन बमौरी विधानसभा के ग्राम डिगडौली में आयोजित किया जाएगा जिसमें जिले भर से आदिवासी समुदाय के लोग हिस्सा लेंगे ।सम्मेलन युवाओं को शिक्षा, रोजगार और नेतृत्व के लिए प्रोत्साहित करने एवं महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। आदिवासी सम्मेलन समाज को जागरूक, संगठित और सशक्त बनाने का माध्यम हैं और अपनी संस्कृति पर गर्व करते हुए एक सशक्त आदिवासी समाज के निर्माण में योगदान दें सकें। सम्मेलन रविवार एक फरवरी प्रातः ग्यारह बजे से प्रारंभ होगा। सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

## छात्राएं अपने करियर का चुनाव सोच समझकर करें – रक्षा शर्मा



**महिदपुर रोड।** छात्राएं अपने करियर का चुनाव सोच समझकर करे। जल्दबाजी में लिया गया निर्णय कभी गलत सिद्ध हो सकता है । आपके द्वारा लिया गया निर्णय आपके भविष्य की दशा और दिशा तय करेगा । उक्त बात नगर के शास कीय कन्या हाई स्कूल में आयोजित करियर मेला एवं करियर काउंस लिंग के तहत चौथे दिन स्टूडेंट काउंसलर रक्षा शर्मा ने कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य अनिल सेठिया ने की अध्य क्षता करते हुए सेठिया ने कहा कि यह करियर काउंसलिंग छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है।करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का उद्देश्य विद्या र्थियों को उनकी रुचि, योग्यता और लक्ष्य के अनुसार सही करियर चुनने में मार्गदर्शन देना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञ करियर काउंसलर रक्षा शर्मा ने विज्ञान, वाणिज्य, कला, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सही समय पर सही निर्णय लेने, लक्ष्य निर्धारण और मेह नत के महत्व के बारे में बताया। छात्राओं ने अपनी शंकाओं को खुलकर रखा, जिनका संतोषजनक समाधान किया गया काउंसलर का स्वागत शिक्षक गोपाल तंवर,पूनम राय, स्नेहलता शर्मा, बापू लाल चंद्र वंशी, संकेश चौरड़िया ने किया । संचालन नोडल शिक्षिका पूनम राय ने किया करियर काउंसलिंग कार्य क्रम विद्यार्थियों के लिये अत्यंत लाभदायक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

दलाली और कमीशनखोरी के सहारे हो रहे अनुसूचित जनजातियों के सपने साकार भ्रष्टाचार की कहानी गढ़ता जा रहा गुना जनजातीय कार्य विभाग

# आयुक्त के निर्देश बेअसर, छात्रावास-आश्रम शालाओं में खरीदी गई बिस्तर सामग्री में भारी धांधली

## विभाग में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार रोकने की गई शिकायत पर नही हुई अभी तक कार्यवाही

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना



जनजातीय कार्य विभाग अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान, शिक्षा, और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए जिम्मेदार एक सरकारी विभाग है। यह विभाग आवासीय विद्यालयों, छात्रवृत्ति और विशेष योजनाओं (जैसे वन अधिकार कानून) के माध्यम से जनजातीय समुदायों के विकास के लिए कार्य करता है। मध्यप्रदेश में यह विभाग मुख्य रूप से अनुसूचित जनजाति की आबादी को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का समन्वय करता है।

दरअसल विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष रूप से कमजोर जनजातीय आबादी के लिए पीएम जनमन कार्यक्रम चलाया है। इसके बावजूद भी जिले में संचालित जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक बी.सिसोदिया नित्य नई भ्रष्टाचार की कहानी गढ़ते जा रहे हैं। आयुक्त के सख्त निर्देश के बावजूद भी छात्रावास-आश्रम शालाओं में खरीदी गई गुणवत्ताहीन बिस्तर सामग्री थोपी जाकर अधीक्षकों से भुगतान हेतु चेक प्राप्त कर भारी धांधली की गई है। उक्त खरीदी के बिल व्हाउचरों की भी जांच होना जनहित में नितांत आवश्यक है। चूकि मप्र भंडार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम का बिल्कुल भी पालन नही किया गया। इसके अलावा स्थानांतरण प्रक्रिया में गड़बड़ी की गई है जिसमें ट्रांसफर किए गए शिक्षकों गादेर से रामस्वरूप शिवहरे, श्रीमती फूल कुमारी खेरीखता, आरोन से पी.सी. करोलिया को सांठगांठ कर यथावत काम कराया जा रहा है। वहीं एक शिक्षक बालक आश्रम ऊमरी में मौखिक आदेश पर अधीक्षक बनाए रखा है। जबकि मंगलसिंह शर्मा को कार्य मुक्त होने के बावजूद भी संस्था पर नही भेजा जाना उदाहरण हैं।

### निर्माण कार्य की राशि में कमीशनखोरी

वहीं दूसरी ओर नियम विरूद्ध प्राथमिक शिक्षक को जिला स्तरीय कन्या छात्रावास गुना का अधीक्षक नियुक्त कर दो-दो छात्रावास सौंपकर उपकृत किया गया है। इसी प्रकार मनमाफिक तरीके से हित साधकर गुना, बमोरी, कुंभराज में एक-एक प्राथमिक शिक्षकों को दो-दो जगह का तीन छात्रावासों का प्रभार दिया गया है। जिसमें भी खास बात ये है कि वरिष्ठ कार्यालय या कलेक्टर का अनुमोदन/स्वीकृति नही ली गई है। सूत्र बताते हैं कि गरीब बस्तियों में होने वाले निर्माण कार्य की राशि में कमीशनखोरी के आधार पर ही लिस्ट भेजी गई है। जिन लोगों ने दलालों के माध्यम से राशि को हरी झण्डी दी है उसी पंचायत का नाम शामिल कर वरिष्ठ कार्यालय को भेजा गया है।

### शासन के दिशा-निर्देशों का उड़ाया जा रहा मखौल

सूत्रों के मुताबिक एक और सरकार की महत्वपूर्ण योजना आदि कर्मयोगी अभियान में भी भारी अनियमितताएं और घपले किए गए हैं। कुल मिलाकर डीओ ट्रायवल श्री सिसोदिया शासन की मंशानुसार विभाग न चलाकर अपनी मनमर्जी से चला रहे हैं और शासन के दिशा-निर्देशों का मखौल उड़ाया जा रहा है। इस तरह दलाली और कमीशनखोरी के सहारे अनुसूचित जनजाति वर्ग के सपने साकार हो रहे हैं यह जांच का विषय है। विभाग में भारी भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं को रोकने सूक्ष्मता से जांच कर प्रभावी कार्यवाही करने वरिष्ठ कार्यालय को भेजी गई शिकायतें भी अभी लंबित पड़ी हुई हैं। जिनकी अगर बारीकी से जांच की गई तो दमोह और झाबुआ की तरह ही गुना में बड़ा घोटाला खुलने की आशंका है।

# सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट करना चाहती हैं आलिया भट्ट



एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने हाल ही में कहा कि कई बार उनका मन सोशल मीडिया अकाउंट को डिलीट करने का करता है। एस्क्वायर इंडिया को दिए इंटरव्यू में आलिया ने कहा, कई दिन ऐसे होते हैं जब मैं उठकर सोचती हूं कि बस सोशल मीडिया डिलीट कर दूं और सिर्फ एक्टिंग करूं। बार-बार इस बातचीत का हिस्सा नहीं बनना चाहती, लेकिन मुझे यह भी पता है कि ऐसा करने से उन लोगों से संपर्क टूट जाएगा, जिन्होंने शुरू से मेरा साथ दिया है। मैं ऐसा नहीं चाहती।

## एक्ट्रेस बोलीं– कई बार मन करता है, लेकिन ऐसा करने से फैंस से संपर्क टूट जाएगा



बता दें कि आलिया भट्ट देश में सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली एक्ट्रेस में से एक हैं और इंस्टाग्राम पर उनके 86 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

इंटरव्यू में आलिया ने मां बनने के बाद आए बदलावों पर भी बात की। उन्होंने बताया कि मां बनने के बाद उनकी पर्सनल लाइफ पूरी तरह बदल गई है। अब उनकी दुनिया ज्यादातर अपनी बेटी के इर्द-गिर्द घूमती है।

आलिया ने कहा, ह्लअब जब पर्सनल लाइफ की बात आती है, तो वह इतनी पर्सनल हो गई है कि उसे शेयर करना थोड़ा मुश्किल लगता है। मेरे फोन की फोटो गैलरी मेरी बेटी राहा से भरी हुई है। मुझे अपनी तस्वीरें लेने के लिए अलग से मेहनत करनी पड़ती है ह्व उन्होंने मां बनने को एक बड़ा बदलाव बताया। आलिया के मुताबिक, इससे न सिर्फ शरीर बदलता है, बल्कि सोच, प्राथमिकताएं और दुनिया को देखने का नजरिया भी बदल जाता है। आलिया के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही एक्शन थ्रिलर फिल्म अल्फा में नजर आएंगी। इस फिल्म का डायरेक्शन शिव रावल कर रहे हैं। इसमें आलिया एक ऑल-वुमन कॉम्बैट यूनिट की कमांडर की भूमिका निभा रही हैं।

# 230 करोड़ से ज्यादा हुई बॉर्डर 2 की कमाई

## फिल्म ने आठवें दिन कमाए 11.25 करोड़, सनी देओल ने फिल्म की सफलता का मनाया जश्न

सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 ने सिर्फ 8 दिनों में 230 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ली है। हालांकि, दमदार ओपनिंग वीकेंड के बाद वीकडेज में कमाई थोड़ी घटी, लेकिन इसके बावजूद फिल्म ने एक हफ्ते में दुनियाभर में 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया।

सैकनिल्क के मुताबिक, बॉर्डर 2 ने आठवें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को भारत में 11 करोड़ रुपए की कमाई की। सातवें दिन फिल्म ने 11.25 करोड़ रुपए कमाए थे। इस तरह भारत में फिल्म की कुल नेट कमाई 235.25 करोड़ रुपए हो चुकी है।

अगर वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें, तो भारत से ग्रॉस कमाई 281.5 करोड़ रुपए हुई है। विदेशों से फिल्म ने करीब 41 करोड़ रुपए कमाए हैं। इस तरह कुल वर्ल्डवाइड कलेक्शन 322.5 करोड़ रुपए पहुंच गया है।



# जैकी चैन ने रिकॉर्ड किया फेयरवेल सॉन्ग



कुंग-फू फिल्मों के मशहूर एक्टर जैकी चैन ने हाल ही में खुलासा किया है कि उन्होंने एक ऐसा गाना रिकॉर्ड किया है, जो उनकी मौत के बाद रिलीज किया जाएगा। उन्होंने इस गाने को दुनिया के लिए अपना आखिरी संदेश बताया। यह बात उन्होंने 28 दिसंबर को बीजिंग में अपनी नई ड्रामा फिल्म अनएक्सपेक्टेड फैमिली के प्रीमियर के दौरान कही।

रिपोर्ट के अनुसार, जैकी चैन ने कहा कि उम्र बढ़ने के साथ उन्होंने अपने कई करीबी दोस्तों और अपनों को खो दिया है। इन घटनाओं ने उन्हें जिंदगी के बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने महसूस किया कि जीवन बहुत छोटा है और जो बातें दिल में हैं, उन्हें समय रहते कह देना चाहिए। इसी सोच के साथ उन्होंने एक खास गाना रिकॉर्ड किया है, जिसे वह अपना आखिरी संदेश यानी फाइनल मैसेज मानते हैं। इस गाने को रिकॉर्ड करने के पीछे उनकी भावना बहुत गहरी है। जैकी चैन ने कहा कि पिछले कुछ सालों में हुई कई लोगों की मौतों ने उन्हें यह सिखाया कि कुछ भी हमेशा के लिए नहीं होता। इसलिए उन्होंने सोचा कि दुनिया से विदा लेने से पहले वह अपनी भावनाएं एक गाने के जरिए लोगों तक पहुंचैना चाहते हैं।

हालांकि, उनके परिवार और उनकी टीम ने इस गाने को अभी रिलीज न करने की सलाह दी है। इसलिए यह तय किया गया है कि यह गाना उनके फैंस के लिए उसी दिन जारी किया जाएगा, जब चैन इस दुनिया को अलविदा कहेंगे। प्रीमियर के दौरान जब दर्शकों ने उनसे इस गाने की कुछ पंक्तियां गाने का अनुरोध किया, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए मना कर दिया। मजाक में उन्होंने कहा, ह्लअगर मैं अभी गा दूं, तो आप सब रोने लगेंगे। बता दें कि अपनी नई फिल्म अनएक्सपेक्टेड फैमिली में जैकी चैन बिल्कुल अलग रूप में नजर आ रहे हैं। इस बार वह एक ऐसे बुजुर्ग व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं, जो अल्जाइमर बीमारी से जूझ रहा है।

# Sport

### अल्काराज ने सबसे लंबे सेमीफाइनल में ज्वेरेव को हराया

# कार्लोस-नोवाक में खिताबी जंग

### जोकोविच तीन साल बाद इतिहास रचने के करीब

एजेंसी ▸▸ मेलबर्न



कार्लोस अल्काराज ने दमदार वापसी करते हुए शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के इतिहास का सबसे लंबा सेमीफाइनल जीतकर पहली बार फाइनल में प्रवेश कर लिया। खिताब के लिए रविवार को अल्काराज का सामना 10 बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच से होगा।

दोनों ने ही पांच-पांच सेट में जीत दर्ज की। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अल्काराज ने तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव को पांच घंटे 27 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 7-6, 6-7, 6-7, 7-5 से हराया। यह टूनार्मेंट के इतिहास का सबसे लंबा सेमीफाइनल रहा। वहीं जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए दो बार के चैंपियन और दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी यानिक सिनेर को चार घंटे नौ मिनट में 3-6, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से हराया।

आठ साल में पहली बार : पिछले आठ साल में यह पहला मौका है जब किसी ग्रैंड स्लैम में पुरुषों के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले पांच सेट तक चले। इससे पहले 2018 में विम्बलडन में ऐसा हुआ था।

सबसे उम्रदराज खिलाड़ी : जोकोविच (38 साल 355 दिन) साल के पहले ग्रैंड स्लैम के खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। वह तीन साल में पहली जबकि कुल 11वीं बार यहां फाइनल में पहुंचे। वह 2023 के बाद पहले और कुल 25वें ग्रैंड स्लैम से अब सिर्फ एक जीत दूर हैं।

करियर ग्रैंड स्लैम से एक जीत दूर अल्काराज : 22 वर्षीय अल्काराज अब करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। अगर वह ट्रॉफी जीतने में सफल रहते हैं तो चारों ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन जाएंगे।

## सबसे युवा खिलाड़ी

इसके साथ ही अल्काराज (22 साल 258 दिन) ओपन युग में चारों ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। लगातार चारों ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी।

ओलिविया गाडेकी और जॉन पीयर्स पिछले 37 साल में मिश्रित युगल में खिताब बचाने वाली पहली जोड़ी बन गई। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले गाडेकी और पीयर्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने फाइनल में फ्रांस के क्रिस्टीना म्लाडेनोविक और मैनुअल गिनार्ड को 4-6, 6-3, 10-8 से हराया।

# मावी की लहराती गेंदों ने विदर्भ को सस्ते में समेटा

एजेंसी ▸▸ नागपुर

शिवम मावी के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी मुकाबले में विदर्भ को बढ़त रोक दिया। मावी की कहर बरपाती गेंदों के आगे चैंपियन विदर्भ की टीम 237 रन पर ही आउट हो गई। दानिश मालेवर ने 80 और नचिकेत भुटे 63 ही कुछ संघर्ष कर पाए। मावी ने सात विकेट चटकाए। विदर्भ को नॉकआउट में जगह बनाने के लिए हर हाल में यह मुकाबला जीतना होगा। पहली पारी में 237 रन ही बनाने वाले यूपी ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 75 रन बना लिए हैं। दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान आर्यन जुयाल 35 और आदित्य शर्मा 25 रन बनाकर क्रीज पर हैं। दोनों तीसरे विकेट के लिए अटूट 58 रन की साझेदारी कर चुके हैं।

# मनप्रीत के बचाव में इस्तीफा देने को तैयार थे कोच फुल्टन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने अनुभवी मिडफील्डर और पूर्व हॉकी कप्तान मनप्रीत सिंह को अनुशासनहीनता के आधार पर भारत की संभावित खिलाड़ियों की कोर सूची से बाहर किए जाने का कड़ा विरोध किया था। एक सूत्र ने शुक्रवार को कहा कि इस फैसले के बाद फुल्टन ने इस्तीफा देने की धमकी भी दी थी लेकिन हॉकी इंडिया द्वारा मनाने के बाद वह पद पर बने रहने के लिए राजी हो गए। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि फुल्टन ने राउरकेला में एक से सात फरवरी तक 33 कोर संभावित खिलाड़ियों के शिविर से मनप्रीत को हटाने के दबाव को 'बाहरी हस्तक्षेप' बताया था। यह बात सामने आई कि मनप्रीत पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान नशीली दवा के सेवन से जुड़े मामले में शामिल थे। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता को 15 साल में पहली बार कोर संभावित खिलाड़ियों की सूची से बाहर किया गया। संभावित खिलाड़ियों को तय करने के लिए हुई बैठक में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और मुख्य चयनकर्ता आरपी सिंह ने कहा कि मनप्रीत को बाहर किया जाना चाहिए>

**आवश्यकता है**
अनुभवी कर्मचारियों की जिसमें अनुभव हो वही संपर्क करें सैलरी 10000 से 15000 प्रति माह
पाल किराना उन्हेल रोड भेरूगढ़
मो. 9907525081

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की
पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की पैकिंग हेतु महिलाओं की हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**कृषि भूमि बेचना है**
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280


## न्यूज कॉलम

### नाबालिग की गला घोंटकर हत्या बिल्डिंग में पलंग के अंदर मिला शव

**इंदौर।** इंदौर में एक नाबालिग की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। उसका शव शनिवार को घर से 30 मीटर दूर एक बिल्डिंग में पलंग के अंदर मिला। एमआईजी टीआई सीबी सिंह ने बताया कि नाबालिग की पहचान अली कादरी (13) पिता आफताब के रूप में हुई है। वो श्रीनगर कांकड़ इलाके में रहता था। अली शुक्रवार शाम करीब 7.30 बजे घर के बाहर से लापता हो गया था। देर रात तक नहीं लौटने पर परिजन ने उसकी तलाश की और थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर अली दो युवकों के साथ जाता हुआ दिखाई दिया। इसी दौरान परिवार को उसका खून से सना जैकेट मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। एक रहवासी ने बताया कि शव खून में सना था, गले में रस्सी भी मिली है। सूचना मिलने पर पुलिस ने इलाके की एक बिल्डिंग में सर्च ऑपरेशन चलाया। वहां से अली का शव बरामद हुआ। बताया जा रहा है कि हत्या के बाद शव को पलंग के अंदर छिपाया गया था। पुलिस ने रेहान (21) पिता अब्दुल साकिर को हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने गला घोंटकर अली की हत्या की। शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। यह बिल्डिंग घर से 30 मीटर दूर है। स्थानीय रहवासी समीन खान ने बताया कि अली को शहर के नदी-तालाब, स्टेशन, एमवाय में भी तलाशा, लेकिन वह नहीं मिला। कल रात 9.30 बजे किसी महिला की बचाओ-बचाओ की आवाज सुनी थी। पुलिस ने इसे चेक किया, मगर कुछ नहीं मिला। सुबह मल्टी की छत पर महिलाओं-बच्चों को खून से सना जैकेट मिला। छत पर तीन-चार जगह खून के छब्बे थे, जैसे किसी ने साफ किया हो। फ्लैट में दो से तीन लोग रहते हैं। एक बुजुर्ग महिला भी है। अली का एक दोस्त यहां रहता था, जिससे वह मिलने आया था। मगर वह दोस्त घर पर नहीं था।

### रिहाइशी इलाके में तेंदुआ पिंजरे में फंसा महू आर्मी वॉर कॉलेज में 3 दिन से मूवमेंट

**इंदौर।** इंदौर के रिहाइशी इलाकों में तेंदुओं की मौजूदगी लगातार बढ़ रही हैं। महू से लेकर देवगुराड़िया तक इस खतरे ने स्थानीय लोगों को खौफजदा कर रखा है। देवगुराड़िया के पास सनावदिया गांव में वन विभाग ने एक तेंदुए को पिंजरे में फंसाकर रेस्क्यू किया और चिड़ियाघर भिजवा दिया।



वहीं, महू के आर्मी वॉर कॉलेज परिसर में तेंदुए की गतिविधियां अब भी जारी हैं। हफ्ते भर में तेंदुए ने कई बकरे-बकरियों को अपना शिकार बनाया। देवगुराड़िया और सनावदिया के आसपास तेंदुए की मौजूदगी की खबरें मिल रही थीं। वन विभाग ने मूवमेंट पर नजर रखी और तेंदुए के शिकार के प्रमाण मिलने के बाद हफ्ते भर पहले पिंजरा लगाया। शनिवार (31 जनवरी) सुबह तेंदुआ उसमें फंसा हुआ मिला, संभवतः वह देर रात ही पिंजरे में फंस गया था।

### नर्मदा जयंती से लापता युवक का हाथ पैर बंधा शव ओंकारेश्वर में मिला

**इंदौर।** इंदौर से नर्मदा जयंती के दिन दोस्तों के साथ ओंकारेश्वर गया एक युवक शुक्रवार देर शाम नर्मदा नदी में मृत अवस्था में मिला। बताया जा रहा है कि उसके हाथ-पैर बंधे हुए थे। पुलिस ने इस मामले को हत्या मानते हुए जांच शुरू कर दी है। तिलक नगर थाना क्षेत्र के पिपल्याहाना निवासी मनीष भट्ट का शव शुक्रवार को ओंकारेश्वर में मिला। वह नर्मदा जयंती के अवसर पर दोस्तों के साथ स्नान करने गया था, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा पूछताछ करने पर दोस्तों ने किसी भी प्रकार की जानकारी होने से इनकार कर दिया। इसके बाद परिवारजन उसकी तलाश में जुटे थे। हालांकि, वह किन दोस्तों के साथ ओंकारेश्वर गया था, इसकी स्पष्ट जानकारी अब तक सामने नहीं आ पाई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मनीष भट्ट इंदौर के कई पुलिसकर्मियों के संपर्क में था। जानकारी के अनुसार वह पुलिस के लिए मुखबिरी का काम करता था। आशंका जताई जा रही है कि इसी वजह से उसकी हत्या की गई हो। उसे मुखबिर होने के शक में मौत के घाट उतारने की बात सामने आ रही है। हालांकि, मंधाता थाना पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

### नगर निगम ने जारी किए टेंडर, भागीरथपुरा में फिलहाल टैंकरों से ही मिलेगा पानी

# सभी 85 वार्डों में बनेंगी वाटर टेस्टिंग लैब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा में गंदा पानी पीने से हुई 31 मौतों के बाद नगर निगम ने पानी की गुणवत्ता को लेकर अब सख्त रुख अपनाया है। निगम ने निर्णय लिया है कि शहर के सभी 85 वार्डों में वाटर टेस्टिंग लैब स्थापित की जाएंगी, ताकि हर वार्ड स्तर पर पानी की नियमित जांच हो सके और दूषित जल की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक, अब तक पानी की जांच सीमित स्तर पर होती थी, लेकिन भागीरथपुरा की घटना के बाद यह साफ हो गया कि वार्ड स्तर पर निगरानी जरूरी है। इसी के तहत निगम ने निजी एजेंसी के माध्यम से वाटर टेस्टिंग और वाटर ऑडिट कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है।



निगम ने साफ कर दिया है कि भागीरथपुरा इलाके में अभी कुछ दिनों तक नल से पानी की नियमित सप्लाई शुरू नहीं की जाएगी। जब तक पाइपलाइनों की पूरी जांच, लीकेज और सीवेज मिक्सिंग की संभावना को पूरी तरह खत्म नहीं कर दिया जाता, तब तक क्षेत्र के रहवासियों को टैंकरों के माध्यम से ही पानी उपलब्ध कराया जाएगा। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि टैंकरों की संख्या कम न हो और पानी की सप्लाई में किसी तरह की कटौती न की जाए। साथ ही यह भी कहा गया है कि लोगों को सुरक्षित पानी मिलना प्राथमिकता है, भले ही इसके लिए अस्थायी व्यवस्था कुछ और समय तक चलानी पड़े।

#### मौतों के बाद लोगों में भय का माहौल

भागीरथपुरा में गंदे पानी से हुई मौतों के बाद इलाके में भय का माहौल अब भी बना हुआ है। लोग टैंकर से मिलने वाले पानी को भी उबालकर पीने को मजबूर हैं। जिन इलाकों में सीमित जलप्रदाय शुरू किया गया था, वहां भी रहवासी नल का पानी पीने से कतरा रहे हैं। कई परिवारों ने आरओ सिस्टम लगवा लिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक पानी की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से नहीं दी जाती और निगम खुद पानी को सुरक्षित घोषित नहीं करता, तब तक वे नल का पानी इस्तेमाल नहीं करेंगे।

### तीन मंजिला मकान में भीषण आग

# दमकल की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर के पिंजारा बाखल इलाके में शुक्रवार तड़के उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक तीन मंजिला रिहायशी भवन में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि ऊपर की मंजिलों पर फंसे लोग घबराकर खिड़कियों से बाहर झांकने लगे। हालात यहां तक बिगड़ गए कि तीसरी मंजिल पर फंसे दो युवक खिड़की से कूदने की तैयारी करने लगे।

सुबह करीब 5.30 बजे इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित दुकान में आग लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पहले धुआं उठा, फिर कुछ ही मिनटों में लपटें ऊपर की मंजिलों तक पहुंच गईं। बिजली के तारों और लकड़ी के ढांचे की वजह से आग तेजी से फैली।

तीसरी मंजिल पर फंसे दो युवक जान बचाने के लिए खिड़की के बाहर आ गए। नीचे खड़े लोग और पड़ोसी उन्हें देखकर सहम गए। इसी दौरान दमकल की टीम मौके पर पहुंची और सीढ़ी लगाकर दोनों युवकों को सुरक्षित नीचे उतारा गया।

दमकलकर्मियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर इमारत में फंसे 12 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। आग पर काबू पाने में करीब एक घंटे का समय लगा।

हालांकि, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि कुछ लोगों को धुएं के कारण सांस लेने में तकलीफ हुई। ऐसे लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया।

## 14 लाख की 13 बाइक-स्कूटी बरामद, 2 आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत तुकोगंज थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक सक्रिय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए करीब 14 लाख रुपए कीमत की 13 बाइक और स्कूटी बरामद की है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया गया है।

इंदौर पुलिस कमिश्नर के निर्देश के बाद अतिरिक्त पुलिस आयुक्त जोन-03, पुलिस उपायुक्त जोन-03 और सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तुकोगंज निरीक्षक जितेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। टीम ने 29 जनवरी 2026 को संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए कार्रवाई की। जांच के दौरान बीमा ऑफिस परिसर में एक युवक बुलेट के साथ संदिग्ध अवस्था में बैठा मिला उससे पूछताछ और नंबर प्लेट जांच में सामने आया कि मोटरसाइकिल पर लगी नंबर प्लेट फर्जी है।

जय माता दी
नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रैवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
आयुष क्लिनिक
AYUSH CLINIC ( REG.)
CHOPATI INGORIYA
बवासीर ( खूनी/बादी ) भगन्दर रोग निदान तथा प्रति चिकित्सा समय 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पाइल्स ( बवासीर ) , फिशर , फिश्चुला ( भगन्दर ) पाइलोनीडल साइनस गुदा का बाहर निकलना , गुदा का चर्मरोग आदि गुदा रोगों के निदान तथा चिकित्सा हेतु का आयोजन किया गया है ।
गुदगत रोग के प्रमुख लक्षण — शौच के बाद दर्द होना , खुजली,खून गिरना , मस्सा फूल जाना , गुदा के आस पास फुंसी होना तथा उसमे से पानी ( PUS DISCHARGE ) होना आदि ।
प्रमुख कारण — कब्ज होना , अनुवांशिक , इन्फेक्शन होना , सा प्रसुति के बाद अथवा बार बार दस्त लगना आदि ।
डॉ.दिनेश कुमार जोशी
बी. एस. सी . बी. ए .एम.एस.
*क्षार सूत्र में ट्रेंड* ( पारूल यूनिवर्सिटी )
* क्षार सूत्र में ट्रेंड * ( डॉ. के. वी. एस. राव ) गुरु ( अखिल भारतीय विघापीठ न्यू दिल्ली )
पता => शा. हॉस्पिटल के सामने इंगोरिया चौपाटी ( इंगोरिया )
Contract number
9752438839
9752738839

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

आवश्यकता है
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com